सुप्रभात
रांची, सोमवार
13.05.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024
सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net वैशाख, शुक्ल पक्ष, षष्ठी, संवत 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 298

06 गरीबी उन्मूलन पर गंभीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया

# कड़ी सुरक्षा में झारखंड की चार सीटों पर आज वोटिंग

## जीपीएस से लैस गाड़ियां पोलिंग पार्टियों को ले बूथों पर पहुंची

**पलामू, लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मतदान**

- कई बूथों पर हेलीकाप्टर से भेजे गये मतदानकर्मी
- नक्सल प्रभावित बूथों पर सीआरपीएफ की तैनाती
- चौथे चरण में 64,58,036 मतदाता करेंगे मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** चौथे चरण के चुनाव के तहत 13 मई को झारखंड की चार लोकसभा सीटों पलामू, लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान होगा। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रशासन ने सभी जरूरी तैयारी पूरी कर ली है। मतदान सुबह सात बजे से शाम पांच बजे शाम तक होगा। रविवार को ही पोलिंग पार्टियों और सुरक्षा बल के जवानों को जीपीएस से लैस वाहनों से बूथों पर भेज दिया गया है। लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। नक्सल प्रभावित बूथों पर सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। कई मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से चुनाव कर्मियों को भेजा गया है। चारों लोकसभा में 64,58,036 मतदाता वोट करेंगे। कुल 45 उम्मीदवार मैदान में हैं। आयोग के अनुसार सभी मतदान केंद्रों को मॉडल बूथ बनाया गया है। बूथों पर पर पानी, बिजली सहित सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायी गयी हैं। इन लोकसभा में 519 बूथों की कमान महिलाओं के हाथ, 14 पर दिव्यांगजनों और 7 बूथ की जिम्मेदारी युवा संभालेंगे।



**तमाड़ और मांडर इलाके में कड़ी सुरक्षा :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत रांची जिला के तमाड़ विधानसभा क्षेत्र और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडर विधानसभा क्षेत्र में के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान से पोलिंग पार्टियां रविवार को बूथों के लिए रवाना हो गयीं। मांडर और तमाड़ क्षेत्र के लिए 700 से ज्यादा पोलिंग पार्टियों जीपीएस युक्त वाहनों से क्लस्टर तक भेजी गयीं। जिन वाहनों में इवीएम मशीन के साथ मतदान कर्मियों को भेजा गया है उन वाहनों में जीपीएस लगाया गया है, ताकि रूट डायवर्ट होने पर प्रशासन को जानकारी मिल सके। कोई भी गड़बड़ी न फैला सके इसके मद्देनजर तमाड़ और मांडर समेत अन्य इलाकों में डेढ़ हजार से ज्यादा फोर्स की तैनाती की गयी है। इनमें सीआरपीएफ, एसएसबी, सीएपीएफ, जिला बल, जैप और झारखंड जगुआर शामिल हैं। नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में सीआरपीएफ की तैनाती की गयी है। सभी पुल पुलिए के नीचे बम निरोधक दस्ते के द्वारा गहन जांच की गई है ताकि अगर किसी भी तरह का विस्फोटक हो तो उसे निष्क्रिय किया जा सके।

### दिव्यांग मतदानकर्मी उत्साहित

**लोकसभा** चुनाव कराने के लिए दिव्यांग मतदानकर्मियों को भी लगाया गया है। वे उत्साह के साथ बूथों पर रवाना हुए। पलामू के हरिहरगंज के कटैया बूथ के लिए रवाना हुए सभी चारों कर्मी दिव्यांग थे। दो कर्मी लाठी के सहारे थे, जबकि दो पैर से दिव्यांग होने के कारण खुद से चलने फिरने में सक्षम थे। सभी को बोझ उठाने में तकलीफ तो हो रही थी, लेकिन जोश बरकरार था। इनमें एनएच के खलासी सुरेन्द्र सिंह, पारा शिक्षक गणेश सिंह, रिंकू कुमार एवं अरूण कुमार थे। सुरेन्द्र कई चुनाव करा चुके हैं।



### बॉर्डर की नाकेबंदी फ्लाइंग स्कॉट भी तैयार

रांची से लगी अन्य जिलों की सीमा पर नाकेबंदी कर दी गयी है। अवैध शराब और हथियार को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है। कैश की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। आधा दर्जन फ्लाइंग स्कॉट बनाये गये हैं।

**एयर एंबुलेंस भी तैयार :** उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डा नेहा अरोड़ा ने बताया कि कुल 30,380 मतदानकर्मी मतदान कार्य में लगाये गये हैं। किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए एयर एंबुलेंस जमशेदपुर एयरपोर्ट पर तैयार रखा गया है। पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों के वाहनों की जीपीएस से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के 126 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग की गयी है।

# भाजपा ने झारखंड को सबसे अधिक ठगा

## राज्यहित में गठबंधन को करें वोट : सीएम



### जमशेदपुर के झामुमो प्रत्याशी समीर महंती के पक्ष में सीएम ने पोटका और पटमदा में की चुनावी सभा

**खबर मन्त्र टीम**

पोटका/पटमदा। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और भाजपा ने झारखंड की जनता को सबसे अधिक धोखा दिया और ठगा। इतना धोखा तो किसी अन्य राज्य के साथ नहीं हुआ, जितना हमारे साथ। दस साल में मोदी सरकार ने झारखंड से किया गया एक भी वादा नहीं निभाया। सिर्फ छला और धोखा दिया। साजिश कर चुनी गयी सरकार के यवा सीएम को जेल भेजा। यहां चुनावी सभा में सीएम ने कहा, जब तक 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू नहीं हो जाता है, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। श्री सोरेन इंडिया गठबंधन प्रत्याशी समीर मोहंती के समर्थन में रविवार को पोटका नुननुनी टांड़ मैदान में जनसभा में बोल रहे थे। सभा को मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रत्याशी समीर मोहंती, रामदास सोरेन एवं संजीव सरदार ने संबोधित किया।

**केंद्र ने एक भी वादा पूरा नहीं किया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड को भाजपा ने सबसे ज्यादा ठगा है। झारखंड के आठ लाख पीएम आवास की सूची को रोक दिया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत से झारखंड वासियों को भाजपा के लूट से मुक्ति मिलेगी। झारखंड की खनिज संपदा को लूटने से बचाना है अन्यथा झारखंड धनी राज्य होने के बावजूद झारखंड वासी धनी नहीं बन पायेंगे। सीएम श्री सोरेन ने आरोप लगाया कि भाजपा ने एक भी बादा पूरा नही हुआ। एक समय डबल इंजन की सरकार के समय राज्य में सभी को वर्ष 2022 तक पक्का मकान देने की घोषणा किया, लेकिन केंद्र ने 8 लाख परिवारों के लिए पीएम आवास की राशि रोक दिया। भाजपा वाले चिल्ला चिल्ला कर महंगाई कम करने, विदेश से कालाधन लाकर सभी को 15-15 लाख देने, वर्ष में दो करोड़ बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार देने, महिला सशक्तिकरण सहित कई वायदे किये जो आज तक पूरा नहीं हुआ।

(शेष पेज 11 पर)

### न्यूज डायरी

#### पलामू में धमाका, तीन बच्चे समेत चार की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू के मनातू थाना क्षेत्र में कबाड़ी काटने के दौरान हुए धमाके में तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई है। एसपी रीष्मा रमेशन ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि कबाड़ी में विस्फोट की घटना हुई है। पुलिस की टीम मौके पहुंच गयी है। इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार मनातू थाना के रहेया नौडीहा में कबाड़ी कारोबारी छोटू की दुकान में रविवार को स्क्रैप को काटने में विस्फोट हो गया।

#### गोड्डा में प्रदीप यादव आज करेंगे नामांकन

**गोड्डा ।** कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव सोमवार को गोड्डा से पर्चा भरेंगे। इस मौके पर सीएम चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन सहित कई दिग्गज नेताओं का जुटान होगा। नामांकन के बाद गठबंधन के नेता जनसभा करेंगे। पहले मल्लिकार्जुन खड़गे के आने की बात थी, पर अब वह बाद में आयेंगे। जनसभा में गुलाम अहमद मीर, आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, बन्ना गुप्ता, संजय यादव, सुरेश पासवान, दीपिका पांडेय सिंह, फुरकान अंसारी मौजूद रहेंगे।

#### हजारीबाग में करंट से हाथी की मौत, जांच

**हजारीबाग।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के चुटियारो गांव में बिजली का करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गयी। यहां खेत में लगे टमाटर खाने के लिए हाथी खेत में घुसा था। खेत से निकलने के दौरान हाथी का सूंड़ बिजली की तार में सट गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। हजारीबाग वन विभाग के रेंजर विजय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जांच-पड़ताल की जा रही है।

#### चंपई नाममात्र के सीएम : सीता सोरेन

रांची। दुमका लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने फिर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को निशाने पर लिया है। उन्होंने रविवार को एक्स पर सीएम के लिए भी चिंता जाहिर की है। साथ ही झामुमो में उपेक्षा किए जाने का आरोप भी दोहराया। सीता ने कहा कि चंपई सोरेन को नाममात्र का सीएम बनाकर रखा गया है।

#### पीओके भारत का है इसे वापस लेंगे: शाह

कौशांबी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस नेताओं की पाकिस्तान को लेकर की गयी टिप्पणी के लिए उन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है और इसे वापस लेंगे। उन्होंने कहा, राहुल गांधी कह रहे हैं कि पीओके मत मांगो। राहुल बाबा, अगर आपको परमाणु बम से डरना है तो डरो रहो। हम डरने वाले नहीं हैं, पीओके हम लेकर रहेंगे।

#### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 68200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 86000 रु./प्रति किलो |

# पटना में पीएम का मेगा रोड शो, मोदी-मोदी से गूंजा शहर



### जो राम को लाये हैं हम उनको लायेंगे से गूंजता रहा शहर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की सड़कों से जब पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार का रोड शो गुजरा तो पूरा पटना 'मोदी जिंदाबाद' के नारों और 'जो राम को लाये हैं, हम उनको लाएंगे' जैसे गीतों से गुंजायमान हो गया। मोदी की एक झलक देखने के लिए पूरा पटना रविवार की शाम सड़कों पर उमड़ पड़ा। प्रधानमंत्री का रोड शो भट्टाचार्य रोड से शुरू हुआ। उसके पहले ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री का इंतजार करते रहे। पटना के लिए यह पहला मौका है, जब किसी पीएम ने यहां रोड शो किया। हर कोई पीएम मोदी की एक तस्वीर अपने मोबाइल कैमरे से कैप्चर करने के लिए लालायित दिखे। पटना की सड़कों पर रविवार की शाम होते ही मोदी-मोदी की गूंजने लगा। दिन भर की चार चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद पटना पहुंचे पीएम मोदी ने शाम में रोड शो किया।

(शेष पेज 11 पर)

### बंगाल को मोदी ने दी पांच गारंटी

**इससे** पूर्व पीएम मोदी बंगाल में चार चुनावी सभाओं को संबोधित किया। बैरकपुर में चुनाव प्रचार करते हुए वह उन्होंने कहा, मैं यहां की जनता से पांच वादे करना चाहते हूं। पीएम मोदी ने कहा कि जब तक वह सत्ता में हैं, तब तक वो इंडी अलायंस के मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने बंगाल की जनता से पांच किये। पीएम मोदी ने वादा किया, जब तक मोदी है, धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जायेगा। जब तक मोदी है एससी,एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर पायेगा। जब तक मोदी है राम नवमी मनाने से, भगवान राम की पूजा करने से कोई आपको रोक नहीं सकेगा। जब तक मोदी है राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला, उस फैसले को कोई पलट नहीं पायेगा। जब तक मोदी है सीएए कानून को भी कोई रद्द नहीं कर सकता।

(शेषप पेज 11 पर)




# इडी ने आलम को भेजा समन, 14 को बुलाया

## समन मिला है, जवाब सही समय पर देंगे : मंत्री आलमगीर आलम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को इडी ने समन किया है। उन्हें 14 मई की सुबह 11 बजे इडी ने अपने जोनल कार्यालय में तलब किया गया है। समन पर मंत्री आलमगीर आलम ने कहा है कि उन्हें दो दिन का समय मिला है। इस दौरान आवश्यक कागजात तैयार करेंगे और तभी इडी के समन का जवाब भी देंगे और ईडी कार्यालय भी पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता और गैर-कांग्रेसी दल के लोग भी मेरे चरित्र से वाकिफ हैं। मेरे पीएस और उनके नौकर के यहां इडी की छापेमारी में करोड़ों रुपये मिले हैं। मेरा विभाग रहने के कारण स्वाभाविक है कि इडी मुझे भी पूछताछ के लिए तलब करेगी और ऐसा ही किया गया है।

### छवि बिगाड़ने की कोशिश

श्री आलम ने कहा कि उनकी छवि को खराब करने के लिए कुछ लोग अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं। ग्रामीण विकास विभाग का मंत्री होने के नाते इडी ने छापेमारी के आलोक में हमें समन किया है। हालांकि इडी ने समन में काफी कम समय दिया गया है। ऐसे में कागजात के साथ जवाब बनाने के बाद ही वे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर पायेंगे।

**पीएस के यहां मिले थे 35.23 करोड़ :** मंत्री आलमगीर आलम को उनके पीएस के यहां से मिले 35.23 करोड़ रुपये को लेकर समन जारी किया गया है। गौरतलब हो कि गत सोमवार को मंत्री के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर के ठिकानों पर छापेमारी की गयी थी। छापे में इडी टीम ने 35.23 करोड़ रुपये बरामद किया था। इस मामले में उनके पीएस संजीव लाल और नौकर को गिरफ्तार किया गया है। श्री आलम के करीबी चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में इडी ने छह मई को छापेमारी की थी।

(शेष पेज 11 पर)

# खूंटी, लोहरदगा, पं. सिंहभूम और पलामू में आज मतदान, तैयारी पूरी

भाजपा के दिग्गज अर्जुन मुंडा, बीडी राम, समीर उरांव व गीता कोड़ा के अलावा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, सुखदेव भगत, राजद की ममता भुइयां, झामुमो की जोबा मांझी के भाग्य का फैसला करेंगे मतदाता






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 45 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में ताल ठोंक रहे हैं। पहले चरण में खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में 13 मई को चुनाव होना है। इसके लिये चुनाव आयोग ने तैयारी पूरी कर ली है। इसमें भाजपा के दिग्गज अर्जुन मुंडा, बीडी राम, समीर उरांव व गीता कोड़ा के अलावा कांग्रेस के कालीचरण मुंडा,सुखदेव भगत, राजद की ममता भुइयां, झामुमो की जोबा माझी व निर्दलीय चमरा लिंडा के भाग्य का फैसला मतदाता करेंगे। इसके पहले रविवार को डोर टू डोर कैंपेन खत्म हो गया। वोटिंग के लिए चुनाव आयोग के दिशा.निर्देश पर सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। पोलिंग पार्टियों को हेलीकॉप्टर और अन्य वाहनों से आज संबंधित कलस्टर के लिये कड़ी सुरक्षा के बीच रवाना किया गया। इनमें से कई बूथों पर पोलिंग पार्टियों की हेलीकॉप्टर से रवानगी शनिवार से शुरू हो गई।लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के 11 संवेदनशील बूथों के लिए मतदान कर्मियों को शनिवार को गुमला स्थित एरोड्रम से सेना के हेलीकॉप्टर के जरिए भेजा गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से दो दिन पहले ही मतदान कर्मियों को कड़ी सुरक्षा के बीच क्लस्टरों पर पहुंचाया गया है।

**381 पोलिंग पार्टियों को ले जाने के लिए 63 उड़ान**

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पांच जिलों लोहरदगा,गुमला,पश्चिम सिंहभूम,लातेहार और हजारीबाग के नक्सल प्रभावित इलाकों में 381 पोलिंग पार्टियों को बूथों पर ले जाया जायेगा। इसके लिए हेलीकॉप्टरों को 63 बार उड़ान भरनी होगी। इसके लिए कुल 42 हेलीपैड बनाए गए हैं।

**वोटर टर्नआउट ऐप बताता रहेगा अनुमानित मतदान की स्थिति**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि मतदान को लेकर आम लोगों में तरह.तरह की उत्सुकता रहती है। उनकी उत्सुकता का निराकरण वोटर टर्नआउट ऐप करेगा। ऐप पर जारी डेटा से लोगों को किसी तरह का कोई संदेह नहीं रहेगाए क्योंकि यह पारदर्शी है। उन्होंने बताया कि ऐप पर हर दो घंटे के अंतराल पर अपडेट आता रहेगा। उसमें मतदान की स्थिति की जानकारी मिलती रहेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव वाले संसदीय क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा। उसके ढाई घंटे बाद 9.30 बजे ऐप पर दो घंटे पहले तक के मतदान की अनुमानित स्थिति सार्वजनिक हो जाएगी। यह क्रम हर दो घंटे के अंतराल पर शाम सात बजे तक चलता रहेगा। उसके बाद रात 12 बजे क्लोजअप पोल डेटा दिखने लगेगा। अगले दिन स्क्रूटनी के बाद रात्रि 12 बजे तक फाइनल डेटा ऐप पर दिखने लगेगा।

## तमाड़ और मांडर इलाके में चप्पे चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनाती

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। सोमवार को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गयी है। 13 मई को खूंटी लोकसभा के तमाड़ और लोहरदगा संसदीय क्षेत्र मांडर समेत अन्य इलाकों में वोटिंग है। जिसे देखते हुए तमाड़ और मांडर इलाके में चप्पे-चप्पे पर सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है।

**सीमा पर 1500 बल तैनात**

सोमवार को होने वाले मतदान के दौरान कोई भी उपद्रवी तत्व किसी भी प्रकार से कोई भी गड़बड़ी न फैला सके इसके मद्देनजर तमाड़ और मांडर समेत अन्य इलाकों में डेढ़ हजार से ज्यादा फोर्स की तैनाती की गई है। इसमें सीआरपीएफ, एसएसबी, सीएपीएफ, जिला बल, जैप और झारखंड जगुआर शामिल हैं। नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। आइजी, डीआइजी समेत कई पुलिस अधिकारी मतदान को सुनिश्चित कराने के लिये नक्सल इलाकों में कैंप कर रहे हैं। तैनात पुलिस बल को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे किसी भी हाल में मतदान के दौरान विधि व्यवस्था भंग नहीं होने दें. रांची एसएसपी चंदन सिन्हा के मुताबिक, मतदान के दौरान अगर कोई व्यक्ति विधि व्यवस्था भंग करता है तो उन्हें तुरंत हिरासत में लिया जाएगा। एसएसपी ने ग्रामीण एसपी समेत डीएसपी और सभी थानेदारों को मतदान केंद्र और उसके आसपास इलाकों में गश्त लगाने का निर्देश दिया है।

**बॉर्डर पर नाकेबंदी फ्लाइंग एस्कॉट भी तैयार**

एसएसपी ने बताया कि रांची से लगने वाले दूसरे जिलों की सीमा पर पुलिस के द्वारा नाकेबंदी की गयी है। बिना जांच के किसी भी वाहन को जिले से बाहर नहीं जाने दिया जा रहा है। अवैध शराब और हथियार को लेकर विशेष निगरानी की जा रही है, वहीं कही से भी कैश पैसे की आवाजाही पर नजर रखी जा रही है। एसएसपी के अनुसार आधा दर्जन फ्लाइंग स्कॉट बनाए गए है जो औचक निरीक्षण कर रहे हैं। वोटिंग के दिन और वोटिंग से पहले किसी भी तरह के साजिश का पता लगाने के लिए मानव नेटवर्क को भी एक्टिव किया गया है। जिले में क्विक रिस्पांस टीम को भी एक्टिव किया गया है।

**पुल-पुलिया की हुई जांच**

एसएसपी ने बताया कि तमाड़ जैसे इलाके पूर्व में नक्सल प्रभावित रहे हैं, ऐसे में उन क्षेत्रों में पड़ने वाले सभी पुल पुलिए के नीचे बम निरोधक दस्ते के द्वारा गहन जांच की गई है ताकि अगर किसी भी तरह का विस्फोटक हो तो उसे निष्क्रिय किया जा सके।

## झारखंड में पहले चरण के चुनाव में सिर्फ तीन पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवार

11 उम्मीदवार हैं 12वीं पास, एक उम्मीदवार है सिर्फ साक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। झारखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 45 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में ताल ठोंक रहे हैं। पहले चरण में खूंटी, लोहरदगा, पलामू और सिंहभूम में चुनाव होना है। इन उम्मीदवारों में से सिर्फ तीन उम्मीदवार पोस्ट ग्रेजुएट हैं। इनमें अपर्णा देव भगत, आशा कुमारी रूंडा और सुखदेव भगत शामिल हैं। वहीं एक उम्मीदवार महेंद्र बैठा सिर्फ साक्षर हैं। एडीआर की रिर्पोट में इसका जिक्र किया गया है।

**ये हैं ग्रेजुएट उम्मीदवार :** पहले चरण के चुनाव में ताल ठोंक रहे 16 उम्मीदवार ग्रेजुएट हैं। इनमें अर्जुन मुंडा, अर्पणा हंस, बबिता कच्छप, बसंत लोंगा, बिहारी भगत, ब्रजेश तुरी, चमरा लिंडा, गीता कोड़ा, महादेव चंद्र कुंकल, ममता भुईयां, मारयुनिस तिग्गा, पनमानी सिंह, परदेशी लाल मुंडा, रंजीत भगत, बीडी राम और वृंदा राम शामिल हैं।

**ये हैं आठवीं पास उम्मीदवार :** पहले चरण के चुनावी अखाड़े में किस्मत आजमा रहे छह उम्मीदवार सिर्फ आठवीं पास हैं। इनमें वीर सिंह देवगम, कामेश्वर बैठा, पास्टर संजय कुमार तिर्की, राम वचन राम, सानिया उरांव और स्टीफन किंडों का नाम शामिल हैं।

**ये हैं 10वीं-12वीं पास उम्मीदवार :** पहले चरण के चुनाव में सात उम्मीदवार सिर्फ दसवीं पास हैं। इनमें गिरिजानंदन उरांव, जोबा मांझी, मणि मुंडा, पवन तिग्गा, रामचंद्र भगत, सानन राम और संग्राम मार्डी के नाम शामिल हैं। वहीं 12वीं पास उम्मीदवारों में अर्जुन टोप्पो, विश्वा विजय मार्डी, चित्रसेन सिंकू शामिल हैं।

## खड़गे आज हजारीबाग और चतरा में जनसभा को करेंगे संबोधित

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सोमवार सुबह 9:30 बजे झारखंड पहुंचेंगे और दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष की पहली सभा हजारीबाग के बरही में 10 बजे कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं दूसरी सभा चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के पक्ष में लातेहार के कुंदरी मैदान में 12 बजे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

## देश का सबसे बड़ा घोटाला है मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना : प्रशांत भूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** देश का सबसे बड़ा घोटाला है मोदी सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड योजना और शायद दुनिया का, अभी तक का सबसे बड़ा घोटाला है। चुनावी बॉन्ड से 16,500 करोड़ चंदा जो कंपनियों ने राजनैतिक दलों को दी,जिसके बदले कंपनियों को लाखो करोड रुपये के ठेके / प्रोजेक्ट दिये गए। 16,500 करोड़ के बॉन्ड्स में से 50% (8251 करोड़ रु) केवल भाजपा को चंदा दिया गया। इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले ने भाजपा के भ्रष्टाचार मुक्त भारत जुमले का पर्दाफाश किया है। यह बातें सर्वोच्च न्यायलय के अधिवक्ता प्रशांत भूषण और कॉमन कॉज से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि भरद्वाज ने संवाददातओं से बातचीत के दौरान रविवार को कहीं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने चंदा देने वाले के गुमनामी और चंदे के विवरण को छुपाने के लिए जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, कंपनी अधिनियम और आयकर अधिनियम में संशोधन किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक करार दिया और चुनावी बॉन्ड की आगे की बिक्री पर रोक लगा दी। आगे उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायलय के आदेश के बाद चुनाव आयोग द्वारा बॉन्ड्स के आंकड़ों को सार्वजानिक किया गया। जिसके आधार पर कई पत्रकारों व नागरिकों ने आंकलन व जांच की, इससे रुझान साफ हैं कि कई कंपनियां से जबरन वसूली की गई। वक्ताओं ने कहा कि बॉन्ड्स घोटाले में हुए व्यापक घोटाले का पदार्फाश होना जरूरी है। इसके लिए अदालत की निगरानी में एसआईटी के गठन के लिए कॉमन कॉज और सेंटर फॉर पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन के द्वारा सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है।

## खबर एक नजर में

### झारखंड के पहले चरण के मतदान में जनता इंडिया गठबंधन के साथ : सोनाल शांति

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दावा करते हुए कहा है कि देश में चौथे और झारखंड के पहले चरण मे होने वाले चार लोकसभा क्षेत्रों के मतदान में जनता पूरी तरह से इंडिया गठबंधन का साथ देगी। उन्होंने कहा है कि झारखंड की भोली भाली जनता को जिस तरह से मोदी सरकार ने पिछले एक दशक से ठगा है उसका जवाब उन्हें कल के प्रथम चरण के चुनाव में देखने को मिलेगी। सोनाल शांति ने कहा है कि झारखंड के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों अल्पसंख्यकों सहित समाज के अन्य वर्गो के साथ जिस तरह का सौतेला व्यवहार केंद्र सरकार ने किया है उसका परिणाम भुगतने का समय आ गया है। सरना धर्म कोड,वनों पर अधिकार,जिसकी जितनी भागीदारी,उसकी उतनी हिस्सेदारी के मामले में जनता अपना भरपूर समर्थन खूंटी, सिंहभूम, लोहरदगा और पलामू में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों को देगी और यह सारी लोकसभा सिटे इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि झारखंडी जनता ने अपने मुद्दों का चुनाव कर लिया है और उन्ही मुद्दों पर अपने मत का प्रयोग करेगी। भाजपा के चंदा दो धंधा लो, वोटो के ध्रुवीकरण की कोशिश, बड़े औद्योगिक घरानो की कर्ज माफी, किसानों के आंदोलन के दौरान किसानों की मौत को जनता भूली नहीं है। कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी को सामने रखकर देश के युवा, महिला,किसान अपने मत का प्रयोग खूंटी और लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के साथ सिंहभूम में झामुमो और पलामू में राजद की उम्मीदवार के पक्ष में अवश्य करेंगी।

### कोल इंडिया का मुनाफा 26 प्रतिशत बढ़ा आमदनी 2 फीसदी गिरी, डिविडेंड का तोहफा


**रांची।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने गत 2 मई को वित्तीय वर्ष 24 की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का कंसोलिडेटेड नेट प्रॉफिट 26 फीसदी बढ़कर 8,640 .5 करोड़ रुपये हो गया है। कंपनी ने पिछले साल की समान तिमाही में 6,869 .5 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। कंपनी के शेयरों में आज 0 .23 फीसदी की मामूली गिरावट आई है और यह स्टॉक 453 .25 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। कंपनी का मार्केट कैप 2 .79 लाख करोड़ रुपये है। मार्च तिमाही के दौरान कोल इंडिया का रेवेन्यू करीब 2 फीसदी गिरकर 37,410 .4 करोड़ रुपये हो गया है। हालांकि, इसके बावजूद कंपनी के प्रॉफिट में बढ़ोतरी हुई है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 38,152 .3 करोड़ रुपये का रेवेन्यू दर्ज किया था। इसके अलावा, कोल इंडिया का कंसोलिडेटेड सेल्स भी जनवरी-मार्च अवधि में गिरकर 39,654 .4 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 40,371.5 रु. था। कंसोलिडेटेड सेल्स में 1.8 फीसदी की कमी आई है।

**डिविडेंड की घोषणा :** तिमाही नतीजों के साथ ही कोल इंडिया ने अपने शेयरधारकों के लिए डिविडेंड की घोषणा की है। कंपनी के बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 5 रुपये प्रति शेयर के डिविडेंड को मंजूरी दी। यह कंपनी की ओर से तीसरा अंतरिम डिविडेंड है।

### अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने जेपी नड्डा को लिखा मनोज तिवारी के विरोध मे पत्र

**रांची।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिख कर मनोज तिवारी का विरोध किया है। यह पत्र महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रवींद्र वर्मा के द्वारा लिखा गया है। पत्र के माध्यम से यह सूचित किया गया है कि सांसद मनोज तिवारी द्वारा चंद्रवंशी जाति के अंतर्गत कहार जाति को अपमानित करने का काम किया गया है। इस कार्य के लिए सांसद को सार्वजनिक क्षमा मांगना चाहिए अन्यथा इसके दूरगामी परिणाम होंगे। समय रहते भारतीय जनता पार्टी को मिलजुल कर इस विषय में उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

### लोकसभा चुनाव : झारखंड में मतदान केंद्रों पर 15 हजार 4 डी कैमरे से आयोग करेगा निगरानी



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के चौथे चरण में आयोजित सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू लोकसभा सीट के सभी मतदान केंद्रों पर अंदर व बाहर की ओर 4डी कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। इन सभी कैमरों की वेबकास्टिंग जिला निर्वाचन पदाधिकारी स्तर, मुख्यालय स्तर और भारत निर्वाचन आयोग के स्तर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में होने वाले चौथे चरण के मतदान में लगभग 15 हजार 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग कराई जा रही है। इन सभी कमरों को मतदान केंद्रों पर लगाकर इनके फीड चेक कर लिए गए हैं। इन कैमरों से मतदान केंद्र के अंदर और बाहर हो रही गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसी प्रकार के शिकायत पर इनके फीड चेक करने के लिए व्यवस्थित भी किया जा रहा है।

## कांग्रेस की गलतबयानी के लिये खड़गे मांगे माफी : प्रतुल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड दौरा पर आने वाले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से गलतबयानी के लिये माफी मांगने को कहा है। श्री शाहदेव रविवार को पार्टी के मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले के आदिवासी और ओबीसी विरोध बयान पर माफी मांगे खड़गे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मंत्री के निजी सचिव के सहयोगी के घर से 35 करोड़ रुपए बरामद होने पर खामोशी क्यों। आलमगीर आलम को मंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने राम मंदिर का शुद्धिकरण करने की बात को कहकर आदिवासी और ओबीसी विरोधी रवैया को दिखा दिया है। एक आदिवासी बेटी राष्ट्रपति पद पर और एक पिछड़ा समाज से प्रधानमंत्री इनको पच नहीं रहा है। राम मंदिर के शुद्धिकरण की बात कर रहे हैं और वह भी तब जब हाल ही के दिनों में राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू ने वहां की यात्रा की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऊपर से शुद्धिकरण के लिये जो बहाने बनाये, पर आदिवासी और ओबीसी समाज को अपमानित करने का इनका पुराना रिकॉर्ड रहा है।उन्होंने सरना धर्म कोड पर भी कांग्रेस को घेरते हुये मल्लिकार्जुन खड़गे से जानना चाहा कि जब तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत ने 22 अगस्त 2013 को तत्कालीन प्रधानमंत्री और आदिवासी कल्याण मंत्री से पत्र लिखकर सरना धर्म कोड को लागू करने की मांग की थी। तत्कालीन आदिवासी कल्याण मंत्री वी किशोर चंद्रदेव ने 11 फरवरी, 2014 को जवाब देते हुये कहा था कि सरना धर्म कोड लागू करना प्रैक्टिकल नहीं है। अलग सरना कोड देने से ऐसे सैकड़ो ऐसे अन्य मांग दूसरे धर्म में भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस सरना धर्म कोड लागू करने की मांग करने का नाटक कर रही है। जबकि इनकी ही सरकार ने इसे नकारा था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस रामद्रोही है। यूपीए की तत्कालीन सरकार ने 13 सितंबर, 2007 में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अस्तित्व को सर्वोच्च न्यायालय में एफिडेविट करके नकारा था और रामायण को एक काल्पनिक ग्रंथ बताया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस मुद्दे पर भी अपनी झारखंड यात्रा के दौरान माफी मांगनी चाहिये। उन्होंने कहा कि मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव के सहायक के घर से 30 करोड रुपए की रिकवरी ईडी ने की थी।अभी भी इनपुट के आधार पर लगातार छापेमारी हो रही है और करोड़ों रुपये बरामद हो रहे हैं। अब तो खबरें आ रही है की ईडी ने आलमगीर आलम को 14 मई को बुलावा भी भेजा है। प्रथम दृष्टया सारे तार आलमगीर आलम से ही जुड़े दिखते हैं। तो क्या सुचिता की राजनीति का नाटक करने वाले कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इस मुद्दे पर अपनी खामोशी तोड़ेंगे और जांच पूरी होने तक आलमगीर आलम से इस्तीफा लेंगे। इस अवसर पर अशोक बड़ाइक, तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

## एचईसी का गोल्डन पीरियड वापस लायेंगे : धर्मेंद्र तिवारी

भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट से प्रत्याशी धर्मेंद्र तिवारी ने रविवार को जन संपर्क अभियान के क्रम में कहा कि अगर जनता उन्हें चुनती है तो वह हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन के स्वर्णिम दिन लाने की दिशा में केंद्र पर जबरदस्त दबाव बनायेंगे और एचईसी का खोया हुआ गौरव वापस दिलायेंगे। श्री तिवारी ने कहा कि उनके एजेंडे में एचईसी का कायाकल्प तो है ही। लघु और कुटीर उद्योगों की स्थिति सुधारना भी उनकी प्राथमिकता में है। रांची को इंडस्ट्रियल टाउनशिप के रूप में विकसित करने का आइडिया उनके पास है। छोटे-छोटे जितने भी उद्योग हैं, उन्हें प्रोत्साहित करने की योजना भी है। उन्होंने कहा कि एचईसी की हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। हम एचईसी की समस्याओं का अध्ययन कर चुके हैं और अब उनके समाधान की दिशा में कदम बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आईटीआई ग्रेड पास करके जो लड़के 15-20 हजार की नौकरी के लिये झारखंड छोड़ कर चले जाते हैं, उनको झारखंड में रोकना भी उनका मकसद है। ऐसे नौजवानों को सरकारी स्कीम का फायदा दिला कर झारखंड में ही काम करनेए व्यवसाय करने आदि के बारे में प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री तिवारी डेली मार्केट, हेतु गांव, पटेल पार्क, हरमू मैदान, अपर बाजार, लालपुर में जनसंपर्क कर लोगों को अपने पक्ष में तथा सिलिंडर छाप पर वोट करने का अपील किया।

## चौथे चरण में झारखंड भाजपा के तीन, कांग्रेस और झामुमो के एक-एक सहित चार निर्दलीय करोड़पति

झारखंड में करोड़पतियों की कमी नहीं, करोड़ों के मालिक हैं पहले चरण के 15 उम्मीदवार

**सुधीर**




**रांची।** राज्य में वैसे तो करोड़पतियों की कमी नहीं है। जिधर नजर दौड़ायेंगे, करोड़पति मिल जायेंगे। लोकसभा को चौथे और झारखंड के पहले चरण के चुनाव में ताल ठोंक रहे 15 उम्मीदवार भी करोड़पति हैं। इनमें भाजपा से तीन, कांग्रेस से एक, झामुमो से एक और चार निर्दलीय उम्मीदवारों की संपत्ति एक करोड़ से अधिक हैं। नामांकन में दाखिल किये गये एफिडेविट में किसी ने पति के नाम पर संपत्ति दिखायी, तो किसी ने पत्नी के नाम पर। ज्वेलरी से लेकर जमीन, जायदाद और बैंक खाता में जमा राशि भी इसी तरह से दशार्यी गयी है। एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वॉच की रिर्पोट में इसका खुलासा हुआ है। इन करोड़पति उम्मीदवारों की कुल औसतन संपत्ति करीब 1.75 करोड़ बतायी गयी है।

**रामवचन राम के पास सबसे अधिक संपत्ति :** 18 करोड़ से ज्यादा संपत्ति के साथ पलामू सीट से किस्मत आजमा रहे बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार राम वचन राम के पास सबसे अधिक संपत्ति है। वहीं 16 करोड़ से अधिक संपत्ति के साथ दूसरे नंबर पर खूंटी सीट से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा है। निर्दलीय उम्मीदवारों में खूंटी से पास्टर संजय कुमार तिर्की, लोहरदगा से चमरा लिंडा, पवन तिग्गा, और मारयुनिस तिग्गा भी करोड़पति उम्मीदवारों की सूची में हैं।

### किस सीट से कौन उम्मीदवार हैं करोड़पति

**खूंटी लोकसभा सीट :**

- अर्जुन मुंडा (भाजपा) - 16 करोड़ 56 लाख 55 हजार 057
- अर्पणा हंस (झारखंड पार्टी) - एक करोड़ 85 लाख 64 हजार 229 रुपये
- कालीचरण मुंडा (कांग्रेस) - 54 लाख 07 हजार 803
- पास्टर संजय कुमार तिर्की (निर्दलीय) - 04 करोड़ 20 लाख, 90 हजार रुपये

**लोहरदगा लोकसभा सीट :**

- चमरा लिंडा (निर्दलीय) - दो करोड़ 84 लाख 79 हजार 905
- मणि मुंडा (भागीदारी पार्टी) - एक करोड़ नौ लाख 55 हजार
- पवन तिग्गा (निर्दलीय) - पांच करोड़ 68 लाख 70 हजार 977
- मारयुनियस तिग्गा (निर्दलीय) - एक करोड 18 लाख 95 हजार
- सुखदेव भगत (कांग्रेस) - दो करोड़ 46 लाख 88 हजार 449

**पलामू लोकसभा सीट :**

- ममता भुईयां (राजद) - दो करोड़ 43 लाख 96 हजार 183
- रामवचन राम (बहुजन मुक्ति पार्टी) - 18 करोड 56 लाख 50 हजार रुपये
- सानन राम (लोकहित अधिकार पार्टी) - एक करोड़ 59 लाख 20 हजार रुपये
- बीडी राम (भाजपा) - तीन करोड़ 90 लाख 81 हजार 116 रुपये
- वृंदा राम ( पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया, डेमोक्रेट्रिक) - एक करोड़ 12 लाख 82 हजार 848

**सिंहभूम लोकसभा सीट :**

- गीता कोड़ा (भाजपा) - चार करोड़ 12 लाख 45 लाख 715
- जोबा मांझी( झामुमो) - दो करोड़ 28 लाख 60 हजार 659

# जेल परिसर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, प्रधान न्यायुक्त सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिवाकर पांडे ने रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार का निरीक्षण किया गया। इस दौरान वे पुरुष वार्ड में बंदियों से मिले और कम उम्र के दिख रहे बंदियों से उनके उम्र और केस की जानकारी ली साथ ही महिला वार्ड में बच्चो को दिए जाने वाले पोषाहार के विषय मे भी जाना। इस दौरान जेल अस्पताल का निरीक्षण ,बंदियों को दी जा रही वोकेशनल ट्रेनिंग, विधिक सहायता केंद्र और वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं ई-मुलाकात सेवा कक्ष का भी निरीक्षण किया। इस दौरान जेल में एक विधिक जाकरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आयोजन में सभी विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकार के सम्बंध में जानकारी दी। सदस्य सचिव ने बताया कि जिन बंदियों का जमानत हो गया है,परंतु बेलर के अभाव में कारा में ही है वे जमानत कंडीशन में बदलाव के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन कर सकते है। वैसे सजावार बंदी जिनकी अपील नही हुई है वे भी जेल अपील दाखिल करने हेतु आवेदन दे सकते है। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार मे साथ ही नवगठित कानूनी सहायता रक्षा वकील ( लीगल एड डिफेंस काउंसिल) के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, अवर सचिव झालसा अभीषेक कुमार, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रंजन, आईजी जेल हमीद अख्तर एवं बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार के कर्मचारी और चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल के सदस्य आदि उपस्थित थे।



## जेलकर्मी अवधेश कुमार से पूछताछ आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पदस्थापित पुलिसकर्मी अवधेश कुमार से इडी आज पूछताछ करेगी। इडी ने अवधेश कुमार को सात मई को नोटिस भेजकर 13 मई को इडी के जोनल ऑफिस में उपस्थित होने को कहा था। इससे पहले भी इडी ने अवधेश कुमार को नोटिस भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। छह जनवरी 2024 को इडी ने साहिबगंज में 1250 करोड़ रुपये के अवैध खनन और इसी केस में गवाहों को प्रभावित करने से जुड़े मामले में चार लोगों को समन किया था। मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद पिंटू को ईडी ने 16 जनवरी को पूछताछ के लिए तलब किया था।

### गवाहों को प्रभावित करने के मामले में अवधेश कुमार का नाम आया था सामने

सीएम के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू, साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह और जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह समेत नौ के यहां ईडी ने तीन जनवरी को छापेमारी की थी. जेल से ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में प्रेम प्रकाश के सहयोगी के तौर पर जेलकर्मी अवधेश कुमार सिंह का नाम सामने आया था। बाद में योगेंद्र तिवारी को मदद करने के मामले में अवधेश को निलंबित कर दिया गया था।

## गर्मी छुट्टी में बदलाव को लेकर उपायुक्त से शिक्षक संघ ने किया आग्रह

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। झारखंड प्लस टू शिक्षक संघ जिला इकाई के प्रतिनिधियों ने सोमवार को उपायुक्त से मिलकर गर्मी छुट्टी में बदलाव का आग्रह किया है।

संघ ने उपायुक्त से 21 मई से 3 जून तक के घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय में परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने उपायुक्त को दिए आवेदन लिखा है कि उक्त पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान दुमका लोकसभा चुनाव सम्पन्न होना है। जबकि इस दौरान सभी विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन छुट्टी रहती है। इस अवधि में सभी शिक्षक वर्ष भर के अपने सभी महत्वपूर्ण कार्यों को निपटाते हैं। लेकिन उक्त अवधि में लोकसभा चुनाव रहने के कारण उनकी यह छुट्टी प्रभावित हो रही है। अतः उक्त घोषित छुट्टी में आंशिक बदलाव करते हुए इसे 5 जून से 17 जून करने का आग्रह किया है। प्रतिनिधि मंडल में जिला सचिव वीरेंद्र कुमार, जिलाध्यक्ष नीरज कुमार, कोषाध्यक्ष हरिनंदन दास, प्रमीला अंकिता मुर्मू, मीडिया प्रभारी नवीन कुमार गुप्ता समेत अन्य मौजूद थे।

## मारवाड़ी समाज ने किया मतदाता जागरूकता प्रचार वाहन को रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव मे मतदान देने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन, अग्रवाल सभा, एवं मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा संयुक्त रूप से मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत रविवार को की गई। इस जागरूकता अभियान के तहत महाराजा अग्रसेन भवन से प्रचार प्रसार हेतु एक प्रचार वाहन को शहर में भ्रमण करने हेतु रांची मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, कार्यक्रम संयोजक जितेश अग्रवाल एवं सभी सदस्यों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। उन्होंने बताया कि प्रचार वाहन चुनाव तक शहर के विभिन्न मोहल्लों सुदूर इलाकों में जाकर मतदाताओं को मतदान देने हेतु प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में राष्ट्र हित में मतदाता अपने-अपने बूथों में जाएं और अपना माताधिकार का प्रयोग शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। हम सबों का पहला एवं परम कर्तव्य है कि आपका मत आपका अधिकार है, तथा एक बेहतर देश एवं राष्ट्र बनाने के लिए मतदान अवश्य करे तथा सभी को मतदान करने के लिए जागरूक करें। जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर- रांची मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद कुमार जैन, सज्जन पाड़िया,रमण वोडा,पवन पोद्दार, कौशल राजगढ़िया, कमलेश संचेती,अजय डीडवानिया,विजय खोवाल, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, किशन पोद्दार, नरेश बंका, कमल खेतावत, सुनील पोद्दार, प्रमोद बगड़िया,राजकुमार मित्तल, सौरभ बजाज,मनीष लोधा,अमित चौधरी, सरवन अग्रवाल,अजय खेतान, राजेश कौशिक, किशन अग्रवाल, केदार अग्रवाल, हनुमान बोडिया, के अलावे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन,1700 से ज्यादा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का हुआ वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। श्री कृष्णा प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का अयोजन रविवार को पुंदाग स्थित संस्था के निमार्णाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग सेवाधाम आश्रम के प्रांगण मे किया गया।

समाजसेवी राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगीं एवं पवन पोद्दार के द्वारा 149 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस भंडारे का आयोजन संस्था की वरिष्ठ सदस्या विधा देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। लगभग 1700 से ज्यादा श्रद्धालुओ एवं जरूरतमंदों के बीच श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल,सचिव मनोज कुमार चौधरी, बिजय अग्रवाल,प्रमोद सारस्वत,दिलीप अग्रवाल, प्रेमचन्द श्रीवास्तव (लाला जी) अरविंद अग्रवाल, ओमप्रकाश सरावगी,सज्जन पाड़िया,पवन पोद्दार(ताउ), विष्णु सोनी, मनीष सोनी, गोविन्द अग्रवाल, प्रभाष गोयल विशाल जालान, शिव भगवान अग्रवाल,अंजनी अग्रवाल, शंकरलाल मोदी, धीरज कुमार गुप्ता,आलोक सिंह, रमेन्द्र कुमार पांडेय, चन्द्रदिप साहु महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,सिता शर्मा, बिमला जालान,रमा बाई डोकानिया उर्मिला पाडिया, ललिता अग्रवाल,सुनीता अग्रवाल, सरीता अग्रवाल,उषा मोदी सुधा सुल्तानिया,अमिता जालान शकुंतला देवी एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।




## झारखंड मैथिली मंच का आमसभा संपन्न, विनय कुमार झा बनें अध्यक्ष




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड मैथिली मंच का रविवार को द्विवर्षीय आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम गोसाऊनिक गीत जय जय भैरवि असुर भयाऊनि के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद बाबा विद्यापति के मूर्ति पर पुष्पान्जलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। आमसभा मे पिछले कार्यकाल 2022 -23 एवं 2023-24 का लेखा जोखा आम सभा से ध्वनि मत से पारित किया गया। आगामी दो वर्षो के कार्यकाल के लिए सर्व सम्मति से अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा एवं कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र का चुनाव किया गया। अन्य कार्यकारिणी का गठन वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से बाद में किया जाएगा। नव चयनित अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से मंच के सभी नियमित कार्यक्रम को जारी रखते हुए विद्यापति दलान (भवन) निर्माण को आगे और बढाने के लिए ठोस एवं सकारात्मक पहल करने का संकल्प लेकर कार्य करने के संकेत दिए हैं।चुनाव प्रभारी ब्रज कुमार झा एवं अभय कुमार झा ने संस्था के संविधान के अनुसार लोकतांत्रिक व्यवस्था में आस्था रखैत आगामी सत्र के लेल चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराया। अंत में स्वर्गीय लक्ष्मी नाथ मिश्र एवं लेखा नन्द झा के प्रति श्रद्धाजलि अर्पित की गई। बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष बिनय कुमार झा, महासचिव वैद्य नाथ झा, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार झा, निर्वाचित महासचिव जयन्त कुमार झा, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र, चुनाव प्रभारी ब्रज कुमार झा, अभय कुमार झा , श्रअरूण कुमार झा, नवल कुमार महतो,बाबू लाल झा, मकर चौधरी सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। यह जानकारी भारतेंदु झा ने दी।

## मतदाता जागरूकता के लिए फैशन शो का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रविवार को धरोहर बैंक्वट हाल में इंडिया कल्ट फैशन वीक का आयोजन हुआ। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए हुए प्रतियोगियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया एव देश के विभिन्न हिस्सों से आए दर्शकों ने भी इसकी सोभा बढ़ाई और सभी ने एक मत से वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे का पहले मतदान फिर जलपान का नारा को दोहराकर समर्थन किया। इस अवसर पर समाजसेवी आशुतोष द्विवेदी, डॉ सौरभ चौधरी, विक्की करमाली,शुभम कुमार गोप, कोशल पांडेय, अनमोल गुप्ता, पिया बर्मन,आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन चिन्मय रेडिएंट समर कैंप 2024 का शुभारंभ

बोकारो। चिन्मय विद्यालय में ग्रीष्मकालीन चिन्मय रेडिएंट समर कैंप 2024 का शुभारंभ विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी प्राचार्य सूरज शर्मा उप प्राचार्य नरमेंद्र कुमार शिविर कोऑर्डिनेटर निशांत सिंह एवं उपस्थित गणमान्य ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय सचिव महेश त्रिपाठी ने शिविर में कहा कि शिविर के माध्यम से बच्चे अपने अंदर की प्रतिभा को खुले मन से सीखते हैं। साथ ही कम समय में नई नई तकनीक को उन्हें जानने का अवसर मिलता है। रचनात्मक गतिविधियों में पूरे उत्साह से शामिल होते हैं। विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने सभी बच्चों में उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि शिविर में टीमवर्क मूल्यवान जीवन कौशल के साथ समय का सही सदुपयोग करने एवं इसे सीखने का अवसर प्राप्त होता है।

## नुपुर ने जीता बेस्ट मदर का खिताब

### काजल को दूसरा और भवानी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रविवार को एक्वा वर्ल्ड में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्वा वर्ल्ड की पूरी शाम मां के नाम थी। म्यूजिकल क्विज का भी आयोजन किया गया। इसका थीम मां था। सही जवाब देने वाले सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। आज की शाम का मुख्य आकर्षण बेस्ट मदर प्रतियोगिता थी। इसमें मम्मीयों को अपने बच्चों के साथ रैंप वॉक करना था और बच्चों की पसंदीदा चीजों के बारे में क्वेन आंसर राउंड भी था। नुपुर ने बेस्ट मदर का खिताब जीता। काजल दूसरे स्थान पर रही और भवानी ने तीसरे स्थान को प्राप्त किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातायें अपने बच्चों के साथ आई थी। बच्चों को 2 मिनट में माय मदर इस द बेस्ट प्रतियोगिता के अंतर्गत अपनी मम्मी की खूबियों को बताना था। सभी लोगों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद दिया। इस कार्यक्रम का संचालन एक्वा वर्ल्ड समूह की को चेयरपर्सन डॉ विद्या झा शाहदेव ने किया। मौके पर सुमित, संतोष, धीरज, सत्यप्रकाश, अहसन, आनंद, सरफराज आदि उपस्थित थे।

## महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी में अंतर्राष्ट्रीय नर्सिंग दिवस का आयोजन रविवार को किया गया। हर साल 12 मई को आधुनिक नर्सिंग की जनक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की याद में उनकी जयंती पर दुनिया भर में नर्सिंग दिवस का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष नर्सेज डे की थीम देखभाल की आर्थिक शक्ति विषय पर रखी गई। एसबीयू के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक, कुलसचिव डॉ. विजय कुमार सिंह, प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी तथा उप प्राचार्या मीनल श्वेता ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर और फ्लोरेंस नाइटेंगल को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. गोपाल पाठक ने लॉरेंस नाइटिंगेल की जीवनी और उनके संघर्ष के विषय में विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने नर्सों की देखभाल और उनके त्याग के संदर्भ में अपने अनुभवों को भी उपस्थित श्रोताओं से साझा किया। कुलसचिव डॉ. वी. के. सिंह ने कहा कि नर्स स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ हैं और कोरोना काल में उनके समर्पण को पूरी दुनिया ने देखा है। प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा ने नर्सिंग सेवा से संबंधित अपने अनुभवों को लोगों को बताया। संस्थान के प्रशासक आशुतोष द्विवेदी ने नर्सों के त्याग, निष्ठा और दयालुता का उल्लेख कर गीता में भी उनके कार्यों का उल्लेख होने का जिक्र किया। कार्यक्रम में रंगोली, रोल प्ले, पोस्टर मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जीएनएम तृतीय वर्ष की पिंकी कुजूर और द्वितीय स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की प्रेरणा कुमारी को मिला। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की सुप्रिया कुमारी और द्वितीय स्थान बी.एस.सी प्रथम वर्ष की श्वेता कुमारी को मिला। बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट में प्रथम एएनएम द्वितीय वर्ष के रितु महतो और बीएससी प्रथम वर्ष की साक्षी कोमल रही।

एएनएम द्वितीय वर्ष की शिल्पा रानी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति विजय कुमार दलान समेत डॉ. प्रदीप वर्मा ने शुभकामनाएं दी।



स्पीड न्यूज

## किराना दुकान से अवैध शराब व बीयर बरामद



**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी थाना क्षेत्र के लालगुटवा गांव में पुलिस ने एक किराना दुकान में छापामारी कर अवैध अंग्रेजी शराब और बीयर बरामद किया। गुप्त सूचना पर नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय और दलादिली ओपी प्रभारी अजय कुमार दास पुलिस बल के साथ रात आठ बजे लाल गुटवा बस्ती में एक किराना दुकान में छापामारी किए। जिसमे दुकान में रखे गाडफादर केन बीयर की 102 पीस, किंगफिशर बीयर की 125 बोतलें, बकार्डी 105 बोतल सहित आठ दस शराब की अन्य बोतलें बरामद की गई है। पुलिस छापामारी की भनक लगते ही दुकान चलाने वाली रूतन देवी फरार हो गई।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत

**तमाड़।** थाना क्षेत्र के सारजमडीह स्थित बड़ा तालाब से रविवार को पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। बताया जाता है कि युवक जमशेदपुर का निवासी था जो सारजमडीह नीचे टोली मेहमानी आया था। तालाब में नहाने के दौरान वह गहरे पानी में डूब गया। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा तमाड़ पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पानी से निकाल पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस युवक के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

## विश्व नर्स दिवस डकरा हॉस्पिटल में मनाया गया



**खलारी।** भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सीकेएस के द्वारा विश्व नर्स दिवस के उपलक्ष्य में डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल में मनाया गया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ सीसीएल सीकेएस के द्वारा नर्सो की सम्मानित करते हुए अंगवस्त्र एवम फूल देकर सम्मानित करते हुए नर्सो के महत्व को समझाया गया। तत्पश्चात सभी को लड्डू खिला कर कार्यक्रम को विकिर किया गया। मौके पर जेसीएससी सदस्य मनोज कुमार रजक,क्षेत्रिय सचिव गोबिंद चंद महतो, क्षेत्रिय अध्यक्ष अमर भूषण सिंह, सीसीएल कोषाध्यक्ष रमेश कुमार,चुरी सचिव अध्यक्ष दीपक मंडल,दुती नाथ महतो,पुरनाडिह सचिव राम प्रवेश नायक, केडी एच सचिव अध्यक्ष पिंकु सिंह,प्रमोद पाठक,उमेश यादव, अखिलेश यादव,मनीष कुमार, सहदेव महतो, सेफ्टी बोर्ड सदस्य हरेंद्र कुमार, जितेन्द्र कुमार,अमित कुमार दीपक तूरी, गोलू, अजित, सत्यम मौजूद थे।

# संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक में प्रबंधन की लापरवाही सहित अन्य मुद्दों पर की गयी चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता



**खलारी।** एनके एरिया संयुक्त श्रमिक संगठन की बैठक डकरा में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डी पी सिंह व संचालन मिथलेश कुमार सिंह ने किया। बैठक मे उत्तरीकरपुरा क्षेत्र के सभी परियोजना से आये हुए यूनियन प्रतिनिधियों ने बारी बारी से अपनी क्षेत्र का समस्या रखा। जिसमे प्रमुख रूप से चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले सी सी एल कर्मियों की होने वाली असुविधा के बारे मे चिंता व्यक्त किया गया। जबकि क्षेत्रीय स्तर पर अग्रिम भुगतान की चर्चा तक नहीं की गई है, जो एक गंभीर विषय है। यूनियन प्रतिनिधियों ने तत्काल अग्रिम भुगतान की मांग प्रबंधन से किया। साथ ही संडे पेड हॉलिडे कार्य में हाजरी का सीमा समाप्त करने एवं सभी मजदूरों को समान रुप से कार्य की अनुमति दी जाये। वही प्रबंधन के द्वारा बिना सोचे समझे सीसीएल कर्मचारियों के लिए बनाये गए डकरा, के डी एच, चुरी डिसफेंसरी, चुरी पी ओ बंगला, केडीएच महिला क्लब प्राइवेट कम्पनी को सौपना प्रबंधन की लापरवाही और गोलमाल नजर आता है। सीसीएल प्रबंधन गैर कंपनियों को किसके आदेश पर दिया गया ये अपने क्षेत्र में गलत परम्परा की शुरूआत हुई है। प्रबंधन सभी भवन को खाली कराया जाये क्योंकि जो जिस कार्य के लिए बना है उसका उपयोग उसी के लिए हो, पिने का पानी का घोर अभाव है। वही नियमित रूप से एनके के सभी कलोनी मे पानी चलवाया जाये अन्यथा प्रबंधन स्पष्ट करे की पानी दे सकते है या नहीं। सीआईएसएफ के रहते क्षेत्र मे कोयला चोरी नहीं रुक रही है। जो कई प्रश्नों को खड़ा करती है। इसके आलावा 15 गंभीर मुद्दों पर एन के महाप्रबंधक को लिखित मांग पत्र जल्द ही संयुक्त श्रमिक संगठन द्वार दी जाएगी। बैठक अमर भूषण सिंह, गोल्डन यादव, कृष्णा चौहान, शैलेन्द्र कुमार सिंह, प्रमोद पाठक, दिनेश भर, अरबिंद कुमार, रमेश कुमार सिंह, ध्वजा राम धोबी,राजेंद्र चौहान, अजय चौहान, बूटन चौहान, टुपा महतो, देवपाल मुंडा, उदय कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, प्रधान मुंडा, गोबिंद कुमार साहू, सहित बी एम एस, एच एम एस, एटक, सिटू से संबंधित लगभग सभी यूनियन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## संजय सेठ के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** भाजपा खलारी मंडल के कार्यकताओं ने रांची लोकसभा चुनाव निमित प्रखंड क्षेत्र के बुकबुका पंचायत तथा चूरी मध्य पंचायत के चदराधौड़ा में अपने प्रत्याशी संजय सेठ के पक्ष में तथा केंद्र में एक बार फिर से मोदी सरकार बनाने हेतु जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क के कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में गुजरात के नवसारी जिले की मंत्री सुमित्रा बेन पटेल तथा झारखंड भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संपति देवी ने भी हिस्सा लिया एवम कार्यकताओं के साथ घर घर जाकर लोगों से आगामी 25 मई को कमल फूल के निशान पर बटन दबाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के लोगों में फिर एक मोदी सरकार बनाने का उत्साह दिखा,भाजपा कायकर्ताओ को देखकर कॉलोनी के बच्चे तक फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार का नारा लगाते हुए दिखे। जनसंपर्क अभियान में मंडल के महामंत्री कार्तिक पांडे और अनिल गंझू, मंडल संयोजक रामसूरत यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंशु सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष दिलीप पासवान, महिला मोर्चा महामंत्री ममता केसरी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष मिथिलेश प्रजापति, वरिष्ठ नेत्री किरण देवी, जिला पार्षद सरस्वती देवी, दीपशिखा देवी, सरिता कुमारी, शिव कुमार चौधरी, नीरा देवी, संजीता देवी, सरोज देवी, आनंद सिंह आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित चेकपोस्ट में इंडिया गठबंधन का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंडिया गठबंधन के झामुमो के वरीय नेता नंदकिशोर मेहता,कांग्रेस पार्टी के वरीय नेता सुनील सहाय, अजय शाहदेव कलाम आजाद ने सीता काट किया। मौके पर उपस्थित कार्यकताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि हमें मिलकर रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जितना है कार्यक्रम का अध्यक्षता विनोद तिर्की सहाबीर लोहरा, मंच संचालन शहीद अहमद, धन्यवाद ज्ञापन महेश शर्मा। मौके पर मुख्य रूप से अख्तर अंसारी, उषा देवी, फिरोज अंसारी, बांदे उराव, सुरेश महतो, कृजीवन महतो, तस्लीम अंसारी, नीलम तिग्गा, अनीता तिग्गा, निरुपमा तिग्गा, इकबाल हसन, अनवर अनरुल हक, मोहम्मद सनाउल्लाह, सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में मदर्स डे मनाया गया

**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर में रविवार को मदर्स डे मनाया गया। इस दौरान उपस्थित माताओं का सम्मान के साथ ही माताओं के हाथों केक काटा गया। बच्चों में परि बहन ने नृत्य व भूमि बहन की और से कविताओं की प्रस्तुतियां देकर मां के प्रति अपनी भावनाओं को प्रकट किया। साथ ही आदरणीय भ्राता जगदीश जी के 23वीं पुण्य स्मृति दिवस पर ईश्वरीय साहित्य की उनके द्वारा हिंदी, इंग्लिश व उर्दू भाषा में रचित 200 से अधिक पुस्तकें पर भूमि दीदी ने चर्चा करते हुए उनके विशेषता को विस्तार से बताया। मदर्स डे के अवसर पर ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की नियमित ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने कहा कि सबसे बड़ी मां शिव परमात्मा है जिसने इस संसार की बड़ी सुंदर रचना की और हम सभी आत्माओं, बच्चों को इस सृष्टि रंगमंच पर सुंदर रचना को देखने और खेल खेलने के लिए भेजा।

## सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में विश्व नर्सिंग दिवस का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** कंदरी स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन के तत्वाधान सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रविवार को विश्व नर्सिंग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा तथा बिशिस्त अतिथि संस्थान की अध्यक्ष छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर, शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन सभी अतिथियों ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम मे छात्रों के द्वारा संगीत, नृत्य, नाटक इत्यादि प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने छात्रों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कत्र्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने का संदेश दिया। देश का भविष्य युवाओं पर आश्रित है, इसे संजोकर रखने की जरूरत है। सचिव नितिन पराशर ने कहा कि जिन्दगी भर बीमार और रोगियों की सेवा करने वाली फ्लोरेंस के संघर्ष के कारण आज अस्पतालों मे नर्सो को सम्मानित दर्जा देने के साथ-साथ इस बात पर विश्वास किया जाता है कि रोगी केवल दवाओं से ठीक नहीं होता बल्कि दवाओं से ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर ने कहा कि त्याग व समपर्ण की भावना से लिप्त नर्स हमारा भविष्य है। पूरा जीवन दूसरे की सेवा में समर्पित कर देती है। सरकार ने भी नर्सिंग आफिसर का दर्जा देकर उनको सम्मानजनक स्थान देने का प्रयास किया।

नर्सिंग प्राचार्या निहारिका श्रीवास्तव ने शपथ दिलाते हुए कहा कि किसी मरीज को ठीक करने मे जितना योगदान एक डॉक्टर का होता है उतना ही योगदान एक नर्स का भी होता है। डीन डॉ. उपेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि कोरोना महामारी में नर्सेस के महत्व को समझा गया कि समाज को उनकी कितनी जरूरत है।

## तैयारी पूरी, बेड़ो प्रखंड में मतदान आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव की तैयारी पूरी कर ली गई है। सहायक निर्वाचन पदाधिकारी प्रताप मिंज ने बताया कि पूरे प्रखंड में 107 बूथ है। प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 90 हजार 770 है। जिसमें पुरुष मतदाता 45 हजार 149 व महिला मतदाता 45 हजार 621 है। यहां 472 महिलाएं अधिक है। बूथों को 4 क्लस्टर और 13 सेक्टर में विभाजित कर सफलता पूर्वक चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने प्रखंड के मतदाताओं से भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष भी बनाया गया है। यहां से चुनाव से संबंधित हर गतिविधियों की जानकारी रखी जाएगी। इधर सहायक निर्वाचन पदाधिकारी राहुल उरांव ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए रात्रि में रुकने के लिए सारी विधि व्यवस्था कर दी गई है। प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के सभी बूथों को मॉडल बूथ के रूप में विकसित किया गया है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने-अपने बूथों पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की है। इधर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में बूथ संख्या 231,232 व 233 को सजाया गया है। यहां प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह, शिक्षक अरुण कुमार साहू,सीआरपीएफ की इंस्पेक्टर बेला मिंज,सुशीला देवी,सुमंती प्रसाद,जीवंती मिंज,पंचायत सचिव अमित केरकेट्टा,बीएलओ सरस्वती देवी सहित अन्य वोलेंटियर मतदान केंद्र में शांतिपूर्ण मतदान को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दे रहे हैं।

## बेड़ो के कैरो में दो जंगली हाथियो ने मचाया उत्पात

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के कैरो गांव में शनिवार की देर रात दो जंगली हाथियों की झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। रीता उरांव, पुनई उराव व संजय उरांव के कच्चे घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। वही घर में सो रहे लोग किसी तरह घर से निकल कर अपनी जान बचाई। वही गांव के लोग टीना, बाल्टी, ट्रार्च व मशाल जलाकर हाथी को भगाया तो जंगल किनारे खेतों में चली गई। जहां बंधनू महतो,चमरा उरांव, फिलमोन टोप्पो, अघनु महतो, चुरामन महतो और हिलयारुस टोप्पो के खेतों में लगे खीरा, तरबूज, कददू, टमाटर व शकरकंद के फसल को खाकर व रौंद कर बर्बाद कर दिया। वही पीड़ित परिवार के लोगों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। इधर ग्रामीणों ने जंगली हाथी से निजात दिलाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाई है। वहीं जंगली हाथी का झुंड दिन में घाघरा जंगल में था।

## ओरमांझी में भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

# मोदी की उपलबिधयों से मिलेगी वोट



उद्घाटन के मौके पर आदित्य साहू व रामटहल चैधरी।



कार्यकताओं के साथ राज्यसभा सदस्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को ओरमांझी में भाजपा का चुनावी कार्यालय खोला गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य सह प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू व पूर्व सांसद रामटहल चैधरी द्वारा किया गया। आदित्य साहू कहा जिसके लिए कार्यकर्ता वषोयोजना का लाभ दिलाने व जनसेवा कार्य करती है। समय आ गया अब जनता को गांव-गांव में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना को बताए। किसी से वोट मांगने की जरूरत नही होगी। प्रधानमंत्री की उपलब्धियों पर जनता खूद वोट देगी। वहीं रामटहल चैधरी, विधायक रामकुमार पाहन जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जैलेंद्र कुमार, डा. बिरसा उरांव, जयगोविंद उर्फ लालू साहू, मानकी राजेंद्र मानकी राजेंद्र शाही आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर पूर्व ग्रामीण जिला अध्यक्ष रणधीर चैधरी, प्रमुख अनुपमा देवी, जिप सदस्या सरिता देवी, दिगंबर महतो, प्रभारी बुधराम बेदिया, दिलीप मेहता, सत्यम कुशवाहा रामलखन महतो, अलखनाथ महतो, राजेंद्र चैधरी, अजय साहू, राजकिशोर साहू, शशि मेहता, शशिभूषण साहू, राजधाम साहू, जंगल महतो, अमरनाथ चैधरी, दीपक बड़ाइक, बालक पाहन अरविंद कुमार बबलु, धनंजय महतो, बिरजू महतो व कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

एक नजर में

## संविधान की रक्षा के लिये कांग्रेस को वोट दें : राजेश



**ओरमांझी।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप चुनावी दौरा के तहत रविवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। देर शाम ओरमांझी बाजार पहुंचे विधायक ने ग्रामीणों को इंडी गठबंध के घोषणा पत्र की जानकारी दी, और भारत का संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रत्यासी यषस्विनी सहाय को वोट देने की अपील किया। इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कई सवाल किए गए। सवालों का जबाब देते हुए उन्होने विधायक कोष व राज्य सरकार द्वारा किए गए योजनाओं को जानकारी दी। कहा हमने जो किया वह हम बता रहे हैं। भाजपा जब वोट मांगने आए तो उनसे भी पुछे कि उसने क्या किया। साथ ही कहा आप वोट दें या नही इंडी गठबंधन की सरकार बनी तो सभी को योजनाओं को लाभ मिलेगा। जन संपर्क में विधायक के साथ कांग्रेस वरिष्ट कार्यकर्ता शंकर गुप्ता, सुधा देवी, हरिमोहन महतो सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता शामिल थें।

## ओवर गांव के दो लोगों की सड़क दुर्घटना हुयी मौत से गांव में मातम पसरा

**अनगड़ा।** प्रखंड़ के ओवर गॉव के दो युवकों घासीराम उर्फ गोपाल बेदिया 25 वर्ष तथा प्रमुख बेदिया 35 वर्ष की सड़क दुर्घटना में हुयी मौत से पूरे गांव में शोक और मातम का माहौल है। इन दोनो की मृत्यु रविवार की सुबह करीब चार बजे रिग रोड मे दलादीली चौंक के पास उस समय हो गयी थी जब ये दोनो एक वोर वेल गाड़ी में सवार होकर अपनी कम्पनी वापस लौट रहे थे। बताया गया कि वोर वेल वाहन ने रिंग रोड के किनारे बोर्ड लगे एक पोल को जोरदार टक्कर मारी टक्कर इतना जोरदार था कि दोनो युवक गाड़ी मे हीं चिपक कर रह गये और मौके पर हीं दोनो की मौत हो गयी । वाहन में सात लोग थे लेकिन बाकी लोग सकुशल बच गए । मृतक दोनो पहाड़ी रांची स्थित कावेरी वोर वेल कम्पनी मे कार्य करते थे। रविवार शाम में दोनों के शवों को गाव लाया गया वैसे ही गांव में और उनके परिजनों में चीख पुकार मच गया । बाद में दोनों को ओवर हराबेड़ा शमसान घाट मे अन्तिम संस्कार कर दिया गया ।

## लोहरदगा संसदीय सीट पर आज मतदान

**इटकी।** लोहरदगा संसदीय सीट पर सोमवार 13 मई को मतदान होगा। इस लोकसभा क्षेत्र में मांडर, लोहरदगा, सिसई, गुमला व बिशुनपुर मिलाकर कुल पांच विधानसभा क्षेत्र आते है। चुनाव को लेकर मांडर विधानसभा के इटकी प्रखंड में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान कर्मी मतदान केंद्रों पर पहंच चुके है। इटकी प्रखंड में कुल मतदाताओं की संख्या 40869 है। जिसमे में 20584 महिला व 20285 पुरुष मतदाता है। जबकि कुल 49 मतदान केंद्र बनाये गए हैं। मतदान केंद्रों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतदाताओं के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। जबकि प्रखंड के वन क्षेत्रों के 11 मतदान केंद्रों के लिए दो क्लस्टर बिंधानी व कुल्ली में बनाये गए है। जहां पोलिंग पार्टी व पुलिस बल को ठहराया गया है। इटकी में दो जोनल मजिस्ट्रेट की भी नियुक्ति की गई है। एक बूथ पर चार पोलिंग पार्टी रखे गए है।

## घर में पेड़ गिर जाने से मकान क्षतिग्रस्त

**इटकी।** इटकी प्रखंड के चिनारो पुरियो पंचायत में शनिवार की रात आए आंधी तूफान से करीब आधे दर्जन से अधिक घरों के छप्पर उड़ गये हैं। जब कि एक घर में पेड़ गिर जाने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। मुखिया अनिता देवी से मिली जानकारी के अनुसार सौका गांव के सुकरा लोहरा पिता चुमना लोहरा, इंदिया देवी पति हिन्दुवा उरांव, बंधनी उराइन पति सोमा उरांव, संदीप उरांव पिता ढुलू उरांव, एतवारी देवी पति एतवा उरांव, बिरसी लकडा.पिता जितरा लकडा, सुनिल उरांव पिता डहरू उरांव एवं सुगदा गांव के बेबी देवी पति रामकुमार सिंह के घर का छप्पर आंधी में उड़ गये हैं। वहीं सौका के ही सुनील खलखो पिता जुना खलखो के मकान में पेड़ गिरने से मकान का खपड़ैल छप्पर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे भुक्त भोगियों के समक्ष अत्यंत ही विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत की मुखिया अनिता देवी ने प्रभावित गांव का दौरा कर क्षतिग्रस्त मकानों का मुआयना किया। इस दौरान मुखिया ने पिड़ित परिवारों से मिलकर क्षतिपूर्ति मुआवजा दिलाने की बात कही है।

**Format C-1**

(for candidate to publish in Newspapers, TV)

Declaration about criminal cases

(As per the judgment dated 25 September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 336 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Va. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate:_BIDYUT BARAN MAHATO, KRISHNAPUR, ADITYAPUR INDUSTERIAL AREA, NIT, SARAIKELA KHARSAWAN, PIN-832109

Name of political Party:__BHARTIYA JANATA PARTY___________________

(Independent candidates should write "Independent" here)

Name of Election :_LOKSABHA 2024_______________________

* Name of Constituency:___09, JAMSHEDPUR_______________________

I__BIDYUT BARAN MAHATO______________(name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | CJM, JAMSHEDPUR | SAKCHI PS CASE NO-03/2022 DATED 06/01/2022 | PENDING POLICE BAIL ON 03/04/2024 | U/S-188/269/270/290/IPC AND 51(B) DISASTER MANAGEMENT ACT-2005 |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences-NIL

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum Imposed Punishment |
|---|---|---|---|
| 1 | | | |
| | | | |
| | | | |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned din place of name of constituency.

# किसका पैसा?

राजधानी रांची में राज्य सरकार के एक मंत्री के निजी सचिव के सहायक के घर से करोड़ों रुपये के ढेर बरामद होना, हर नागरिक को परेशान कर गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि यह धन कैसे जुटाया गया होगा और चुनाव के दौरान इसकी क्या भूमिका हो सकती है। लेकिन सवाल यह है कि एक अदने से आदमी के घर इतना धन कैसे पहुंचा? कौन इस खेल के खिलाड़ी हैं? पैसा किसका था? निस्संदेह, ऐसे तमाम सवाल आम नागरिकों को परेशान करते हैं। हालांकि,यह छापेमारी झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता से जुड़े एक मामले में हुई थी, जिसे पिछले वर्ष ईडी ने धन शोधन के मामले में गिरफ्तार किया था। धनशोधन का एक हिस्सा मंत्री के निजी सचिव व उसके घरेलू सहायक से भी जुड़ा था। जाहिर बात है कि सचिव व सहायक तो मात्र मोहरे हैं और बड़े स्तर के संरक्षण के बिना नोटों के अंबार नहीं लगाये जा सकते। आयोग के अधिकारियों का कहना है कि हर रोज सौ करोड़ रुपये मूल्य की बरामदगी हो रही है। नगदी, सामान व नशीले पदार्थ मतदाताओं को बहकाने,भ्रमित करने व लुभाने के लिये ही ले जाए जा रहे थे। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव के दौरान काले धन को सफेद करने की कवायदें खासी तेज हो जाती हैं। इस कालेधन का महज एक छोटा हिस्सा ही चुनाव आयोग और दूसरी नियामक एजेंसियों की नजर में आता है। राजनीतिक दल भी पांच साल तक ज्ञात-अज्ञात स्त्रोतों से अर्जित धन को चुनावी चंदा बताकर मतदाताओं को बहकाने-लुभाने में खर्च करते रहे हैं। बहुत सारे अनैतिक धंधों से जुड़े लोग भी चुनाव के दौरान जीतने वाले राजनीतिक दल या प्रत्याशी को आर्थिक सहायता देकर बाद में मोटा मुनाफा हासिल करते हैं।

# जमानत पर केजरी

शीर्ष न्यायालय के न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अरविंद केजरीवाल को सशर्त यह जमानत दी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि केजरीवाल दिल्ली के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। वे कोई आदतन अपराधी नहीं हैं। कोर्ट का यह भी मानना था कि लोकसभा के चुनाव पांच साल में एक बार आते हैं। ऐसे में केजरीवाल को जमानत देने में कोई हर्ज नहीं है। केजरीवाल को 21 दिन की राहत देकर शीर्ष अदालत ने अपरोक्ष रूप से यही संदेश दिया है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावी मुकाबले में हर दल व नेता को बराबरी का मौका मिलना चाहिए। कथित शराब घोटाला कांड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में केजरीवाल को गत 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। अब केजरीवाल को दो जून को आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देते हुए कहा कि माना उन पर लगाए गए आरोप गंभीर हैं,लेकिन उन पर लगाए गए आरोप अभी सिद्ध नहीं हुए हैं। अदालत ने कुछ शर्तें भी लगाई हैं। इस दौरान केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय और न ही सचिवालय जा पाएंगे। वे अपने केस से जुड़े किसी गवाह से कोई संपर्क करने की कोशिश भी नहीं करेंगे। साथ ही इस दौरान वे किसी फाइल पर साइन नहीं करेंगे। यदि बहुत जरूरी हुआ तो उप राज्यपाल की अनुमति से ऐसा कर पाएंगे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अपनी भूमिका के बारे में कोई बयानबाजी न करें। बहरहाल, शीर्ष अदालत के इस फैसले के बाद आम आदमी पार्टी तथा इंडिया गठबंधन के लिये चुनाव प्रचार अभियान में तेजी आने की उम्मीद जतायी जा रही है।प्रवर्तन निदेशालय का तर्क था कि चुनाव प्रचार किसी व्यक्ति का मौलिक अधिकार नहीं है।

# परहित सरस धर्म...

## विचार-प्रवाह

**सुदर्शन**

**यदि** जीवन का उद्देश्य केवल अपने पेट का भरण-पोषण होता तो संभवतः विश्व में सभ्यता और संस्कृति का पतन हो गया होता। संस्कृति का मूलाधार उन तपस्वियों और मनीषियों के जीवन का त्याग है जिन्होंने अपना समस्त जीवन ही संसार के सत्य को जानने के लिए अर्पित किया है। अतः स्पष्ट है कि वास्तव में संस्कृति की पवित्र धारा सदैव जन-कल्याण और लोक-मंगल की भावना से युक्त रहती है।

ज्ञान की द?ष्टि से विचार करें तो अपने-अपने जीवन का पालन करना सभी का कर्तव्य है यदि मनुष्य अपने हित के अतिरिक्त दूसरों के हित की भी सोचे तो वह मानवता का धर्म है। जो अपने हित की परवाह किए बिना दूसरों की भलाई के लिए तत्पर रहता है और अपना जीवन भी न्योछावर कर देता है वह सच्चे अर्थों में देवता बन जाता है। वेद व्यास जी ने सभी पुराणों का सार इन शब्दों में प्रकट कर दिया है :-

**अष्टादश पुराणेषु व्यासस्य वचनद्वयम ?।**
**परोपकारः पुण्यायः पापाय परपीडनम ?॥**

अट्ठारह पुराणों की रचना करने वाले व्यास जी ने उन सबका सार दो शब्दों में ही कह दिया कि दूसरों की भलाई ही पुण्य है और दूसरों को कष्ट देना ही पाप है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने इस भावना को, समस्त धर्मों के सार को इस चौपाई में स्पष्ट कर दिया है :-

**परहित सरिस धर्म, नहीं भाई।**
**परपीड़ा सम नहिं अधमाई॥**

जब प्राणी सभी के प्रति अपने धर्म को पहचानता है तो यहीं उसकी विश्व दृष्टि हो जाती है। वह ह्यस्वह्ण और पर की भावना से अलग हो जाता है और सारा विश्व ही उसे अपना परिवार जैसा दिखाई देता है।

## कार्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### आंकड़ों की बाजीगरी

**वह** विश्व स्वास्थ्य संगठन की भारत में कोरोना के आंकड़ों की रिपोर्ट के प्रति विश्वास और अविश्वास दोनों साझा करती है। याद करें कोरोना की दूसरी लहर में, जब अस्पतालों, छोटे-छोटे दवाखानों और डॉक्टरों के यहां कतारें लगी थीं। ऐसे में आंकड़ों में हेरफेर निश्चित रूप से संशय पैदा करता है। वैसे कोरोना महामारी का मुकाबला भारत ने बेहतर ढंग से किया है। **-अमृतलाल मारू, रांची**

### हिन्दूत्व पर चिंतन

1947 से, धर्मनिरपेक्ष राजनेताओं ने हिंदू वोटों को विभाजित करते हुए मुस्लिम वोटों को एकजुट करने का प्रयास किया है, एक चाल जिसका इस्तेमाल उन्होंने अल्पसंख्यकों से 20 फीसद तक अप्रत्याशित वोट हासिल करने के लिए किया, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि हिंदुओं को जाति, भाषा, प्रांत, क्षेत्र, राज्य आदि के आधार पर विभाजित किया जा सकता है। **- रवि,रांची**

# गरीबी उन्मूलन पर गंभीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया




भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपये का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना (ऊ्रीू३ ईील्लीा३ ळ१ंल्लशी१ ु्रै) को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपये की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यतः नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी।

अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपये की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपये की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती।



- पी सबनानी

> भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है।

अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है। इस प्रकार, भारत का गरीब वर्ग भी इन बैंक खातों के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त 50 करोड़ से अधिक बचत खातों में 50 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, अर्थात अब भारतीय महिलाएं, ग्रामीण महिलाओं सहित, भी आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं।

भारी मात्रा में खोले गए इन बचत खातों के माध्यम से गरीब वर्ग के नागरिकों का बैकिंग सम्बंधी इतिहास भी धीरे धीरे विकसित हो रहा है, जिससे इस वर्ग के नागरिकों को बैंकों द्वारा ऋण प्रदान करने में आसानी होने लगी है। केंद्र सरकार द्वारा बैकों के माध्यम से लागू की जा रही विभिन्न प्रकार की ऋण योजनाओं का लाभ भी अब गरीब वर्ग को मिलने लगा है। कोरोना महामारी के तुरंत बाद जब देश में स्थितियां सामान्य बनने की ओर अग्रसर हो रहीं थीं तब केंद्र सरकार ने खोमचा वाले, रेहड़ी वाले एवं ठेलों पर अपना सामान बेचकर छोटे छोटे व्यवसाईयों द्वारा अपना व्यापार पुनः प्रारम्भ करने के उद्देश्य से एक विशेष ऋण योजना प्रारम्भ की थी।

इस योजना के अंतर्गत उक्त वर्णित छोटे छोटे व्यवसाइयों को बैंक द्वारा आसानी से ऋण प्रदान किया गया था क्योंकि इस वर्ग के नागरिकों के पूर्व में ही बैकों में बचत खाते खुले हुए थे। बैकों द्वारा यह ऋण बगैर किसी व्यक्तिगत गारंटी के प्रदान किया गया था। और, हजारों की संख्या में छोटे छोटे व्यवसाईयों ने निर्धारित समय सीमा में इस ऋण को अदा कर, पुनः बढ़ी हुई राशि के ऋण बैंकों से लिए थे और अपने व्यवसाय को तेजी से आगे बढ़ाया था। बैकों में खोले गए बचत खातों से गरीब वर्ग को इस प्रकार के लाभ भी हुए हैं।

समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीबतम व्यक्तियों को भी इस योजना का लाभ मिला है। आजादी के लगभग 70 वर्षों के बाद भी भारत के 50 प्रतिशत नागरिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ अर्थात बैकों से नहीं जुड़े थे। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाताधारकों को प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ भी भारी मात्रा में नागरिकों ने उठाया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 15.99 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का जीवन बीमा केवल 436 रुपये के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 33.78 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 48 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। अटल पेंशन योजना से 5.20 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 40.83 करोड़ नागरिकों को ऋण प्रदान किया गया है

## खास बात

### हमास का दुराचार भूलते अमेरिकी छात्र

**इंजीनियर राजेश पाठक**

युद्ध की जमीन तैयार करने वाले हमास के दुराचारों को भूल अब फिलिस्तीनीयों के प्रति यही सहानुभूति अमेरिका की यूनिवर्सिटीज के लेफ्टिस्ट और जिहाद प्रेरित विद्यार्थियों के दिल में जगह बना चुकी है। संवेदनाएं इजराइल के विरुद्ध इतनी विस्फोटक रूप में बदलीं की येल , कोलंबिया, हार्वर्ड, कैलिफोर्निया सहित देश की 21 यूनिवर्सिटीज को इसकी जद से बाहर कैसे निकलें सूझ नहीं पड़ रहा। उन्मादीयों ने फैसला सुनाया है कि इजराइल से अमेरिका समस्त प्रकार के सम्बन्ध खत्म करे।

चीन से सांठगांठ कर कतर जैसे देश और सोरोस ने अपनी तिजोरी खोल रखी है। फिर डेमोक्रैट बाइडेन तो ये कह कर फुर्सत पा ही चुके हैं कि अवैध घुसपैठ नहीं रुकी तो एक दिन ऐसा आएगा कि अमेरिका की शक्ल न पहचान पाने की हद तक बदल चुकी होगी। आज के दौर में अब यही वामपंथी अमेरिका को ईसाई धर्म से दूर ले जाने के उद्देश्य से नैतिक-अनैतिक सभी साधनों का भरपूर उपयोग कर रहें हैं। लेकिन यदि वे अब दूसरी बार जीतकर व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो उनका एक लक्ष्य ईसाई मूल्यों की इन वामपंथियों से रक्षा कर मजबूती से स्थापित करने का भी रहेगा।ट्रम्प की चेतावनी बेवजह नहीं। देश की बाकी यूनिवर्सिटी की तरह शिकागो में हालत ये हैं कि यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग और उसके परिसर में गुजरने वाले मार्गों को तहसझनहस कर दिया गया है। फिलिस्तीन समथकों ने इजराइल के झंडे उतार कर अपने झंडे लगा दिए हैं। दूसरी ओरयूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, वहीं संस्थान को अनुशासन और सुरक्षा भी चाहिए। चौंकाने वाली बात ये है कि पुलिस की छापेमारी में इस संस्थान के अंदर से भड़काऊ साहित्य बाहर निकलकर आ रहा है। न्यूयॉर्क, कोलंबिया और कैलिफोर्निया में जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें से आधे घुसपैठिया हैं। इनका पढ़ाई से कोई संबंध नहीं निकला।वो केवल मजहब के वास्ते यह जमा थे। आज स्थिति ये है कि लगभग 80 कालेजों में अपना ठिकाना बना लिया।

**सच** बोलना देशभक्ति है, देशद्रोह नहीं।
सच कहना देश प्रेम है, देशद्रोह नहीं।

सच सुनना राजधर्म है,
सच कुचलना राजहठ है।
डरो मत!

- **राहुल गांधी, सांसद**

## आपके X ट्वीट

मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि तपती गर्मी के बावजूद इतनी विशाल संख्या में परिवारजन मुझे आशीर्वाद देने आए हैं। जोहार पलामू, जोहार झारखंड!

**-नरेन्द्र मोदी**





इस देश में तानाशाही शक्तियां लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनी गई विपक्षी दलों की सरकारों के लिए खतरा बन रही हैं, उन्हें सत्ता से बेदखल करने का प्रयास किया जा रहा, उसे रोकने की जिम्मेदारी आप सभी की है।

**- चंपई सोरेन, सीएम**

# बेटी की परवरिश और जिले की जिम्मेवारी से जूझती अधिकारी

**राजकुमार**

मदर्स डे है और उन सभी माताओं का दिन है जो अपने बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर देती हैं। कोडरमा की उपायुक्त मेघा भारद्वाज के रूप में एक ऐसी मां की कहानी बताएंगे, जो अपनी 16 महीने की बेटी के पालन-पोषण के साथ-साथ कोडरमा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने में लगातार लगी हुई हैं। मां को किसी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, मां के प्यार के आगे भगवान भी झुक जाते हैं। शब्द भले ही छोटा लगे, लेकिन इसमें दुनिया बसती है। आज मदर्स डे है, उन सभी माताओं को सलाम जिन्होंने पूरा दिन घर पर रहकर अपने बच्चों की परवरिश में बिताया, वहीं कुछ माताओं ने अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने बच्चों की भी परवरिश की। 2016 बैच की आईएएस मेघा भारद्वाज कोडरमा की 24वीं उपायुक्त के रूप में जिले को विकास के पथ पर आगे ले जा रही हैं, साथ ही अपनी 16 माह की बेटी सिया की भी अच्छे से परवरिश कर रही हैं। मेघा भारद्वाज के पति आईएएस लोकेश मिश्रा फिलहाल खूंटी के डीसी हैं। मेघा भारद्वाज हजारीबाग एसडीओ, पलामू डीडीसी और संयुक्त सचिव के पद पर रहने के बाद अब कोडरमा जिले की कमान संभाल रही हैं। उन्होंने देश की सभी माताओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बेटी के जन्म के बाद उन्हें अपनी मां और मां के प्यार को करीब से समझने का मौका मिला। बेटी को खाना खिलाना, उसके लिए लोरी गाना और उसके साथ खेलना दिन भर की सारी थकान दूर कर देता है।



डीसी मेघा भारद्वाज ने बताया कि पिछले 6 महीने से जब भी वह अपने सरकारी आवास से बाहर होती हैं तो अपनी बेटी से मिलने का इंतजार करती हैं। अपनी बेटी से मिलने की इच्छा उन्हें कम समय में अधिक काम करने की ऊर्जा देती है, जो एक सकारात्मक पहलू है। उन्होंने बताया कि इस समय चुनावी माहौल में काफी काम है, ऐसे में अगर उन्हें समय नहीं मिलता तो वह अपनी बेटी सिया को अपने ऑफिस बुला लेती हैं और वहां उसके साथ कुछ समय बिताने के बाद अपने काम में लग जाती हैं। डीसी मेघा भारद्वाज की अनुपस्थिति में सिया की देखभाल मुन्नी करती हैं, जो उनके साथ उनके आवास में रहती हैं। घर से निकलते समय डीसी पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी बेटी को मुन्नी को सौंपकर चली जाती है, जो दिन भर उसका खूब ख्याल रखती हैं।

मुन्नी ने बताया कि मैडम को समय कम मिलता है, लेकिन वह अपने काम से जो भी समय निकाल पाती हैं, वह सारा समय अपनी बेटी के साथ बिताती हैं. एक मां का अपने बच्चों के प्रति प्यार और समर्पण को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, लेकिन जिस तरह से उपायुक्त मेघा भारद्वाज पूरे जिले की बागडोर संभालते हुए अपनी बेटी सिया का ख्याल रखती हैं. वह भी मां का एक अलग ही रूप और समर्पण प्रतीत होता है।

# जाति के बंधन से विकास को गति देना कठिन होगा

**रविरंजन**

**देश** के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बिहार राज्य के साथ एक दुर्भाग्य भी जुड़ता चला जा रहा है। जिस राज्य से महात्मा गांधी ने अंग्रेजों से आजादी के अपने अभियान को शुरू किया था। जिस राज्य की धरती से 70 के दशक में भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ एक अभियान शुरू हुआ था, वही बिहार अब विकास के पायदान में सबसे पीछे रहने के लिए अभिशप्त है। बिहार की जनता ने अपने नेताओं को सर-माथे पर बैठाने से कभी गुरेज नहीं किया। बिहारी जनता ने जिस नेता को भी प्यार दिया, भरपूर दिया। जब कांग्रेस के साथ रही तो पटना से लेकर दिल्ली तक के तख्त पर बैठाने में अपना योगदान दिया। जब सामाजिक न्याय के नारे पर भरोसा कर लालू यादव को सत्ता थमाई तो पटना से लेकर दिल्ली तक लालू यादव का अलग ही जलवा हुआ करता था। लालू राज के बाद बारी आई नीतीश कुमार की और नीतीश कुमार ने भी एक दौर में न केवल समता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड बल्कि भारतीय जनता पार्टी जैसे राष्ट्रीय दल को भी अपनी मर्जी से चलाया।

लेकिन ऐसे बिहार का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है कि यहां के नेता विकास की कम और जाति की बात ज्यादा करते हैं। आरोप लगाया करते थे।

1990 के बाद बिहार में एक बड़ा राजनीतिक परिवर्तन हुआ जिसे लाने वालों ने इसे सामाजिक न्याय का नाम दे दिया। यह दावा किया गया कि बिहार में सदियों से जो सामाजिक स्तर पर भेदभाव किया गया, उसे बदलने का अब सही वक्त आ गया है। 1990 में लालू यादव पहली बार जनता दल के नेता के तौर पर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बिहार के मुख्यमंत्री बने थे। इसके बाद शुरू हो गया मंडल और कमंडल का दौर। इन दोनों ने देश के साथ-साथ बिहार की राजनीति को भी बुरी तरह से प्रभावित कर दिया।

बिहार जातीय हिंसा और तनाव के एक ऐसे गहरे कुंए में फंस गया जिसने बिहार को बर्बाद कर दिया। प्रतिभाओं का पलायन होने लगा और फिर इस लालू राज को जंगल राज बताते हुए लालू के सबसे करीबी रह चुके नीतीश कुमार ने 1994 के बाद से ही भाजपा के सहयोग से लालू विरोध का बिगुल बजा दिया। हालांकि उन्हें कामयाब होने में 11 साल लग गए। 2005 में उन्होंने लालू और उनकी पत्नी के राज का अंत कर बिहार के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

उनके 5 साल के पहले कार्यकाल में विकास की बयार बहुत तेजी से आगे बढ़ी लेकिन बाद में यह रफ्तार थम गई और ऐसा साफ-साफ नजर आने लगा कि अब नीतीश कुमार का भी सारा ध्यान वोट बैंक को मजबूत कर चुनाव दर चुनाव जीतना भर रह गया। पिछले 16 वर्षों से नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं लेकिन कभी उन्हें दलित-महादलित का कार्ड खेलना पड़ता है तो कभी पिछड़ी जातियों का राग अलापना पड़ता है।

बिहार का दुर्भाग्य देखिए कि पिछले 31 सालों से सामाजिक न्याय का नारा बुलंद करने वाले लोगों का ही शासन है, जिनका लक्ष्य बिल्कुल स्पष्ट था कि उन्हें विकास की दौड़ में पिछड़ चुकी जातियों को आगे लाना था।

हर तरह से दलित, पिछड़े लोगों का विकास करना था लेकिन विडंबना देखिए कि 31 साल तक बिहार पर राज करने के बाद भी उन्हें देश के प्रधानमंत्री के सामने जाकर गुहार लगानी पड़ती है कि जनगणना में पिछड़ी जातियों की भी गणना करवा दीजिए ताकि उस आधार पर हम आरक्षण बढ़ाने की मांग कर भविष्य में कर सके।

भी अपने वोट बैंक को मजबूत कर सकें। दिलचस्प तथ्य तो यह है कि प्रधानमंत्री से मिलने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के अलावा बिहार और देश पर दशकों तक राज कर चुके कांग्रेस नेता, वर्तमान में देश और बिहार पर राज करने वाले भाजपा नेता, जाति-धर्म की राजनीति से अपने आपको ऊपर मानने वाले लेफ्ट के सभी घटक दलों के नेताओं के साथ-साथ ओवैसी की पार्टी के विधायक भी शामिल थे। मतलब वोट बैंक के बंटवारे के इस दौर में कोई भी पिछड़ना नहीं चाहता।

## स्पीड न्यूज

### बीएमएस ने मनाया नर्स दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बरका-सयाल प्रक्षेत्र के सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल भुरकुंडा में रविवार को सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ से सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ ने विश्व नर्स दिवस मनाया । संगठन के सदस्यों द्वारा रजनी गुलाब एक्का, शिशिर डे, रेखा कुमारी, सुमन नाथ, नेहा मिंज, शालिनी बारला, नेहा हेवरेगे, रजनी कुजूर ने नर्सों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मिठाई का पैकेट देकर नर्स बहनो को दी बधाई। मौके पर संतोष पांडेय, नौशाद आलम, रंजन, राजेन्द्र, फारूक रजा सहित समस्त अस्पतालकर्मी मौजूद थे।

### सेवा मंच ने गरीबों को खिलाया खाना



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच ने प्रत्येक सप्ताह की भांति इस रविवार को भी साप्ताहिक हाट भुरकुंडा में दूर-दराज ग्रामीण क्षेत्रों से दातुन-पत्तल बचने आये गरीब-असहायों को भोजन कराया। 150 गरीब-जरूरतमंदों के बीच पुरी-चना का वितरण करते हुए मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है, ऐसे नेक व सामाजिक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में उमाशंकर जायसवाल, उदयभान दुबे, प्रो. रामानुज सिंह, सुकरा करमाली, लखन राम, लालू उरांव, इम्तियाज अली मो. शाहिद आदि का विशेष योगदान रहा।

### संत निरंकारी मंडल में मना मदर्स डे



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** संत निरंकारी मंडल भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में सत्संग भवन में रविवार को मातृ दिवस पर सत्संग का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता शाखा मुखी अशोक कुमार चौहान ने किया। चौहान ने मातृ दिवस पर सभी माताओं को नमन करते हुए अगर मां ना होती तो मैं भी नहीं होता। उन्होंने तमाम लोगों से उठते-बैठते सोते-जागते मां का सम्मान करने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि अपने प्राणों की आहुति देकर भी मां का एहसान नहीं चुकाया जा सकता। मौके पर अमन चौहान, वकील राणा, सुरजीत सिंह, जगदेव मुंडा, जगदीश यादव, तुलेश्वर करमाली, तुषार, किरण देवी, राजकुमारी देवी, मुकुलता देवी, पुष्पा चौहान, कौलेश्वरी देवी, बिना देवी, लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, सुशीला देवी, ममता देवी सहित दर्जनों महिला-पुरुष शामिल थे।

### मंडा पूजा को लेकर कमेटी गठित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कुरसे महादेव मंदिर परिसर में रविवार को कुरसे के ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में मंडा पूजा के सफल आयोजन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इसकी अध्यक्षता महेश सिंह एवं संचालन जनार्दन मुंडा एवं वीरेंद्र यादव ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस वर्ष का मंडा पूजा 28 मई की रात में मंडा पूजा जागरण किया जाएगा। वहीं 1 को पाठ विवाह होगा। जबकि 9-10 जून को मंडा पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा की सफलता को ले मंडा पूजा समिति का गठन किया गया। जिसमें ग्रामीणों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष सनी सिंह, सचिव संतोष कुमार यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र तुरी को चुना गया। मौके पर धनेश्वर यादव, सहदेव ठाकुर, राणा प्रताप सिंह, प्रभु तुरी, दिनेश सिंह, राजकपूर सिंह, फुलेश्वर तुरी, हरिचरण करमाली, जयलाल सिंह, जगन्नाथ मुंडा, कमलनाथ मुंडा, शंभू मुंडा आदि मौजूद थे।

### ट्रेलर की चपेट में आने से एक घायल



गोला(रामगढ़)। गोला थाना क्षेत्र के डीवीसी चौक के पास रविवार की सुबह लगभग 10.00 बजे के आस पास एक ट्रेलर गाड़ी की चपेट में आने से बरलांगा थाना क्षेत्र के नावाडीह गाँव निवासी गुजना नायक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रेलर गाड़ी सिल्ली से रामगढ़ की ओर जा रही थी। गोला थाना प्रभारी हरिपद टुडू ने एंबुलेंस ने घायल व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा हेतु गोला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों के द्वारा घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति के दोनों पैर बुरी तरह से जख्मी हो गये है। घटना के पश्चात गोला पुलिस के द्वारा गाड़ी सहित चालक व खलासी को पकड़कर थाना लाया गया है।

# मोदी की सभा को सफल बनाने पर जायसवाल ने जनता को दी बधाई

## कहा- तीसरी बार प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बनेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा और चतरा लोकसभा के संयुक्त महाविजय संकल्प सभा को लेकर शनिवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड स्थित मुरबे मैदान में पहुंचे थे। यहां मंच पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को उनके करीब बैठे हुए देखा गया। इस चुनावी सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार मनीष जायसवाल से बात करते हुए देखे गए।

कयास यह लगाया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनीष जायसवाल से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चुनावी स्थति का जायजा लिया और उन्हें चुनाव में जीत के कई गुरुमंत्र भी दिए। पीएम मोदी का आशीर्वाद पाकर सभा के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल नए उत्साह से लबरेज दिखे और उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि सबसे लोकप्रिय नेता का आगमन ही हमारे मनोबल को बढ़ाता है लेकिन उनके इस सभा में लाखों की संख्या में उमड़े भीड़ ने यह जता दिया है कि देश मोदीमय है और तीसरी बार प्रचंड मतों से मोदी सरकार बनेगी ।

मनीष जायसवाल ने सिमरिया में पीएम नरेंद्र मोदी की चुनावी सभा को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के तमाम एनडीए गठबंधन के कार्यकर्ताओं, आम- जनता, मोदी समर्थकों को बधाई देते हुए आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का यह असीम प्रेम, स्नेह, आशिर्वाद और समर्थन से ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी ।



# झापा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने दारू प्रखंड में चलाया जनसंपर्क

खबर मन्त्र संवाददाता

**दारू।** झारखंड पार्टी हजारीबाग के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा ने दारू प्रखंड के दारू चौक, दारुडीह, जबरा, बड़का इरगा, बढ़वार, पिपचो, सुल्तानी हरिजन टोला,भटभिघा, बासोबार, पेटो और हरली रामदेव खैरिका, गोपलो, कवालु में सघन चुनावी जनसंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर काफी संख्या में पुरुष युवा वर्ग और महिला तथा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल रहे। सभी ने एक स्वर में झारखंड पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा को समर्थन करने का संकल्प लिया, कहा कि राष्ट्रीय पार्टियों को हमने हर बार अपने वोट की ताकत से जीत दिलाई और लोकसभा में भेजने का काम किया मगर हमारी समस्याएं जैसी की तैसी बनी हुई है। राष्ट्रीय पार्टियों से टिकट लेकर चुनावी मैदान में उतरते हैं और हर बार बड़े बड़े लोकलुभावन चुनावी वादे कर बड़े-बड़े सपने दिखाते हैं मगर धरातल पर हम लोगों को कुछ भी हासिल नहीं होता।

राजकुमार कुशवाहा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि झारखंड पार्टी झारखंड की माटी की पार्टी है झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी है और हमें लगता है कि झारखंड पार्टी ही हजारीबाग लोकसभा सहित झारखंड का विकास कर सकती है। आप सभी के आशीर्वाद और जनसमर्थन से लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान हमें जिस प्रकार से जनता का जनसमर्थन और आशीर्वाद लगातार मिल रहा है हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि भारी बहुमत के साथ जीत दर्ज करेंगे। क्योंकि क्षेत्रीय पार्टी को लोगों ने विकल्प के रूप में स्वीकार करना शुरू कर दिया है इस बार के लोकसभा चुनाव में जनता क्षेत्रीय पार्टी झारखंड पार्टी को ही अपना आशीर्वाद देगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा, जिला सचिव मो. हसन (बाबू) जिला संयोजक नारायण कुशवाहा, सागर सोनू, सुरेश कुमार , मुकेश कुमार,श्रवण सुंडी, निरंजन यादव, हरि साव, विकाश कश्यप, अमित कुमार,किशोरी प्रसाद, कुणाल कुमार, मो. अताउल्लाह, मो. हसन,प्रकाश कुशवाहा, मो. साबिर, आदि शामिल थे।



## सरौनी में बिजली के करंट लगने से एक हाथी की मौत



**दारू।** सरौनी में रविवार सुबह करीब चार बजे बिजली की करंट लगने से एक हाथी की मौत हो गई। शनिवार रात्रि को वन विभाग के कर्मचारी हाथियों को भगाने की कोशिश कर रहे थे परन्तु असफल रहे इसके बाद हम लोग अपने-अपने घर चले आए। बाद में वन विभाग के कर्मचारी भी वहां से निकल गए इसी बीच सुबह 4:00 के लगभग बिजली की एलटी करंट से हाथी की मौत हो गई। इसकी सूचना हम लोगों ने वन विभाग को दिया। फसल नष्ट होने से हमलोगो का लाखो का नुकसान हों चुका है, काफी बाउंड्री भी टूटी है। ऐसे में कहां से भरपाई करेंगे। कैलाश प्रसाद, शंकर प्रसाद, अमित प्रसाद, अभय वर्मा, नागेश्वर महतो, मुकेश प्रसाद, बालेश्वर महतो, अजय कुशवाहा, तुलसी महतो, आदि के बारी में लगे फसल जैसे कोहड़ा, कद्दू, तरबूज, टमाटर, हरा मिर्च, केला का पेड़ आदि का नुक्सान हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग जंगली हाथियों को छोड़कर घर चले गए जिसके कारण यह घटना घटी। विभाग के प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार ने कहा के करीब 28 हाथियों का झुंड है हम लोगों ने शनिवार की रात दिशा मोड़ने की पुरी कोशिश की और उसका दिशा मोड़ दिया उसके बाद हम लोग यहां से चले गए उसके बाद रविवार 6:00 बजे फोन आया कि एक हाथी की करंट लगने से मौत हो गई, तत्पश्चात हम लोग घटनास्थल पर पहुंच कर हाथी के शव को अपने कब्जे में लिया हूं,पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो अपराधियों को रोज लगानी होगी थाने में हाजरी

**रामगढ़।**डीसी चंदन कुमार ने रविवार को बताया कि पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर दो और अपराधियों को हर दिन थाने में हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया गया है। इनमें पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव निवासी विक्की सिंह और पतरातु बस्ती निवासी गुलशन कुमार शामिल हैं। डीसी ने कहा कि अपराधी जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हैं। विभिन्न स्त्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं। वाद के गवाहों व

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का विकास जेपी पटेल कर सकते हैं : राजकुमार

**कुजू।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र का अगर कोई विकास कर सकता है तो वह प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ही कर सकते हैं। उक्त बातें झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने कही। महतो पटेल के आवासीय कार्यालय में आयोजित झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जय प्रकाश भाई पटेल ने जिस तरह से मांडू में विधायक रहकर मांडू विधानसभा का विकास किये है। ठीक उसी प्रकार आने वाले दिनो में वह हजारीबाग से सांसद बनकर क्षेत्र का और बेहतर तरीके से विकास करने का काम करेंगे। मौक पर सुरेश चन्द्र पटेल, राजनाथ महतो , टुकेश्वर महतो, रंजीत शर्मा, शशीकांत पटेल, खागेश्वर महतो, सुखदेव मुण्डा, पुसन महतो, रामजी मुण्डा, लछु मुण्डा, पवन महतो, सोहन लाल महतो, बन्धु मुण्डा, दुलारचन्द महतो, विशेश्वर महतो, प्रसादी महतो, सुखदेव महतो, बिरबल महतो, भागेश्वर महतो, देवचरण महतो, गोपाल महतो, सुरेश महतो, काजीम अंसारी, महेन्द्र मुण्डा, मेघनाथ महतो, चंदन महतो, बृजलाल महतो, खुशीलाल महतो, प्रेम कुमार शर्मा, शिवा महतो, देवकी महतो, हिरानन्द करमाली, संजय महतो, गुलजार आलम, महाबीर महतो, राजेश मुंडा आदि उपस्थित थे।



## नायक-घांसी समाज की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** नायक -घांसी समाज पतरातु प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को जुगल नायक के हुरूमगढ़ा स्थित आवास में हुई। इसकी अध्यक्षता विकास कुमार नायक ने की। बैठक में शिक्षा, एकजुटता, समाज का उत्थान व मजबुती पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही प्रतिमाह 100 रुपया कोष जमा करने की शुरूआत के लिए समाज की सराहना की गई। 2 जून रविवार को जुगल नायक के हुरूमगढ़ा स्थित आवास में पुनः बैठक करने की बात कही गई। मौके पर जुगल नायक, प्रकाश नायक, बिनोद नायक, विकाश कुमार नायक, सिकन्दर नायक, किशुन नायक, बाबूलाल नायक, अमित नायक, सूरज नायक, राज नायक, छोटेलाल नायक समेत समाज के दर्जनों लोग मौजूद थे।

# गरीबों लिए श्राप है भाजपा सरकार : बेदिया

▸▸ देवरिया में झामुमो की बैठक में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को जिताने का लिया गया संकल्प

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देवरिया फुटबॉल ग्राउंड में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा देवरिया पंचायत की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्ष कलिंदर यादव एवं संचालन प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है इसमें गरीब-मजदूरों का कोई भला नहीं होने वाला है। भाजपा मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल ने जीत के बाद हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। सभी बेरोजगारों के लिए नये रोजगार का सृजन किया जायेगा। श्री बेदिया ने कहा कि भाजपा को हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से उखाड़ फेंकना है। तभी यहां के आदिवासी व मूलवासियों और सभी समुदाय के लोगों का विकास संभव हो सकेगा। भाजपा के रहते आदिवासी, मूल निवासी और गरीबो का शोषण होते रहेगा। भाजपा की सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है, गरीब जनता के लिए यह सरकार श्राप है। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश भाई पटेल को पार्टी का पूरा समर्थन मिलेगा। इसके लिए जितना भी प्रयास हमको करना पड़ेगा हमसभी करेंगे। उन्होंने कहा कि हजारीबाग के सभी विधानसभा क्षेत्रों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का कार्यक्रम करूंगा ।मौके पर संजय वर्मा, हरिलाल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, कलिन्दर यादव, उदय अग्रवाल, मुकेश राउत, प्रदीप साहू, शशिभूषण श्रीवास्तव, नरेश बेदिया, सन्नी यादव, सतीश यादव, रविंद्र मुंडा, रोहित मुंडा, रमेश करमाली, बंटी खान, अजय सोरेन, कृष्णा यादव सहित दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।



## इम्तियाज व संजीदा ने भाजपा से दिया इस्तीफा

भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बूथ संख्या 371 के बूथ अध्यक्ष इम्तियाज अहमद और महिला मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीदा खातुन ने रविवार को दर्जनों समर्थकों के साथ भाजपा के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता को त्याग-पत्र सौंपा है। सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि बुड़े ही दुखी मन से भाजपा की प्राथमिक सदस्यता एवं अपने पद से त्याग पत्र दे रहे हैं। पत्र में इम्तियाज अहमद ने कहा है कि र्तमान में मुझे बूथ के कार्य से मुक्त रखा गया। साथ ही कोई भी कार्यक्रम की सूचना भी नहीं दी जाती है। यहां तक की प्रत्याशी के नॉमिनेशन में भी नहीं बुलाया गया।

## एक नजर में

### पदमा में पूर्व विधायक ने मनीष जायसवाल के पक्ष में चलाया जनसंपर्क अभियान



**पदमा/बरही।** हजारीबाग लोकसभा उम्मीदवार मनीष जायसवाल के पक्ष में बरही विधानसभा संयोजक सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने पदमा प्रखंड के ग्राम दोनई खुर्द, बंदरबेला में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने वाली है। कहा कि आज भारत अमृतकाल से स्वर्णकाल में प्रवेश कर रहा है। साथ ही राष्ट्र आज कई क्षेत्रों में तेजी से तरक्की कर रहा है और विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस लोकसभा चुनाव में पार्टी 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगी। मौके पर मण्डल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण यादव, अजय मेहता, अवध यादव, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, प्रकाश ओझा, रवि पाण्डेय, रामानंद गिरी, काली मेहता, दसरथ मेहता, महेंद्र मेहता, आकाश यादव, तुलेश्वर यादव, सरयू मेहता, रामेश्वर मेहता, सीताराम मेहता, विष्णु मेहता, जागेश्वर मेहता, श्याम सुन्दर साव, मुरली राणा, सुरेश साहू, कालो देवी, नीलम सुप्रिया, पूर्व मुखिया द्रोपदी देवी, बीरेंद्र मिश्रा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### झरपो में खुला विनोद सिंह का कार्यालय

**टाटीझरिया।** झरपो में कोडरमा लोक सभा क्षेत्र के माले प्रत्याशी बिनोद सिंह के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन रविवार को झरपो पंचायत मुखिया सह टाटीझरिया 20 सूत्री अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी समर्थकों में जीप सदस्य विष्णुगढ़ प्रखंड शेख तैय्यब ,जानकी शर्मा,डालो सिंह, इब्राहिम अंसारी,धानेश्वर पासवान,संजय कुमार,परमेश्वर प्रजापति ने किया । झामुमो ,कांग्रेस, कार्यकर्ताओं ने जनता से अपील की कि कोडरमा में बदलाव का नारा ,झंडे पर तीन तारा चुनाव चिन्ह पर बटन दबाकर विनोद सिंह को भारी मतों से जिताएं । मौके पर जीप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी, रामलखन राणा, अरुण कुमार,राजेश कुमार दास, वसीर अंसारी, सुलेमान अंसारी,सूर्यकांत प्रजापति,दिलीप कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

### चरही में भाजपा का पथ सभा आयोजित

**चरही।** भाजपा चुरचू मंडल के द्वारा पथ सभा का आयोजन शक्ति केंद्र जरबा ,इंदिरा, चरही और हेंदेंगढ़ा पंचायत में हजारीबाग लोकसभा विस्तारक प्रभारी दिनेश वाल्मीकि,पूर्व जिला महामंत्री योगेन्द्र साव,चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में किया गया। इस सभा में प्रधानमंत्री के 10 साल के कार्यकाल में जनहित में किये गए कार्यों को गांव-गाव,टोलों और मुहल्लों में लोगों के बीच जाकर जानकारी दी। मतदाताओं से मनीष जायसवाल को कमल के निशान पर बटन दबाकर भारी मतों से विजय बनाने का आग्रह किया। सभा में रोहित महतो, शशि कुमार संजय साव,वीणा मिश्रा राजेश मेहता,अशोक चौधरी,ब्रज बिहारी महतो,नरसिंह राय,मिथलेश पांडेय,महादेव विश्वकर्मा ,रमेश यादव, प्रकाश प्रजापति,मोनू वर्मा दिनेश्वर सिंह,दिनेश्वर साव,संतोष सिंह,पारस महतो,अशोक प्रसाद, शशि साहू,सत्येंद्र नारायण सिंह,घनश्याम महतो, दिनेश महतो,विक्की सिंह ,गौतम सिंह,अरविंद पांडेय,बालेश्वर साव, प्रदीप कुमार प्रदीप,मोनू मिश्रा सहित सभी बुथ अध्यक्ष व पन्ना प्रमुख उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगरपट्टा में किया जनसंपर्क

टाटीझरिया। भाजपा टाटीझरिया मंडल कमिटी ने बेड़म पंचायत के मंगरपट्टा में रविवार को पथ सभा किया। इसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह ने किया। सुरेश प्रसाद, पूर्व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा एमके पाठक,प्रमुख संतोष मंडल,आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुशवाहा,जगन्नाथ राम,परमेश्वर यादव ने संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं के समक्ष केंद्र सरकार की उपलब्धियां को विस्तार से बताया।कहा कि गावों तक सड़क पहुंचाने की बात हो,किसानों को पीएम किसान से जोड़ने की बात हो,आयुष्मान योजना से मुफ्त इलाज की बात हो,उज्जवला योजना से गैस सिलेंडर,चूल्हा देने की बात हो,पीएम आवास योजना देने की बात हो,देश की सुरक्षा की बात हो सबमें मोदी का अहम योगदान है।उन्होंने ही इन योजनाओं को धरातल पर उतारा।महिलाओं के आरक्षण देकर समाज में पुरुषों के समक्ष ला खड़ा किया।इसके पूर्व 60 सालों तक केंद्र में कांग्रेस की सरकार कभी भी गावों की विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए मोदी जी को अपना बहुमूल्य वोट देने की अपील किया । मौके पर प्रभु यादव,मनोज यादव,विजय यादव,नंदू यादव ,सोनी देवी समेत काफी संख्या में मतदाताए उपस्थित थे।

### चरही में मंडा पूजा को लेकर बैठक

**चरही।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंडा टांड़ में शिव -पार्वती मंडा पूजा संपन्न कराने को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कुलेश्वर करमाली ने की। बैशाख पूर्णिमा को संपन्न होने वाले मंडा पर्व को लेकर कमिटी बनाई गई। ग्रामीणों ने निर्णय लिया कि रामनवमी कमिटी को ही मंडा पूजा कमिटी के माध्यम से संपन्न कराया जाय। इस तरह से अध्यक्ष कुलेश्वर करमाली,सचिव सत्येंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष रामदेव महतो,इंदर करमाली और जवाहर करमाली को मुख्य पद दिए गए हैं। अन्य पदों के लिए रामनवमी महा समिति द्वारा संपन्न कराया जाएगा। मंडा पूजा की शुरूआत 19 मई से शुरू होगी, बैसाख पूर्णिमा को संपन्न होगा।

### नवादा व कुसुंभा में पथ सभा आयोजित

विष्णुगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों एवं उनके संदेश को घर-घर बहु पहुँचाने हेतु आज नवादा एवं कुसुंबा में पथ सभा का आयोजन किया गया मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता पूर्व मंडल उपाध्यक्ष प्रभु विश्वकर्मा द्वारका साव बिसुन साव भुवनेश्वर साव संतोष साव रोहित साव भीमराम विकास पांडे सहित काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे ।

### भाजपा सरकार में लोकतंत्र खतरे में: झमन प्रसाद




**बड़कागांव।** झामुमो केंद्रीय सदस्य झमन प्रसाद ने रविवार को कहा कि भारत का लोकतंत्र व संविधान खतरे में है।केंद्र सरकार ईडी का गलत इस्तेमाल कर रही है।केंद्र सरकार के दबाव के कारण विस्थापन की समस्या बढ़ी है। वही 20 सूत्री जिला सदस्य संजय तिवारी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल इलेक्ट्रोल बॉन्ड 21 करोड़ चंदा दिया तब इन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिला। मात्र 8:30 एकड़ जमीन की वजह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया गया जबकि उनके परिवार के किसी भी सदस्य के नाम पर जमीन नहीं है आदिवासी मुख्यमंत्री एवं अच्छे काम की वजह से उनको जेल में डाल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मोदी सरकार ने कारपोरेट घरानों को 16 लाख करोड रुपए माफ कर दी ,लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। मौके पर कांग्रेस जिला सचिव पंकज गुप्ता एवं झामुमो के सरोज मेहता मौजूद थे।

### 31 मई तक भारत गैस के उपभोक्ताओं को कराना होगा बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण

बरही। भारत पेट्रोलियम कॉपरेरेशन लिमिटेड के डीलरशिप तिरुपति भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर ने सभी उपभोक्ताओं को बताया कि सरकार द्वारा दिये जा रहे सब्सिडी का लाभ लेने के लिए एक बार बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कराना जरूरी है। जिसमें सभी उपभोक्ताओं को कार्यालय आकर अपना बायोमेट्रिक कराना होगा। उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक कराने का अंतिम समय 31 मई तक रखा गया है।

# भारत में अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक असंतुलन

**हृदयनारायण दीक्षित**




प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने मुस्लिम संख्या वृद्धि के तथ्य उद्घाटित किए हैं। सलाहकार परिषद स्वतंत्र निकाय है। यह समय-समय पर तथ्य व आंकड़ों के आधार पर भिन्न-भिन्न विषयों पर परामर्श देती है। परिषद ने दुनिया के 167 देशों के जनसांख्यकीय चरित्र का अध्ययन किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के किसी भी देश में बहुसंख्यक आबादी की बढ़त नहीं दिखाई पड़ी है लेकिन कई देशों में अल्पसंख्यक आबादी की बढ़त पाई गई है। भारत में मुस्लिम आबादी की संख्या बढ़ी है। मुस्लिम संख्या वृद्धि के ताजा आंकड़ों को लेकर देश में खासी बहस चल रही है।

भारत में हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व सामाजिक पुनर्गठन की बड़ी चुनौती रहा है। गांधी जी ने हिन्दू-मुस्लिम सहअस्तित्व के लिए आजीवन काम किया और अंत में कहा कि इस प्रश्न पर मेरी हार हुई। मुस्लिम राजनीति अन्य पंथों पर आक्रामक रही है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही भारत का विभाजन हुआ था। गांधी जी ने मोहम्मद अली जिन्ना से पाकिस्तान की मांग न करने और साथ-साथ रहने का आग्रह किया था। इस सम्बंध में उन्होंने जिन्ना को (15 सितंबर 1944) पत्र लिखा था।

उन्होंने जिन्ना से पूछा था कि, "मजहब के अलावा हिन्दू और मुसलमान में क्या कोई और भी भेद है? मुसलमान शेष भारतवासियों से क्यों अलग हैं?" जिन्ना ने जवाबी पत्र (17 दिसम्बर 1944) में लिखा था, "हम मानते हैं कि मुसलमान और हिन्दू देश की किसी भी परिभाषा के आधार पर अलग-अलग कौमें हैं। हमारी संस्कृति, सभ्यता, भाषा, साहित्य, कला, कानून, परम्परा व इतिहास अलग-अलग है। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भी अलग है। हम किसी भी अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर अलग राष्ट्र हैं।"

यह मुस्लिम लीग और जिन्ना का घोर साम्प्रदायिक दृष्टिकोण था। इस साम्प्रदायिकता के दृष्टिकोण को माने तो हिन्दू-मुसलमान जब मिलकर रहते थे, तब भी मुसलमान अलग राष्ट्र थे। भारत के भीतर दो राष्ट्र थे। यह सोच अलगाववादी थी। वस्तुतः भारत प्राचीन काल से ही एक संस्कृति आधारित राष्ट्र है। साम्प्रदायिक राजनीति स्वयं को अलग राष्ट्र मानती रही है। मजहब आधारित जनसंख्या में बढ़त इसीलिए चिन्ता का विषय है। मजहब के आधार पर अलग राष्ट्र की मांग करना, इसके लिए लाखों लोगों की हत्या हिंसा किसी भी सूरत में उचित नहीं हो सकता। यह मानवता के विरुद्ध अपराध है। जनसंख्या के आधार पर ही मुस्लिम लीग ने अलग देश मांगा। भयंकर रक्तपात हुआ। इसलिए साम्प्रदायिक आबादी की बढ़त की कोई भी सूचना देश को चिन्ता में डाल देती है।

आंकड़ों के निष्कर्ष सत्य के उद्घाटन के लिए पर्याप्त हैं। अविभाजित भारत की अंतिम जनगणना 1941 में हुई थी। तब हिन्दू आबादी 84.44 प्रतिशत थी और मुस्लिम 13.38 प्रतिशत थे। मुसलमानों की इस संख्या में आज के पाकिस्तान और बांग्लादेशी मुस्लिम भी सम्मिलित थे। फिर देश का बंटवारा हुआ। भारत स्वतंत्र हुआ। कुल मुस्लिम आबादी की संख्या में पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या घट गई। स्वतंत्र भारत की प्रथम जनगणना 1951 में हुई। तब पाकिस्तानी व बांग्लादेशी मुस्लिम जनसंख्या नहीं रही। इसलिए हिन्दू जनसंख्या का अनुपात 87.24 हो गया। मुस्लिम आबादी घटकर 10.43 हो गई। लेकिन 50 वर्ष बाद 2001 की जनगणना में हिन्दू घटकर 84.21 प्रतिशत हो गए। मुस्लिम आबादी का अनुपात अविभाजित भारत के 13.38 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया। आबादी के इसी अनुपात पर मुस्लिम लीग ने अलग देश की मांग की थी और पाकिस्तान अस्तित्व में आया था। इस तरह की जनसंख्या बढ़त से एक और मजहबी साम्प्रदायिक देश की जनसंख्या तैयार हो गई है।

> यूरोप के अनेक देश मुस्लिम आक्रामकता को लेकर चिन्तित हैं। फ्रांस में पैगम्बर का कार्टून बनाने को लेकर भयानक हिंसा हुई। डेनमार्क में भी ऐसी ही साम्प्रदायिक हिंसा हुई थी। पाकिस्तान में ईश निंदा कानून के अंतर्गत ढेर सारे गैर मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। अमेरिका के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर भी इसी तरह का हमला हुआ था। इसलिए जनसंख्या की बढ़त को लेकर चिन्ता स्वाभाविक है। भारत के लिए यह और भी चिन्ता का विषय है। मुस्लिम साम्प्रदायिकता के कारण ही देश टूटा था। अपनी इच्छा अनुसार जीवन ध्येय निर्धारित करना प्रत्येक मनुष्य का अधिकार है। विवेक आधारित जीवन रस का आस्वाद प्रत्येक मनुष्य की अभिलाषा है।

साम्प्रदायिक राजनीति आर्थिक नीतियों से जुड़े गरीबी-अमीरी, शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मूलभूत प्रश्नों को महत्व नहीं देती। वे राजनीति में भी कट्टरपंथी मजहबी अलगाववाद चलाते हैं। साम्प्रदायिक अलगाववादी जिस देश में रहते हैं, उस देश की संवैधानिक व्यवस्था से भी टकराते हैं। राजनीति वोट बैंक के तुष्टीकरण के कार्यक्रम बनाती है। कट्टरपंथी मजहबी राजनीति की मांगें खतरनाक हैं। वे तुष्टीकरण की साम्प्रदायिक राजनीति को सेकुलर कहते हैं। वस्तुतः सेकुलर विचार में आस्था और अंधविश्वास नहीं होने चाहिए। मजहबी राजनीति सेकुलर हो ही नहीं सकती।

इस्लामी विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप के अनुसार, "दूसरे पंथों के विपरीत इस्लाम में सामाजिक जीवन के परिचालन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है। दूसरे पंथ केवल मौलिक मूल्यों के ही उपदेश देते हैं और भौतिक विषयों पर समय अनुसार विधान और नियम बनाने का काम समाज पर छोड़ देते हैं। इस्लामी राजनैतिक चिन्तन सुस्पष्ट ध्येय निर्धारित करता है। सभी मुसलमानों को इन नियमों का पालन अनिवार्य है। दूसरे पंथों में राजनीतिक क्रियाकलापों के लिए लिखित आदेश नहीं है। मुस्लिम विश्वास में ईश्वर पर विश्वास के साथ ही उनके पवित्र कानून भी हैं। यह कानून ह्यशरियाह्य कहा जाता है। यह राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करता है। इस्लामी राजनीति में मजहब की प्रचंड प्रेरणा है।" (प्रोफेसर डेनियल पाइप-'इन द पाथ ऑफ गॉड' पृष्ठ तीन)

गांधी जी हिन्दू-मुसलमान की साझा राष्ट्रीयता चाहते थे। वे असफल रहे। डॉक्टर आम्बेडकर हिन्दू-मुसलमान के पक्ष पर गांधी जी से असहमत थे। डॉ. आम्बेडकर ने लिखा है, "गजनी के मोहम्मद ने भारत पर अपने अनेक हमलों को जेहाद छेड़ने की संज्ञा दी थी।" मोहम्मद के इतिहासकार अल उतबी ने उसके हमले के बारे में लिखा था, "उसने मंदिरों में मूर्तियों को तोड़ा और इस्लाम की स्थापना की। उसने शहरों पर कब्जा किया, नापाक कमीनों को मार डाला। मूर्ति पूजकों को तबाह किया और मुसलमानों को गौरवान्वित किया। तदुपरांत वह घर लौटा और इस्लाम के लिए की गई विजयों का ब्योरा दिया और यह संकल्प व्यक्त किया कि वह हर वर्ष हिन्द के खिलाफ जेहाद करेगा।" यही स्थिति अन्य हमलों की भी है। हजारों मंदिर तोड़े गए थे। श्रीराम जन्मभूमि, ज्ञानवापी काशी और मथुरा की घटनाओं के प्रसंग इस समय भी ताजा हैं।

अपने अनुभव और विश्वास के अनुसार जीने का अधिकार स्वाभाविक है। इसलिए कि प्रत्येक मनुष्य अद्वितीय है। अनूठा भी। किसी की जीवन पद्धति में हस्तक्षेप न करना और सबको अपने ढंग से जीवन जीने का अवसर मिलना प्राकृतिक न्याय है। दुनिया को सुन्दर बनाने की यह न्यूनतम शर्त है, लेकिन साम्प्रदायिक मजहबी राजनीति अपने मत को श्रेष्ठ और बाकी को 'इनकार करने वाला' मानती है और इनकार करने वालों के लिए सजा का औचित्य भी सिद्ध करती है। मुस्लिम जनसंख्या की बढ़त के प्रभाव का विवेचन जरूरी है। यह चिन्ता मुस्लिमों के विरुद्ध नहीं है। चिन्ता का विषय आक्रामक साम्प्रदायिकता और अलगाववाद से छुटकारा पाना है। भारत के राष्ट्रजीवन व संविधान में सभी आस्था समूहों का सम्मान है। इसलिए जनसंख्या का असंतुलन गहन रूप में विचारणीय है।

(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)

## एमेजॉन की ट्रकिंग पार्टनर और एक सफल मां की भूमिका निभाती प्रेमा



चुनौतियों को पार करके एक सफल उद्यमी बनने और माँ के दायित्वों को पूरा करने वालीं एमेजॉन की ट्रकिंग पार्टनर प्रेमा से मिलिए। **अभय कुमार सिंह**

मदर्स डे के अवसर पर माँ की अदम्य शक्ति और समर्पण को सम्मानित किया जाता है। इस दिन घरों में उनकी दायित्वपूर्ण भूमिका और कार्यस्थल पर उनके कौशल की सराहना की जाती है। जिन नौकरियों में पहले महिलाओं का प्रतिनिधित्व शून्य या बहुत कम हुआ करता था, अब वहाँ महिलाओं की प्रतिभागिता बढ़ती जा रही है, जो अपनी प्रतिभा, मल्टीटास्किंग और दबाव संभालने के कौशल द्वारा संगठन को आगे बढ़ा रही हैं। आज महिलाएँ बाधाओं को पार कर रही हैं, कार्यस्थल पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी क्षमता के साथ प्रोफेशनल जीवन में सफलता प्राप्त कर रही हैं, और साथ-साथ एक माँ या केयरगिवर के रूप में अपनी जिम्मेदारियों में संतुलन भी बना रही हैं। प्रेमा की कहानी इस ट्रेंड का एक अप्रतिम उदाहरण है। वे एक सिंगल मदर हैं, जिन्होंने न केवल बढ़ता हुआ ट्रकिंग व्यवसाय संभाला, बल्कि दूसरों को भी इस गतिशील उद्योग में आने की प्रेरणा दी।

प्रेमा (55 साल) ने अपने पति की असामयिक मृत्यु के बाद व्यक्तिगत चुनौतियों के बीच 2017 में एमेजॉन के ट्रकिंग पार्टनर के रूप में अपना सफर शुरू किया। अपनी बेटी की देखभाल करने की जिम्मेदारी और करियर परिवर्तन के बीच तालमेल बनाते हुए, उन्होंने अडिग इच्छाशक्ति का परिचय दिया। फाइनेंस और मार्केटिंग की बैकग्राउंड के बावजूद प्रेमा ने लॉजिस्टिक्स की दुनिया में प्रवेश किया। एमेजॉन के ट्रकिंग पार्टनर प्रोग्राम की मदद से उन्होंने अपने छोटे से संचालन, सिमर एक्सप्रेस सॉल्यूशंस को बढ़ाकर एमेजॉन पर एक सफल ट्रकिंग बिजनेस बना दिया और उल्लेखनीय वृद्धि एवं सफलता हासिल की।

कोरोना महामारी के दौरान भी अपने बिजनेस की प्रवृत्ति और एमेजॉन के सहयोग से प्रेमा ने अनुकूलन के अवसरों का लाभ उठाया और मुश्किलों का सामना करते हुए अपनी इच्छाशक्ति और दृढ़ निश्चय के साथ आगे बढ़ती चली गईं। उन्हें अपनी इस मेहनत का फल मिला और पिछले कुछ सालों में उनके बिजनेस ने अपने राजस्व में 55 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की। उनकी कहानी उनकी इच्छाशक्ति और दृढ़निश्चय का उदाहरण है, जिसकी मदद से उन्होंने मातृत्व की जिम्मेदारियों में संतुलन बिठाते हुए प्रोफेशनल उपलब्धियाँ हासिल कीं।

प्रेमा ने सफल ट्रकिंग कंपनी चलाते हुए अमेरिका में उच्च शिक्षा हासिल करने की अपनी बेटी की इच्छाओं को पूरा करने में मदद की। जीवन के हर दायित्व में सफल होने की उनकी प्रतिबद्धता सभी माँओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, जो अपारंपरिक क्षेत्रों में सफल होने की उनकी क्षमता को दशार्ता है।

प्रेमा ने कहा, एमेजॉन इंडिया के साथ काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा। इससे मुझे एक माँ के दायित्वों में संतुलन बिठाते हुए एक सफल करियर का निर्माण करने में मदद मिली। मैं अन्य महिलाओं को भी लॉजिस्टिक्स में अवसर तलाशने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ। यह एक गतिशील उद्योग है, जो विकास और स्वतंत्रता का सफल मार्ग प्रदान करता है। मैं अपनी बेटी, अपनी टीम और एमेजॉन से मिले बहुमूल्य सहयोग के लिए उनकी आभारी हूँ। प्रेमा के साथ काम करने के अलावा एमेजॉन भारत में 350 से ज्यादा ट्रकिंग पार्टनर्स के साथ काम करता है।

ये पार्टनर्स पूरे देश में ग्राहकों के पैकेजेस का ऑन-टाईम, भरोसेमंद और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करते हैं। एमेजॉन इन ट्रकिंग कंपनियों के ड्राईवर्स के लिए स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा लाभ और सुरक्षित ड्राईविंग एवं प्रभावशाली पैकेज डिलीवरी के लिए टेक्नोलॉजी-आधारित समाधान प्रदान करता है।

## चुनावी मुद्दों समेत भारतीयता की विकृत व्याख्या के सियासी मायने को ऐसे समझिए

**कमलेश पांडे**

यदि पिछले तीनों लोकसभा चुनावों यानी 2014, 2019 और 2024 में कतिपय कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर गौर किया जाए तो मणिशंकर अय्यर, शशि थरूर से लेकर सैम पित्रोदा तक पार्टी नेताओं की ऐसी फेहरिस्त है, जिनके बयानों से पीएम मोदी की सरकार को अकस्मात चुनावी संजीवनी मिली।

दुनिया का सबसे बड़ा और सर्वाधिक सफल लोकतंत्र समझा जाने वाला भारतीय लोकतंत्र में कतिपय नेताओं द्वारा वक्त-वक्त पर किस प्रकार से जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, पहाड़, मैदान, तुष्टीकरण और नस्लीय वैचारिक विकृति पिरोयी गई, यह राजनैतिक और सामाजिक शोध का विषय है। क्योंकि सिर्फ बहुमत प्राप्ति की गरज से नेताओं ने जिन नीतिगत उलटबांसियों को तवज्जो दी, उससे शांतिपूर्ण और सहिष्णु भारतीय समाज का बहुत बड़ा अहित हुआ है। वहीं, इन बातों का दुष्प्रभाव चुनावी राजनीति पर भी पड़ा है।



सच कहूं तो ऐसे नेताओं की शतरंजी सियासी चालों से न केवल क्षेत्रीयता बल्कि राष्ट्रीयता का भाव भी प्रभावित हुआ है। वहीं, परिवारवाद और सम्पर्कवाद के खेल ने सियासी स्थिति-परिस्थिति को और अधिक जटिल बना दिया है। ऐसा मैं इसलिए कह रहा हूँ कि एनआरआई बुद्धिजीवी सैम पित्रोदा ने भारतीयता की जो शर्मनाक व्याख्या की है, वह आम चुनाव 2024 को आने वाले दिनों में एक नई दिशा देगी। उनके हालिया बयानों से जो बहस छिड़ेगी, उसका उत्तर देना बिल्कुल आसान नहीं होगा। क्योंकि इससे पहले शायद ही किसी ने विभिन्न रूप रंग वाले भारतीयों को ऐसी उपमा दी हो। जो बेतुकी ही नहीं, बल्कि आपत्तिजनक भी है। इसलिए आशंका है कि गत तीन चरणों के चुनावों में कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को जो तवज्जो मिली, वह चौथे चरण से प्रभावित भी हो सकता है।

सैम पित्रोदा के शब्दों में, हम भारत जैसे विविधता से। भरे देश को एकजूट रख सकते हैं। जहाँ पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब और उत्तर के लोग गोरों जैसे दिखते हैं, जबकि दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, हम सब भाई-बहन हैं। भारत में अलग-अलग क्षेत्र के लोगों के रीति-रिवाज, खान-पान, धर्म, भाषा भिन्न हैं, लेकिन भारत के लोग एक दूसरे का सम्मान करते हैं।ÿ इससे पहले उन्होंने कहा है कि, ÿहम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह रहे हैं।ÿ

देखा जाए तो भारतीयों की पहचान को विदेशी मूल से जोड़कर देखने का सैम पित्रोदा ने जो दुस्साहस किया है, उससे आगबबूला हुई भाजपा ने उनके बेतुके बयान को ही चुनावी मुद्दा बना दिया। पार्टी का आरोप है कि धर्म के आधार पर हुए राष्ट्र विभाजन के पश्चात अब चमड़ी व रंग के आधार पर कांग्रेस देश को बांटने की साजिश रच रही है। समझा जाता है कि उनके बयान के बाद बैक फुट पर दिखाई पड़ी कांग्रेस को राजनैतिक धर्मसंकट से बचाने के लिए उन्होंने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया, जिसे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा स्वीकार कर लिया गया है, जो कि बड़ी बात है।

वहीं, कांग्रेस ने उनकी टिप्पणियों से खुद को पूरी तरह से अलग कर लिया है, क्योंकि उसका मानना है कि भारत की विविधता को चित्रित करने के लिए एक पॉडकास्ट में पित्रोदा द्वारा दी गई उपमाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। बता दें कि पिछले दिनों भी सैम पित्रोदा ने भारत में अमेरिका की तर्ज पर विरासत टैक्स की पैरवी कर कांग्रेस की खूब किरकिरी कराई थी। उससे पहले वह यह भी कह गए थे कि अयोध्या में निर्मित राम मंदिर भारत के विचार के विपरीत है।

यदि पिछले तीनों लोकसभा चुनावों यानी 2014, 2019 और 2024 में कतिपय कांग्रेसी नेताओं के बयानों पर गौर किया जाए तो मणिशंकर अय्यर, शशि थरूर से लेकर सैम पित्रोदा तक पार्टी नेताओं की ऐसी फेहरिस्त है, जिनके बयानों से पीएम मोदी की सरकार को अकस्मात चुनावी संजीवनी मिली। यही वजह है कि इस बार कांग्रेस नेतृत्व ने समय रहते ही निर्णय ले लिया और पित्रोदा का इस्तीफा स्वीकार कर लिया, ताकि चुनावी डैमेज कंट्रोल किया जा सके।

मेरा स्पष्ट मानना है कि गोरे अंग्रेजों से लेकर काले अंग्रेजों तक ने कभी बहुमत प्राप्ति की गरज से तो कभी किसी लॉबी को संतुष्ट करने के लिए जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र, लिंग, पहाड़, मैदान, उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम, तुष्टीकरण और नस्लीय आधार पर व्यक्तियों के विभाजन का जो सिलसिला प्रारंभ किया, वह आज तक जारी है। इसके आधार पर हुई गोलबंदी से भारतीय संविधान भी अछूता नहीं बचा और उनके निर्माण से लेकर विभिन्न संशोधनों तक में जो वैचारिक विकृति की बू आती है, वह चुनाव दर चुनाव किसी न किसी त्रासदी को जन्म देती आई है, जिससे बचे जाने की जरूरत है।

# वक्फ बोर्ड या मुस्लिम तुष्टीकरण : इस घटना ने फिर चिंता में डाला

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

मध्य प्रदेश के भोपाल में वक्फ बोर्ड से जुड़ा एक मामला सामने आया है। कहने को यह राजधानी का केंद्र है लेकिन यहां खुले तौर पर इस्लामवादियों ने बीच शहर में सरकारी एवं निजी सम्पत्ति पर जबरन कब्जा, नव बहार सब्जी मंडी की बिल्डिंग के पास कर लिया है और बोर्ड भी चस्पा कर दिया है। जिसमें कि यहां बने हिंदू अनाथालय की भूमि पर कब्जा करने की तैयारी की जा रही है। कुछ लोगों को प्रलोभन दिया जा रहा है और कुछ को डर दिखाया जा रहा है। पता चला है वक्फ के नाम पर वसूली भी चालू है।

वस्तुतः इस घटना ने आज एक बार फिर चिंता ने डाल दिया है और यह सोचने के लिए विवश किया है कि न जाने भारत में इस प्रकार के कितने स्थान और संपत्तियां होंगी जहां वक्फ बोर्ड से जुड़े लोग इसी तरह से कब्जा कर उसे आगे हमेशा के लिए वक्फ की संपत्ति घोषित कर देने का काम कर रहे हैं । वास्तव में यह मामला इतना महत्व का है कि केंद्र सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया है कि वक्फ अधिनियम, 1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली लगभग 120 याचिकाएं देश भर की विभिन्न अदालतों के समक्ष लंबित हैं। अधिकांश में भारत के विधि आयोग को अनुच्छेद 14 और 15 की भावना में ह्यट्रस्ट-ट्रस्टी और चैरिटी-चैरिटेबल संस्थानों के लिए एक समान कानूनह्ल का मसौदा तैयार करने के लिए कहा गया है।

### यह शक्तियां संसद से मिली हैं

शक्तियां आज भारत में एक आम इंसान के मन में यह डर पैदा कर रही हैं कि कहीं कभी उसकी संपत्ति की बारी न आ जाए और वक्फ उस पर अपना दावा न ठोक दे। मध्य प्रदेश के भोपाल में ऐसे ही एक प्रकरण का जिक्र यहां बनी मनोहर डेरी के सामने ईसराणी मार्केट से लगी हुई नगर निगम/ सरकारी 27000 वर्गफीट जमीन का है। पुराने शहर के बीचों बीच अरबों रुपये की इन जमीनों को लेकर वक्फ पर आरोप है कि उसने जबरदस्ती कब्जा कर लिया है । कहनेवाले कह रहे हैं कि अकेले मध्य प्रदेश में इस प्रकार के अनेकों केस हैं, फिर देश में क्या स्थिति होगी।

वक्फ बोर्ड की मनमानी को अदालतों में चुनौती देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता दिग्विजयनाथ तिवारी सही कहते हैं, ह्यवक्फ बोर्ड को मिले अधिकारों में कटौती करने की जरूरत है, क्योंकि वक्फ बोर्ड द्वारा जमीन कब्जाने का षड्यंत्र 2013 के बाद से और तेज हो गया है। इसी साल सोनिया-मनमोहन सरकार ने वक्फ बोर्ड को अपार शक्तियां दे दी थीं। कांग्रेस की इस सरकार ने वक्फ कानून 1995 में संशोधन कर उसे इतना घातक बना दिया कि वह किसी भी संपत्ति पर दावा करने लगा है। यह आप इससे भी समझ सकते हैं कि आज भारत में सशस्त्र बल और रेलवे के बाद वक्फ बोर्ड तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम ऑफ इंडिया के डेटा के अनुसार देश में वक्फ बोर्ड के पास 8 लाख 54 हजार से अधिक संपत्तियां हैं, जोकि आठ लाख एकड़ से ज्यादा है।




वस्तुतः इस एतिहासिक सत्य को किसी को नहीं भूलना चाहिए कि 1945 में ही बहुत लोगों को लगने लगा था कि अब पाकिस्तान बन कर रहेगा। जिसमें मुस्लिम लीग पूरी तरह से आश्वस्त थी कि चाहे जो भी हो, वह मजहब के आधार पर भारत का विभाजन करा लेगी। इसलिए उस समय के अधिकतर मुस्लिम नवाबों और जमींदारों ने जो पाकिस्तान के पक्ष में थे, अपनी संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए एक चाल चली। इसके तहत हर जमींदार और नवाब ने अपनी संपत्ति का वक्फ बना दिया और भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए। लेकिन यह कोई नहीं जानता था कि जिन लोगों ने पाकिस्तान बनाने में जिन्ना और अली बन्धुओं जैसे तमाम लोगों का साथ दिया, भारत में छूटी उनकी संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित करने के बजाय उसे वक्फ की घोषित कर दिया जाएगा। तत्कालीन कांग्रेस की नेहरू सरकार ने यही किया।

एक अनुमान के अनुसार 6-8 लाख वर्ग किलोमीटर जमीन वक्फ बोर्ड के पास गई थी, जबकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत विभाजन के समय पाकिस्तान को 10,32,000 वर्ग किलोमीटर भूमि दी गई थी। यानी मुसलमानों ने पाकिस्तान देश के नाम पर भी जमीन ली और वक्फ के नाम पर भी लाखों वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया। यही नहीं, बाद में सरकारी और गैर-सरकारी जमीन पर भी मजार, मस्जिद और मदरसे बनाकर वक्फ की संपत्ति बढ़ाना इसने अब तक जारी रखा हुआ है।

पिछले साल सांसद हरनाथ सिंह ने वक्फ बोर्ड अधिनियम 1995 को खत्म करने के लिए एक निजी विधेयक संसद में पेश किया था । उनकी बताई दो घटनाओं का जिक्र करना यहां पर्याप्त होगा। तमिलनाडु के त्रिचि जिले के गांव में डेढ़ हजार आबादी है, उसमें कुल और मात्र सात-आठ घर मुस्लिमों के हैं और पड़ोस में ही एक भगवान शंकर जी का मंदिर है जो डेढ़ हजार साल पुराना है। वक्फ बोर्ड ने उस गांव की पूरी संपत्ति पर अपना दावा ठोक दिया और सबको खाली करने का नोटिस कलेक्टर के यहां से पहुंचा दिया गया। कागजात से भी संपत्ति खारिज हो गई। इस गांव की अधिकतर आबादी गरीब है, ऐसे में जब इस गांव के हिन्दू लोग थक हार गए तो उन्हें एक ऑप्शन देते हुए मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के लिए कहा गया। इस्लामवादियों ने सुझाव दिया, मुस्लिम बनने पर उनकी जमीन बच जाएगी।उनका दिया दूसरा उदाहरण महाराष्ट्र के सोलापुर जिले का है, जहां एक बस्ती में 250 के करीब हिन्दू अनुसूचित जाति वर्ग के लोग रहते हैं, उनके पास एक नोटिस उनकी जमीन को खाली करने का आया कि वो जहां रह रहे हैं वो वक्फ बोर्ड की जमीन है। बस्तीवाले दर-दर भटकते रहे, लेकिन कहीं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही थी, तब उनको भी इस्लाम अपनाकर मुसलमान बन जाने का ऑफर दिया गया। वस्तुतः इन दोनों ही मामलों की प्रकृति देखकर समझा जा सकता है कि यह विषय कितना गंभीर है।

वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ध्यान दिलाते हैं कि हिंदुओं, जैनियों, बौद्धों, सिखों और अन्य समुदायों के लिए वक्फ बोर्डों द्वारा जारी वक्फ की सूची में शामिल होने से उनकी संपत्तियों को बचाने के लिए कोई सुरक्षा नहीं है। यह सीधे तौर पर उनके साथ भेदभाव है, जोकि संविधान के अनुच्छेद 14-15 का उल्लंघन करता है। इसके अधिनियम एस 4, 5, 6, 7, 8, 9, 14 में दिए प्रावधान वक्फ संपत्तियों को ट्रस्ट, मठों, अखाड़ों, समितियों को समान दर्जा देने से वंचित करने के लिए विशेष दर्जा प्रदान करते हैं। साथ ही किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में रजिस्टर्ड करने के लिए वक्फ बोर्डों को बेलगाम शक्तियां प्रदान करते हैं। ऐसे में कहना होगा कि अभी वक्फ के नाम पर देश भर में जो चल रहा है, वह उचित नहीं है। राज्य सरकारों को चाहिए कि वे इस प्रकार की जहां भी शिकायत मिलती है, उसे गंभीरता से ले और वक्फ को लेकर आम आदमी से जुड़ी हर शिकायत की गंभीर जांच कराए।

स्पीड न्यूज



## ब्रह्मानंदम हॉस्पिटल, सोनारी में मदर्स डे पर नि:शुल्क जांच शिविर

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंदम हॉस्पिटल, सोनारी ने मदर्स डे पर रविवार को एक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। चिकित्सा शिविर में जनरल फिजिशियन और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉक्टर सुजीत कुमार, चाइल्ड एंड न्यू बोर्न स्पेशलिस्ट डॉक्टर अखौरी मिंटू सिंहा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूनम कुमारी,डॉ रश्मि वर्मा, डॉक्टर सुभद्रा मलिक, यूरोलॉजिस्ट डॉ अजय अग्रवाल, चेस्ट फिजिशियन डॉक्टर विनायक अग्रवाल, ऑर्थोपेडिक्स डॉक्टर नवीन कुमार लोढ़ा, जनरल सर्जन डॉक्टर सुलक्षणा शेखर ने शिविर में अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर रोगियों को यूरोपीयोमेट्री स्पायरोमेट्री एक रेंडम ब्लड एंड शुगर टेस्ट मेडिसिन ब्लड प्रेशर शुगर टेस्ट निशुल्क किया गया। अधिकतर रोगी नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के थे।

## जिलेटिन का सप्लायर गिरफ्तार, आजसू नेता हरेलाल महतो पर केस

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के गुंडा गांव निवासी वासुदेव महतो को पुलिस ने अवेध हथियार और जिलेटिन रखने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। नीमडीह थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी तंजिल खान ने बताया कि बासुदेव महतो के घर में छापेमारी के दौरान प्लास्टिक बोरा में भरे 399 पिस जिलेटिन एक मेगजीन चार जिंदा कारतूस एवं एक पिस्तौल मिला था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस के पुछताछ के दौरान वासुदेव महतो ने बताया कि वह जिलेटिन पश्चिमबंगाल के आसनसोल से लाया था। वह जिलेटिन चांडिल के चिलगु निवासी आजसू नेता हरेलाल महतो को सप्लाई करने वाला था। थाना प्रभारी ने बताया इस संबंध में हरेलाल के ऊपर मामला दर्ज किया गया है।

## विश्व जन सेवा ट्रस्ट ने चलाया यौन सुरक्षा कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** रविवार को विश्व जन सेवा ट्रस्ट के डॉ मनीष कुमार झा ने गधरा के ग्रामीण क्षेत्र में पारिवारिक शिक्षा और यौन सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोगों को एचआईवी /ऐड्स एवं एसटीआई, एसटीडी रोगों से सुरक्षा के बारे में अवगत कराया गया। अनवांटेड प्रेगनेंसी की वजह से देश की जनसंख्या में वृद्धि तथा इसके दुष्परिणमों के विषय पर भी लोगों को जागरुक किया गया। साथ ही निशुल्क कंडोम का वितरण किया गया। इसके अलावा लोगों से गुजारिश की गई कि बच्चे दो ही अच्छे तथा लोगों को जनसंख्या नियंत्रण में सहयोग करने के लिए जागरूक किया गया। इसी के साथ लोकतंत्र के महापर्व के लिये 25 मई को मतदान के लिये भी जागरुक किया गया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# तीर-धनुष पर मुहर लगाइये, मोदी सरकार से मुक्ति पाइये : चंपई सोरेन

- पटमदा और पोटका में सीएम ने इंडी प्रत्याशी समीर महंती के पक्ष में की सभा
- कहा- तानाशाही भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकने के लिए सभी एकजुट हो
- पटमदा-बोड़ाम के किसानों को चांडिल डैम से पानी देंगे : सीएम

**खबर मन्त्र टीम**





पटमदा की सभा में सीएम से मंत्रणा करते झामुमो प्रत्याशी समीर महंती और पटमदा में चुनावी सभा में एकता प्रदर्शित करते सीएम चंपई सोरेन। साथ में प्रत्याशी समीर महंती, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक मंगल कालिंदी और विधायक सबिता महतो।

**पटमदा/पोटका।** पटमदा प्रखंड के दिघी पंचायत के लोवाडीह मैंदान और पोटका के नुननुनी टांड मैदान में रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी समीर कुमार मोहंती के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करने हेलीकॉप्टर से पहुंचे। इस दौरान मंच पर उनके साथ स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सविता महतो, विधायक मंगल कालिंदी एवं इंडिया गठबंधन के कई वरिष्ठ साथियों ने शिरकत किया।

मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि पांच साल बाद एकबार सरकार बदलने का मौका मिलता है। भाजपा ने देश की जनताओ को किस परिस्थितियों में खड़ा किया है उसका बदला लेने का समय आ गई है। मोदी सरकार झुठी और ठग सरकार रही है। उससे देश में सबसे ज्यादा झारखंड को ठगा है। अतः इसबार अगर चूक गए तो पांच साल पछताना पड़ेगा। इसलिए तीर-धनुष पर मुहर लगाइए और मोदी सरकार से मुक्ति पाइए। उन्होंने कहा कि झूठ बोल कर 10 सालों तक देश चलाने वाले मोदी सरकार को इसबार जनता उखाड़ फेंकने का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि महंगाई से लोग त्रस्त है और मोदी जी इस पर एक शब्द भी नही बोल रहे हैं। उन्होंने पिछले चुनाव में सभी के बैंक खाते में 15 लाख रुपये, हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार समेत कई घोषणाएं की थी लेकिन एक भी काम पूरा नहीं किया। उन्होंने झूठ बोलने वाले सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील की। मौके पर वरिष्ठ झामुमो नेता मोहन कर्मकार, प्रमोद लाल, शेख बदरुद्दीन, अमित श्रीवास्तव, अजय रजक, मनहर हुसैन, शारदा देवी, खगेन चंद्र महतो, पूर्णिमा मल्लिक, रंजीत साव, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो व हजारों लोग उपस्थित थे।

**इंडिया गठबंधन के नेता गरीबों की लड़ाई लड़ते हैं, भाजपा अमीरों की : बन्ना-** चुनावी सभा को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि हम लोग मार खा खा कर नेता बने हैं। हमलोग गरीबों के लिए लड़ाई लड़ते हैं। इसके लिए कई बार जेल भी जाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास के लिए समीर मोहंती को भारी मतों से विजय बनाने की अपील की।

**मोदी सरकार ने 10 सालों में सिर्फ ठगा : समीर महंती-** प्रत्याशी समीर मोहंती ने कहा कि मोदी सरकार पिछले 10 सालों में कुछ काम नही किया है। सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। उन्होंने एकबार सेवा करने के लिए मौका देने की अपील की है। घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि भाजपा पूंजीपतियों की सरकार है। इसलिए इनको जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रयास में बोड़ाम में डिग्री कॉलेज व 228 करोड़ रुपये से चांडिल डैम से पटमदा - बोड़ाम के लोगों के शुद्ध पेयजलापूर्ति योजना का काम शुरू किया गया है। उन्होंने समीर मोहंती को भारी मतों से चुनाव जिताने की अपील की है। ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने भी समीर मोहंती को भारी मतों से जिताने की अपील की। सभा में पूरे जुगसलाई विधानसभा से करीब 15 हजार कार्यकर्ता व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी थी।

# सिंहभूम सीट पर मतदान आज पोलिंग पार्टियों ने संभाला मोर्चा

- भाजपा की गीता कोड़ा और झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी के बीच सीधा मुकाबला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





मतदान केंद्र पर जाने के लिए चाईबासा में तत्पर महिला मतदानकर्मी और सरायकेला से रवाना होते मतदानकर्मी।

**जमशेदपुर/चाईबासा।** सिंहभूम सीट पर सोमवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। पश्चिमी सिंहभूम जिला प्रशासन और सरायकेला जिला प्रशासन ने मतदान की तमाम तैयारियां पूरी कर ली हैं। संवेदनशील जगहों पर हेलिकॉप्टर से मतदानकर्मी भेजे गए हैं जबकि अधिकांश वाहनों से मतदान केंद्रों पर रवाना हुए हैं। इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी गीता कोड़ा और झामुमो सह इंडि गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी में सीधी टक्कर है।

सिंहभूम सीट पर 13 मई को मतदान केन्द्रों में मतदान किया जाना है। उसके लेकर जिले में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था तैनात किया गया है। जिले में 524 मतदान केंद्र नक्सली दृष्टिकोण से प्रभावित हैं। इस बार जिले के कई नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कैंप स्थापित होने के उपरांत प्रथम बार मतदान किया जाएगा जिसमें मुख्य रूप से तिरलपोसी रेंगहातु, बुढ़ई में प्रथम बार वॉटिंग किया जाएगा। केंद्रीय रिजर्व बल के 168 बटालियन की प्रतिनियुक्ति की गई है।

10 सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 1715 मतदान केंद्र है जिसमें कुल 877 क्रिटिकल और सामान्य मतदान केंद्र की संख्या 838 हैं। 10 सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मे पीडब्ल्युडी मतदाताओं की संख्या 19474 तथा 85+ मतदाताओं की संख्या 4939 हैं। जिनकी सुविधा हेतु वाहन व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था की गई है। यंग वोटर की संख्या 61828 हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

जिला उपायुक्त श्री कुलदीप चौधरी ने जिला वासियों से अपील किया है, कि 13 मई को सभी कोई अपने-अपने मतदान केंद्र में जाकर दिन भर मतदान सुबह 7 से 5 के बीच में जाकर अवश्य करें। इधर, सरायकेला-खरसावां जिला मुख्यालय में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के निमित 10 सिंहभूम लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 51-सरायकेला (अ ज जा) विधानसभा तथा 11-खूंटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 57-खरसावां (अ ज जा) विधानसभा के मतदान केंद्रों के लिए आज पूर्वाह्न 6 बजे से मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के बीच नियुक्ति-पत्र, मतदान सामग्री का वितरण किया गया।

## आनंद मार्ग के शिविर में तीन घंटे में 25 यूनिट रक्तदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं जमशेदपुर ब्लड सेंटर की ओर से आनंद मार्ग के 3 घंटे के रक्त दान शिविर में ईश्वर कोटि के मनुष्यों ने 25 यूनिट रक्तदान किया जो कि मानव कल्याण के लिए एवं ब्लड बैंक में उपस्थित लोगों के बीच पौधा दान भी किया गया जो प्राकृतिक कल्याण के लिए।

गर्मी के बावजूद भी युवाओं ने रक्तदान किया। गर्मी से ब्लड सेंटर की आवश्यकता को देखते हुए आनंद मार्ग का इस महीने का दूसरा रक्तदान शिविर है। सुनील आनंद का कहना है कि जितने भी रक्तदाता निस्वार्थ भाव से रक्तदान करते हैं वह सभी लोग ईश्वर कोटि के मनुष्य है, कारण रक्तदान करने में रक्तदाता का किसी प्रकार का कोई भी स्वार्थ नहीं रहता परम पुरुष के छोटे-छोटे बच्चों के कष्ट निदान के लिए रक्तदान करते हैं।

## मोदी सरकार की नीतियों और कल्याणकारी योजनाओं से देश के युवा प्रभावित: गीता कोड़ा

- अल्पसंख्यक समुदाय के कई युवाओं ने चाईबासा में ली भाजपा की सदस्यता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अल्पसंख्यक युवाओं को भाजपा में शामिल करवाती पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा।

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा कार्यालय में रविवार को पीएम मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर चाईबासा और ग्रामीण क्षेत्र के नवजवान युवक मो शहजादा, मो शमीम, मो इमदाद, मोअली हुसैन, मो अनीश, मो शाहबाद कुरैसी, मो बंटी, मो सदांभ हुसैन, मो छोटू, रमेश प्रजापति, बादल प्रजापति, मो काशीब, निरल देवगम, भीरू देवगम, महंती देवगम, नरेश देवगम भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी प्रत्याशी गीता कोड़ा, जिला अध्यक्ष संजय पांडे, पूर्व नगर अध्यक्ष नवीन गुप्ता, जिला उपाद्यक्ष राकेश बबलू शर्मा ने इनका स्वागत माला पहनाकर कर किया। संजय पांडे ने कहा कि आपसभी भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए आप सभी स्वागत है, आप सभी पार्टी के सिद्धांतों नीतियों के अनुरूप पुराने कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर कार्य कर पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बतायी मोदी सरकार की उपलब्धियां

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




मतदाताओं के बीच जन संपर्क करते भाजपाई।

**जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं का जनसंपर्क अभियान तेज हो गया। लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क से भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो को आशीर्वाद और समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। रविवार को जमशेदपुर पूर्वी विस के गोलमुरी, सीतारामडेरा समेत अन्य मंडल क्षेत्रों में सुबह-शाम सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान गोलमुरी मंडल क्षेत्र के विजय नगर, टाटा लाइन, न्यू टाटा लाइन, रामदेव बागान, देबुन बागान एवं सीतारामडेरा मंडल के कल्याण नगर, मुंडारी बस्ती, कान्हू भट्टा, आदर्श नगर समेत अन्य क्षेत्रों में पदयात्रा कर बुजुर्ग, युवा, महिलाओं, छात्राओं, दुकानदारों, मजदूरों के साथ समाज के अन्य वर्गों से मुलाकात कर भाजपा के पक्ष में समर्थन देकर विद्युत को भारी मतों से जिताने की अपील की।

## हमारे देश के नव निर्माण के लिए मतदान जरूर करें : मनोज मिश्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** 'मेरा मतदान देश के नवनिर्माण के लिए' नारे के साथ रोटी बैंक एवं झारखंड मानवाधिकार संगठन जेएचआरसी ने शहरी एवं ग्रामीण परिवेश मे सघन रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। रोटी बैंक एवं जेएचआरसी चेयरमेन मनोज मिश्रा ने अपने अभियान मे साफ किया कि हर मतदान देश के नव निर्माण के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसीलिए मतदान करते वक्त अपने प्रत्याशी की पूरी जानकारी अवश्य ही प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि पूर्वी सिंहभूम के वर्तमान जनप्रतिनिधि विद्युत वरण महतो ने 10 वर्षो मे अबतक कितने काम किये है, इसे आम जनता को बताना चाहिए। उन्होंने कहा है कि पूर्वी सिंहभूम में शिक्षा और स्वास्थ्य की स्थिति बेहद ही दयनीय है।

## टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी पीएन बोस को 169वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





टाटा स्टील के वीपी रॉ मैटेरियल्स डीबी सुंदररामम श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते व उपस्थित अन्य।।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी प्रमथ नाथ बोस (जिन्हें पी एन बोस के नाम से जाना जाता है) को आज उनकी 169वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। मौके पर डी बी सुंदरा रामम, वाइस प्रेसिडेंट, रॉ मैटेरियल्स, टाटा स्टील ने मुख्य अतिथि के रूप में तथा संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष, टाटा वर्कर्स यूनियन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। कार्यक्रम नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन (एनआरडी) ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सहयोग से किया था।

दिन की शुरुआत सुबह श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ हुई, जहां टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन तथा कर्मचारियों ने आर्मरी ग्राउंड के पास स्थित पी एन बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सभी स्थानों पर टाटा स्टील के कर्मचारियों के लिए डिजिटल श्रद्धांजलि की भी योजना बनायी गयी थी।

श्रद्धांजलि समारोह में टाटा स्टील के कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट चाणक्य चौधरी, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट की वाइस प्रेसिडेंट, अत्रेयी सान्याल, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष, शैलेश कुमार सिंह, टाटा वर्कर्स यूनियन के महासचिव सतीश कुमार सिंह, एनआरडी के चीफ, टाटा स्टील के अधिकारीगण और टाटा वर्कर्स यूनियन के सभी पदाधिकारीगण भी मौजूद थे। मौके पर टाटा स्टील के रॉ मैटेरियल्स के वाइस प्रेसिडेंट डीबी सुंदरा रामम ने कहा, पी एन बोस ने खानों और धातुओं के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी और यह उनकी दूरदर्शिता और खोजों का ही परिणाम है कि भारत का पहला एकीकृत इस्पात संयंत्र अस्तित्व में आया। श्रद्धांजलि के बाद टाटा स्टील के नेचुरल रिसोर्सेज डिवीजन ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस में पी एन बोस मेमोरियल व्याख्यान का भी आयोजन किया।

## एक नजर में

### मदर्स डे पर ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर



**जमशेदपुर।** रविवार को मदर्स डे पर शांति समिति आस्था वैली एवं ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल जमशेदपुर ने एक मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ शुभाशीष डे एवं डॉ मुकेश पटवारी ने 100 से ज्यादा लोगों की निशुल्क ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन, ईसीजी, बीएमआई एवं डेंटल चेक अप जांच किया गया। इससे पहले शिविर का उद्घाटन समाजसेवी के एम सिंह, अरुण सिन्हा, मंटू राय, राजेश श्रीवास्तव, अजय, अश्विनी, शुभरोजीत आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर के एम सिंह ने बताया कि ज्यादातर महिलाएं परिवार का ध्यान रखने के कारण अपने स्वास्थ्य का ध्यान नहीं रख पाती हैं। अत: इस शिविर के माध्यम से महिलाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का एक प्रयास किया है ताकि समाज के सभी लोग इसका लाभ उठा सके एवं एक स्वस्थ समाज का गठन किया जा सके।

### अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक में मतदान करने पर बल



**जमशेदपुर।** रविवार को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर की मासिक बैठक एग्रीको स्थित ट्रांसपोर्ट मैदान में आयोजित हुई, जिसमें मुख्यता: मतदान जागरूकता अभियान के तहत सभी पूर्व सैनिकों को अपने से जुड़े हर सदस्य को मतदान हेतु जागरूक करने का आवाह्न किया गया।आयोजित बैठक में इस लोकतंत्र के त्योहार में सम्मानित हो अपनी कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देने की अपील की गयी। बैठक का आरम्भ भारतमाता के स्मरण और शहीदों एवं शहीद परिवार को नमन के साथ हुआ। संगठन गीत जिलाध्यक्ष विनय यादव ने प्रस्तुत किया।इसके बाद संगठन से जुड़े नए सदस्यों का परिचय सत्र अवधेश कुमार के नेतृत्व में हुआ। बैठक में संगठन के जिला महामंत्री हवलदार जितेंद्र सिंह ने कहा कि हमेशा से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों का सम्मान और उनका नियोजन रहा है जिससे उनकी जीवन शैली समाज के साथ गतिमान हो सके। इसी कड़ी के तहत इस लोकतंत्र के पर्व में पूर्व सैनिक अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करे। बैठक में वरुण कुमार, जितेन्द्र सिंह, सुखविंदर सिंह, दीपक शर्मा, बिरजू कुमार, अवधेश कुमार, जसवीर सिंह, एस के सिंह, संतोष प्रसाद, विनय यादव, शिव कुमार, उमेश सिंह, वाई के मिश्रा, अमोद कुमार, सिद्धनाथ कुमार, शशिभूषण सिंह, संजय कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुन्दन, राकेश पांडे, किशोरी प्रसाद, राजेश कुमार, रमेश प्रसाद, संजीव श्रीवास्तव, सी के पांडेय, दलबीर सिंह, आर पी ठाकुर, रूपेश रॉ, गुप्तेज सिंह तोता, संतोष मिश्रा, विकास कुमार, पवन कुमार, संजय कुमार गिरि, ढड जयसवाल, रवि शंकर सिंह, गौतम लाल, बीरेंद्र सिंह एवं अन्य पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

### बीएसीइटी : मैकेनिकल ब्रांच के चार छात्रों का हुआ प्लेसमेंट



**जमशेदपुर।** बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतिम वर्ष के मैकेनिकल शाखा के चार छात्र मंगल महतो, लखी पदा गोप, आयुष्मान गर्ग और मोहम्मद सैफ आलम का अग्रणी निर्माण कंपनी नित्यंता कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में जीईटी के रूप में बहुत अच्छे पैकेज पर चयन हुआ है। 3 मई 24 को नित्यंता कंस्ट्रक्शन के कार्यालय में छात्रों का साक्षात्कार लिया गया। उन्हें कंपनी के विभिन्न निर्माण स्थानों नोआमुंडी, जोडा, रामगढ़, गुजरात में रखा जायेगा और 1 वर्ष के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा। कंपनी पावर प्रोजेक्ट, बॉयलर इरेक्शन, कन्वेयर इरेक्शन करती है। छात्रों को उनकी सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डा एसके सिंह, प्रभारी प्राचार्या डॉ प्रत्यंचा प्रसाद, उपप्राचार्य अनुमिता सेनगुप्ता, टीपीओ राहुल सिंह एवं सभी संकायाध्यक्षों ने बधाई दी।

### दीनबंधु ट्रस्ट बना असमर्थ मजदूर परिवार का सहारा



**जमशेदपुर।** दीनबंधु ट्रस्ट ने रविवार शंकोसाई के एक गरीब मजदूर परिवार की मदद की, जो श्राद्धकर्म करने में असमर्थ था। ट्रस्ट ने परिवार को राशन सामग्री देकर श्राद्धभोज और विधि-विधान संपन्न कराने में मदद की। ट्रस्ट के संस्थापक सह अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि परिवार के सदस्य दुखी थे और श्राद्धकर्म में असमर्थ थे। ट्रस्ट के सदस्यों ने परिवार से मिल दुख की घड़ी में उनका हौसला बढ़ाया और विधिवत तरीके से श्राद्धकर्म संपन्न कराने में मदद की। दीनबंधु ट्रस्ट असंगठित मजदूरों के लिए श्रमिक कार्ड और भवन निर्माण मजदूर के लिए कैंप लगाकर झारखंड भवन निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से भी निबंधन करवाती है, ताकि उनको सरकारी लाभ मिल सके। पहले से निबंधित मजदूरों को जागरूक कर लाभ दिलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करेगी। इसे सफल बनाने में ट्रस्ट के अध्यक्ष उत्तम चक्रवर्ती, सुनिता पोयरा, रूबी गोराई, कंचन यादव, नीतीश सरकार, विकास गुप्ता, राकेश दत्ता, जगदीश गोप, प्रतिमा का अहम योगदान रहा।

# चेन्नई ने राजस्थान को पांच विकेट से हराया

## चेन्नई ने प्लेऑफ की तरफ बढ़ाया मजबूत कदम, गायकवाड़ ने खेली कप्तानी पारी

एजेंसी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने होम ग्राउंड चेपॉक पर राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हराकर प्लेऑफ की ओर कदम बढ़ा दिए हैं, जबकि राजस्थान को एक और हार का सामना करना पड़ा जिससे उसका नॉकआउट में पहुंचने का इंतजार बढ़ गया। राजस्थान की यह लगातार तीसरी हार है। इससे पहले उसे सनराइजर्स हैदराबाद ने एक रन से, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने 20 रन से हराया था। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रियान पराग के 35 गेंदों पर नाबाद 47 रनों की पारी के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई ने 18.2 ओवर में पांच विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज कर ली। चेन्नई के लिए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने 41 गेंदों पर नाबाद 42 रनों की पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान दिया। राजस्थान की ओर से ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट झटके।



### फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हुए जडेजा

रवींद्र जडेजा फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट करार दिए गए। जडेजा रन आउट होने से बचने के लिए पीछे की ओर भाग रहे थे और जानबूझकर विकेट के सामने आ गए। संजू सैमसन ने जडेजा को आउट करने के लिए गेंद विकेट की ओर हिट की, लेकिन जडेजा के सामने होने से गेंद जडेजा को लगी। सैमसन ने फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट की अपील की और तीसरे अंपायर ने जडेजा को आउट करार दिया। आइपीएल में तीसरा मौका है जब कोई खिलाड़ी इस तरह आउट हुआ है। जडेजा से पहले अमित मिश्रा और युसुफ पठान भी फील्डिंग में बाधा डालने के कारण आउट हो चुके हैं। जडेजा छह गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हुए।

### मौजूदा सीजन पावरप्ले में ज्यादा विकेट नहीं ले सकी है चेन्नई

चेन्नई की टीम ने इस साल पावरप्ले में ज्यादा शिकार नहीं किए हैं। चेन्नई की टीम आइपीएल 2024 में पावरप्ले में 15 विकेट ही ले सकी है और इस दौरान न्यूनतम विकेट लेने की लिस्ट में दूसरे स्थान पर है। पावरप्ले में इस सीजन सबसे कम विकेट पंजाब किंग्स ने लिए हैं। पंजाब ने इस दौरान सिर्फ 14 विकेट ही झटके हैं। पंजाब और सीएसके के बाद आरसीबी का नंबर है जिसने पावरप्ले में 17 विकेट लिए हैं। राजस्थान की टीम में यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर जैसे दिग्गज खिलाड़ी हैं, लेकिन इस सीजन इन दोनों की जोड़ी ज्यादा धमाल नहीं मचा पा रही है। राजस्थान ने आइपीएल 2024 में सिर्फ 16 छक्के जड़े हैं और वह मौजूदा सीजन में न्यूनतम छक्के जड़ने के मामले में चेन्नई के बाद दूसरे स्थान पर है। चेन्नई ने पावरप्ले में सिर्फ 15 ही छक्के जड़े हैं।

### सिमरजीत का शानदार प्रदर्शन

पावरप्ले में भले ही चेन्नई की टीम कोई विकेट हासिल नहीं कर सकी, लेकिन सिमरजीत सिंह ने यशस्वी जायसवाल को आउट कर राजस्थान को पहला झटका दिया। यशस्वी 21 गेंदों पर 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बटलर भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सिमरजीत की गेंद पर ही पवेलियन लौटे। बटलर ने 25 गेंदों पर 21 रन बनाए। इस सीजन शानदार फॉर्म में चल रहे राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन को भी सिमरजीत ने अपना निशाना बनाया और वह 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

दिलचस्प बात यह है कि सिमरजीत ने ही राजस्थान के शुरूआती तीन विकेट लिए। संजू सैमसन भले ही इस मैच में कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने आइपीएल के मौजूदा सीजन में 486 रन पूरे कर लिए हैं जो उनका किसी एक आइपीएल सीजन में सर्वाधिक रन है। इससे पहले सैमसन ने 2021 सीजन में 484 रन बनाए थे।

### राजस्थान 141/5 (20ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. गायकवाड बो. सिंह | 24 | 21 | 03 | 01 |
| बटलर कै. देशपांडे बो. सिंह | 21 | 25 | 02 | 00 |
| सैमसन कै. गायकवाड बो. सिंह | 15 | 19 | 00 | 00 |
| रियान पराग नाबाद | 47 | 35 | 01 | 03 |
| जुरेल कै. ठाकुर बो. देशपांडे | 28 | 18 | 01 | 02 |
| शुभम दुबे कै. दुबे बो. देशपांडे | 00 | 01 | 00 | 00 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 05

**विकेट पतन** : 43-1, 49-2, 91-3, 131-4, 131-5.

**गेंदबाज** : तुषार देशपांडे : 4-0-30-2. महीश थीक्षाना : 4-0-28-0, शार्दूल ठाकुर : 4-0-32-0, सिमरजीत सिंह : 4-0-26-3, रवींद्र जडेजा : 4-0-24-0.

### चेन्नई 145/5 (18.2 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| रचीन कै. एंड बोल्ड अश्विन | 27 | 18 | 01 | 02 |
| ऋतुराज गायकवाड नाबाद | 42 | 41 | 01 | 02 |
| मिचेल एलबीडब्ल्यू चहल | 22 | 13 | 04 | 00 |
| मोईन कै. आवेश बो. बर्गर | 10 | 13 | 00 | 00 |
| दुबे कै. पराग बो. अश्विन | 18 | 11 | 02 | 01 |
| जडेजा क्षेत्ररक्षण में रुकावट | 05 | 06 | 00 | 00 |
| समीर रिजवी नाबाद | 15 | 08 | 03 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** :32-1, 67-2, 86-3, 107-4, 121-5.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 2.2-0-24-0, संदीप शर्मा : 3-0-30-0, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-35-2, नंद्रे बर्गर : 3-0-21-1, युजवेंद्र चहल : 4-0-22-1, आवेश खान : 2-0-12-0.

### आइपीएल 2024 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 | +1.428 |
| राजस्थान | 12 | 08 | 04 | 00 | 16 | +0.349 |
| चेन्नई | 13 | 07 | 06 | 00 | 14 | +0.528 |
| हैदराबाद | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 | +0.406 |
| बेंगलुरु | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 | +0.387 |
| दिल्ली | 13 | 06 | 07 | 00 | 12 | -0.482 |
| लखनऊ | 12 | 06 | 06 | 00 | 12 | -0.796 |
| गुजरात | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 | -1.063 |
| मुंबई | 13 | 04 | 09 | 00 | 08 | -0.271 |
| पंजाब | 12 | 04 | 08 | 00 | 08 | -0.423 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| कोहली | बेंगलुरु | 661 |
| गायकबाड | चेन्नई | 583 |
| हेड | हैदराबाद | 533 |
| सुदर्शन | गुजरात | 527 |
| सैमसन | राजस्थान | 486 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | टीम | विकेट |
|---|---|---|
| बुमराह | मुंबई | 20 |
| हर्षल | पंजाब | 20 |
| वरूण | कोलकाता | 18 |
| देशपांडे | चेन्नई | 16 |
| खलील | देल्ली | 16 |

## गुजरात का करो या मरो मुकाबले में मजबूत कोलकाता से सामना

**अहमदाबाद।** कप्तान शुभमन गिल की फॉर्म में वापसी से उत्साहित गुजरात टाइटंस को अगर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो उसे अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। गिल ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में शतक जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह आइपीएल में उनका चौथा शतक था। उनके अलावा साई सुदर्शन ने भी शतक लगाया। प्लेऑफ में जगह बनाने वाली पहली टीम केकेआर के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन टाइटंस के लिए काफी मायने रखेगा। अभी सात टीम प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई हैं। राजस्थान रॉयल्स (16) और सनराइजर्स हैदराबाद (14) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के समान 12 अंक हैं। टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 10 अंक हैं और वह अधिकतम 14 अंक तक पहुंच सकते हैं।

## जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** ब्रायन बेनेट (70)के हरफनमौला प्रदर्शन और सिकंदर रजा के नाबाद 72 रन की अर्धशतकीय पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने एकतरफा अंदाज में बांग्लादेश को पांचवें टी-20 मुकाबले में आठ विकेट से हरा दिया है। टी-20 विश्वकप 2024 के शुरू होने से पहले सभी टीमों द्वारा की जा रही अपनी तैयारियों को पुख्ता करने के मद्देनजर बांग्लादेश पहुंची जिम्बाब्वे की टीम पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला के शुरूआती चार मुकाबलों में मिली हार के साथ श्रृंखला भी गवां चुकी थी। ऐसे में आज खेले गये सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में बांग्लादेश को उलटफेर का सामना करना पड़ा है। जिम्बाब्वे की यह जीत शीर्ष टीमों के लिये चेतावनी है कि वह उन्हें हल्के में ना ले।

## भारत के परवेज खान ने जीता कॉलेजिएट दौड़ में 1500 मीटर का खिताब

**लुइसियाना।** भारत के परवेज खान ने कॉलेजिएट एथलेटिक्स प्रतियोगिता एसईसी आउटडोर ट्रैक एंड फील्ड चैंपियनशिप 2024 में पुरुषों की 1500 मीटर का खिताब अपने नाम किया। अमेरिका के लुइसियाना प्रांत में साउथईस्टर्न कॉन्फ्रेंस द्वारा आयोजित हुई इस स्पर्धा में परवेज खान ने अंतिम चरण में बढ़त बनाई और बैटन रूज के एलएसयू बर्नी मूर स्टेडियम में दौड़ जीतने के लिए तीन मिनट और 42.73 सेकेंड का समय लिया।

## दीक्षा ने महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**नयी दिल्ली।** भारतीय ट्रैक एथलीट के एम दीक्षा ने लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ट्रैक महोत्सव में महिलाओं की 1500 मीटर में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि अविनाश साबले पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे। दीक्षा ने शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 4 मिनट 4.78 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने हरमिलन बैंस का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2021 में वारंगल में राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 मिनट 5.39 सेकंड के समय के साथ रिकॉर्ड बनाया था। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के रहने वाली दीक्षा का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4 मिनट 6.07 सेकंड था जो उन्होंने 2023 में भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल किया था। महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में पारुल चौधरी 15 मिनट 10.69 सेकंड का समय लेकर पांचवें स्थान पर रही जबकि अंकिता ने इसी स्पर्धा में 15 मिनट 28.88 सेकंड का समय लेकर दसवां स्थान हासिल किया। साबले ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में 13 मिनट 20.37 सेकंड का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी गुलवीर सिंह ने 13 मिनट 31.95 सेकंड में दौड़ पूरी की।

# बेंगलुरु ने लगातार पांचवां मैच जीता

एजेंसी

**बेंगलुरु।** आइपीएल 2024 के 62वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दिल्ली कैपिटल्स को 47 रनों से हरा दिया है। यह आरसीबी की लगातार पांचवीं जीत रही। टीम अभी भी प्लेऑफ की रेस में बरकरार है। उसके 13 मैचों के बाद छह जीत और सात हार के साथ 12 अंक हैं। दिल्ली पर जीत के साथ टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। बेंगलुरु को आखिरी मैच 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चिन्नास्वामी में ही खेलना है। इस मैच पर दोनों ही टीमों की किस्मत निर्भर होगी। चेन्नई की जीत पर आरसीबी प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। वहीं, अगर बेंगलुरु जीतती है तो उसे अच्छे अंतर से जीत हासिल करनी होगी, ताकि नेट रन रेट चेन्नई से बेहतर हो सके। इसके बाद भी बेंगलुरु को अन्य टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा।बेंगलुरु-दिल्ली और लखनऊ तीनों के 12-12 अंक हैं। लखनऊ ने अभी तक 11 मैच ही खेला है और यह टीम 16 अंक तक पहुंच सकती है। वहीं, दिल्ली और बेंगलुरु के 13-13 मैच हो चुके हैं। इस हार से दिल्ली भी अब अधिकतम 14 अंक तक ही पहुंच सकती है। हालांकि, इसके लिए उन्हें 14 मई को अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ जीत हासिल करनी होगी। कोलकाता की टीम 18 अंक लेकर पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। वहीं, राजस्थान 12 मैचों में 16 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है। चेन्नई के 13 मैचों के बाद 14 अंक हैं, जबकि सनराइजर्स की टीम 12 मैचों में 14 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 187 रन बनाए थे। रजत पाटीदार ने 32 गेंद में 52 रन और विल जैक्स ने 29 गेंद में 41 रन की पारी खेली थी। विराट कोहली ने 27 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। ऋषभ पंत की जगह मैच में कप्तानी कर रहे अक्षर पटेल ने 39 गेंद में 57 रन बनाए। यश दयाल ने तीन और लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट झटके।

### पाटीदार ने फिर बल्ले से किया कमाल

रजत पाटीदार ने 32 गेंद में तीन छक्कों और तीन चौकों से 52 रन की पारी खेली। उन्होंने विल जैक्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी भी की। जैक्स के बल्ले से 29 गेंद में 41 रन निकले। कैमरन ग्रीन ने अंत में 24 गेंद में नाबाद 32 रन बनाए। दिल्ली की ओर से रसिख सलाम और खलील अहमद ने दो-दो विकेट चटकाए। ईशांत शर्मा, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने एक-एक विकेट चटकाया।



### अक्षर पटेल को नहीं मिला साथ

आरसीबी के 188 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम ने ने चौथे ओवर में ही 30 रन पर चार विकेट खो दिए थे। इसके बाद कार्यवाहक कप्तान अक्षर पटेल के अर्धशतक और शाई होप (29) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 56 रन की साझेदारी के बावजूद 19.1 ओवर में 140 रन पर सिमट गई। अक्षर ने 39 गेंद पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 57 रन रनों की पारी खेली। दिल्ली को इस मैच में नियमित कप्तान ऋषभ पंत की कमी खली जिन्हें एक मैच के लिए निलंबित किया गया है। आरसीबी की ओर से यश दयाल ने 20 रन देकर तीन जबकि लॉकी फर्ग्युसन ने 23 रन देकर दो विकेट चटकाए। कैमरुन ग्रीन ने किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

### बेंगलुरु 187/9 (20 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| कोहली कै. पोरेल बो. इशांत | 27 | 13 | 01 | 03 |
| डु प्लेसिस कै. मैकगर्क बो. मुकेश | 06 | 07 | 01 | 00 |
| जैक्स कै. पटेल बो. कुलदीप | 41 | 29 | 03 | 02 |
| पाटीदार कै. पटेल बो. रसिख | 52 | 32 | 03 | 03 |
| कैमरन ग्रीन नाबाद | 32 | 24 | 01 | 02 |
| लोमरोर कै. पोरेल बो. खलील | 13 | 08 | 00 | 01 |
| कार्तिक कै. कुलदीप बो. खलील | 00 | 02 | 00 | 00 |
| स्वप्निल कै. कुशाग्रा बो. रसिख | 00 | 01 | 00 | 00 |
| कर्ण शर्मा रन आउट | 06 | 04 | 01 | 00 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 00 | 00 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन** : 23-1, 36-2, 124-3, 137-4, 174-5, 174-6, 176-7, 185-8, 187-9.

**गेंदबाज** :इशांत शर्मा : 3-0-31-1, खलील अहमद : 4-0-31-2, मुकेश कुमार : 3-0-23-1, अक्षर पटेल : 3-0-24-0, कुलदीप यादव : 4-0-52-1, रसिख दार : 3-0-23-2.

### दिल्ली 140/10 (19.1 ओवर)

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| वॉर्नर कै. जैक्स बो. स्वप्निल | 10 | 20 | 00 | 00 |
| मैकगर्क रन आउट | 21 | 08 | 02 | 02 |
| पोरेल कै. फर्ग्यूसन बो. दयाल | 02 | 03 | 00 | 00 |
| होप कै. कर्ण बो. फर्ग्यूसन | 29 | 23 | 04 | 00 |
| कुशाग्रा एलबीडब्ल्यू सिराज | 02 | 03 | 00 | 00 |
| अक्षर कै. फाफ बो. दयाल | 57 | 39 | 05 | 03 |
| ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट | 03 | 04 | 00 | 00 |
| रसिख दार कै. जैक्स बो. ग्रीन | 10 | 12 | 01 | 00 |
| कुलदीप यादव बो. यश दयाल | 06 | 10 | 00 | 00 |
| मुकेश कै. लोमरोर बो. फर्ग्यूसन | 03 | 07 | 00 | 00 |
| इशांत शर्मा नाबाद | 00 | 04 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 06

**विकेट पतन** : 8-1, 24-2, 24-3, 30-4, 86-5, 90-6, 127-7, 128-8, 135-9, 140-10.

**गेंदबाज** : स्वप्निल सिंह : 1-0-9-1, मोहम्मद सिराज : 4-0-33-1, यश दयाल : 3.1-0-20-3, कर्ण शर्मा : 2-0-19-0, लॉकी फर्ग्यूसन : 4-0-23-2, कैमरन ग्रीन : 4-0-19-1, विल जैक्स : 1-0-16-0.

## कार्लसन ने जीता रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट प्रगनानंदा को चौथा स्थान, 10वें नंबर पर रहे गुकेश

एजेंसी

**वारसॉ।** मैग्नस कार्लसन ने सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है। वहीं, भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रगनानंदा इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहे। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर का हिस्सा है। अंतिम दिन कार्लसन ने ब्लिट्ज वर्ग में नौ में से आठ अंक जुटाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। चीन के वेई यी अंतिम दिन 2.5 अंक की बढ़त के साथ उतरे थे, लेकिन अंतिम नौ बाजियों में पांच ही अंक जुटा सके और दूसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लसन ने अंतिम दिन सात बाजी जीती और दो ड्रॉ की। उन्होंने कुल 26 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वेई उनसे आधा अंक पीछे दूसरे स्थान पर रहे पोलैंड के डुडा यान क्रिस्टोफ ने 19.5 अंक के साथ



तीसरा, जबकि प्रगनानंदा ने 19 अंक के साथ चौथा स्थान हासिल किया। भारत के अर्जुन एरिगेसी 18 अंक के साथ पांचवें स्थान पर रहे। नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव ने 17.5 अंक के साथ छठा, जबकि किरिल शेवचेनकोव ने 17 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया।भारत के ही अनीष गिरी 14 अंक के आथ आठवें स्थान पर रहे। जर्मनी के विन्सेंट केमर उनसे आधा अंक पीछे नौवें स्थान पर रहे, जबकि विश्व चैंपियनशिप के सबसे युवा चैलेंजर भारत के स्टार चेस खिलाड़ी डी गुकेश ने 12.5 अंक के साथ 10वां स्थान हासिल किया।

## ईशा-अनीष का शानदार प्रदर्शन, दर्ज की दूसरी जीत

एजेंसी

**भोपाल।** महिला निशानेबाज ईशा सिंह और अनीष भानवाला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक ट्रायल में दूसरी जीत दर्ज की। ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल और अनीष ने पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में रविवार को जीत हासिल की। अनीष ने दिल्ली में इसी स्पर्धा का पहला ट्रायल जीता था, जबकि ईशा ने भी दिल्ली में कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के दूसरे ट्रायल में जीत दर्ज की थी।

### अनीष ने बनाया दबदबा

पुरुष रैपिड फायर पिस्टल फाइनल में अनीष ने दबदबा बनाया। उन्होंने पांच निशानों की शुरुआती तीन सीरीज में सभी सटीक निशाने लगाए। उन्होंने 36 अंक के साथ खिताब जीता। विजयवीर सिद्धू 31 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अंकुर गोयल ने 19 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। आदर्श सिंह और भावेश शेखावत क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। ये सभी 10 निशानेबाज सोमवार को ओलंपिक चयन ट्रायल के चौथे और अंतिम ट्रायल में हिस्सा लेंगे।

### पिस्टल में मनु भाकर दूसरे स्थान पर रहीं

मध्य प्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी (एमपीएसएसए) रेंज में ईशा ने महिला 25 मीटर पिस्टल ट्रायल में पहली जीत दर्ज की। उन्होंने फाइनल में 43 अंक जुटाए। उनका स्कोर इसी महीने बाकू विश्व कप में कोरिया की किम येजी के विश्व रिकॉर्ड स्कोर से एक अंक अधिक है। मनु भाकर 40 निशाने लगाकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि रिद्धम सांगवान ने 33 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। सिमरनप्रीत कौर बरार और अभिदन्या पाटिल ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया। शुरूआती टीम ट्रायल के बाद महिला स्पोर्ट पिस्टल में मुन



ने ईशा पर बढ़त बना रखी है, जबकि पुरुष रैपिड फायर पिस्टल में अनीष पहले स्थान पर चल रहे विजयवीर से काफी आगे हैं। मालूम हो कि पेरिस ओलंपिक का आयोजन इस साल जुलाई-अगस्त में होना है। भारतीय निशानेबाजों ने बेहतर प्रदर्शन करने की उम्मीद है।

## सिर पर बोतल गिरने के एक दिन बाद नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन में पहना हेलमेट

एजेंसी

**रोम।** एक मैच जीतने के बाद ऑटोग्राफ देते समय उनके सिर पर पानी की बोतल लगने के एक दिन बाद, सर्बियाई टेनिस के दिग्गज नोवाक जोकोविच शनिवार को इटालियन ओपन में हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने गए। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने शुक्रवार को इटालियन ओपन में अपने सामने आए डरावने क्षण पर प्रकाश डाला, जब ऑटोग्राफ देते समय एक प्रशंसक के बैग से बोतल गलती से गिर गई और जोकोविच के सिर पर जा लगी। घटना के तुरंत बाद सर्बियाई टेनिस स्टार को अपना सिर पकड़ते हुए और जमीन पर गिरते हुए देखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के प्रवक्ता ने बाद में कहा कि जोकोविच की 'स्थिति चिंता का कारण नहीं है'। जोकोविच ने शनिवार को पूरी घटना पर प्रकाश डाला जब वह हेलमेट के साथ फोरो इटालिको पहुंचे। छह बार का रोम चैंपियन शनिवार को अभ्यास के लिए कार्यक्रम स्थल पर लौटा और हेलमेट पहनकर ऑटोग्राफ देने के लिए प्रशंसकों के पास आया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, आज मैं तैयारी करके आया हूं। तभी एक प्रशंसक झुक गया और पानी की बोतल गलती से उनके बुकबैग से गिर गई और जोकोविच के सिर में लग गई। टूर्नामेंट आयोजकों ने इसके तुरंत बाद एक बयान में कहा, नोवाक जोकोविच के अपने मैच के अंत में सेंट्रल कोर्ट से बाहर निकलते समय दर्शकों को ऑटोग्राफ देते समय गलती से पानी की बोतल उनके सिर पर लग गई। उन्हें उचित दवा दी गई और वह पहले ही अपने होटल लौटने के लिए फोरो इटालिको छोड़ चुके हैं। उनकी हालत ठीक है।

# शंखनाद के साथ मोदी का पटना में रोड शो

## सड़क के दोनों ओर से हो रही फूलों की बारिश, पूजा की थाल लेकर पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं

एजेंसी





**पटना।** बिहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रोड शो रविवार को भट्टाचार्य रोड से शाम 7:20 बजे शुरू हुआ। इस दौरान पूरा शहर मोदीमय हो गया। पीएम के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, रविशंकर प्रसाद भी रथ पर सवार थे। पीएम का यह रोड शो कदमकुआं, ठाकुरबाड़ी होते हुए उद्योग भवन तक गया। बिहार के इतिहास में पहली बार किसी प्रधानमंत्री पटना में रोड शो हुआ। पटना वासी सड़कों पर लोगों में काफी उत्साहित दिखे। बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग और युवाओं ने पारंपरिक पोशाक पहनकर और मोदी के नाम के पोस्टर लेकर सड़क पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। पीएम मोदी को देखने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी पूजा की थल लिए सड़क पर बुर्के में नजर आयीं। सड़क के दोनों तरफ बनाये गये स्टेज से मोदी पर फूलों की बारिश होती रही। इस दौरान सड़कों पर जय श्री राम और भारत माता की जय के स्वर गूंज रहे थे। लोग राम धून पर नृत्य करते रहे। पीएम मोदी के इस दो किलोमीटर लंबे रोड शो के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। करीब 2 घंटे तक चले रोड शो की सुरक्षा में करीब 3000 पुलिस कर्मी, पैर मिलिट्री के साथ ही एसपीजी और एनएसजी कमांडो भी तैनात थे। रोड शो के पूरे रूट को सजाया गया था। बेहतरीन लाइटिंग देर रात तक जगमगाती रही। पीएम के स्वागत के लिए रोड शो के रास्ते में जगह-जगह झांकियां और मंच बने थे। रोड शो में बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं भी पहुंची। पीएम के स्वागत में ये महिलाएं सड़क किनारे पूजा की थाली और चंदन टीका लेकर खड़ी थीं। इन महिलाओं ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की, साथ ही जी श्रीराम के नारे भी लगाये। उनके स्वागत के लिए विभिन्न संप्रदाय के साधु संत भी पटना पहुंचे थे। रोड शो को लेकर पटना साहिब से भाजपा के प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद सहित कई भाजपा नेता मौके पर मौजूद थे। वो लोगों के पास जा-जाकर उनसे मिलते रहे। कदमकुआं में निर्मित मंच के पास सफेद शर्ट और काले पैंट में वकील भी पहुंचे थे। वे धारा 370 व ट्रिपल तलाक को खत्म करने, भव्य राम मंदिर के निर्माण व न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने की दिशा में प्रभावी परिणाम के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद कर रहे थे।

## शराब तस्करों से पैसे वसूली का वीडियो वायरल, जांच के आदेश



एजेंसी

**अररिया।** जिले के नरपतगंज प्रखंड क्षेत्र के घुरना थाना के हाजत के सामने थाना के सिपाही द्वारा शराब तस्करों से नोट का बंडल लेने का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो फुटेज में थाना के होमगार्ड के जवान द्वारा पैसे लेते हुए थाना के अधिकारी को भी पैसा देने की बात कही जा रही है। वायरल वीडियो के मामले को लेकर जब जानकारी ली गई तो पता चला कि विगत 28 अप्रैल को दो शराब तस्करों को दो बाइक समेत तीन सौ बोतल शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना लाया गया था।

## गुंडो ने रंगदारी नहीं देने पर महिला सरपंच के पांच परिवार को किया जख्मी

एजेंसी

**नवादा।** नवादा में रंगदारी की डिमांड पूरी न करने पर दबंगों ने रविवार को एक परिवार पर कहर बरपाया है। दबंगों ने महिला सरपंच समेत पति, बेटा, बेटी और भतीजा पर जानलेवा हमला किया है। इस हमले में महिला सरपंच समेत 5 सदस्य बुरी तरह से घायल हो गए हैं। सभी को परिजनों ने आनन-फानन में नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां अस्पताल में तैनात चिकत्सक द्वारा सभी का इलाज जारी है।

पीड़ित महिला सरपंच के पति संजय राजवंशी ने बताया कि तारगिल में मनरेगा के तहत पैन की सफाई का काम किया जा रहा था।

## मंत्री ने बाबा खोनहर नाथ मंदिर में सपरिवार की पूजा अर्चना



बाबा खोंहर मंदिर में पूजा अर्चना करते मंत्री व परिजन

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकर के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवर को बाबा खोनहर नाथ मंदिर में अपने पुरे परिवार के साथ पूजा अर्चना किया। मंत्री ने पूजा अर्चना कर बाबा भोले नाथ से क्षेत्र की खुशहाली, सुख समृद्धि एवं लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने खोनाहर नाथ बाबा को जलाभिषेक किया। उन्होंने कहा कि बाबा खोनहर नाथ मंदिर ऐतिहासिक मंदिर है। बाबा खोनहर नाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर अलम, परेश तिवारी, दिलीप गुप्ता, राजा सिंह, अविनाश दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## परशुराम इलेवन ने जैन सुपर किंग्स को हराया




एजेंसी

**अररिया।** फारबिसगंज मारवाड़ी युवा मंच द्वारा पाठशाला के मैदान में आयोजित मारवाड़ी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट के दूसरे मैच में रविवार को परशुराम इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में जैन सुपर किंग्स को पराजित किया। टॉस जीतकर परशुराम इलेवन के कप्तान पूनम पांडिया ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जैन सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरो में 170 रन बनाकर परशुराम इलेवन को 171 रन का लक्ष्य दिया। जहां जैन सुपर किंग्स के कप्तान संदीप गोलछा ने अर्द्ध-शतक लगाकर एवं यश जैन ने 39 रन बनाकर अपना बेहतरीन योगदान दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी परशुराम इलेवन के सौरभ शर्मा ने 94 रन की शानदार पारी खेल अपनी टीम को मैच जीतने में अहम योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच सौरभ शर्मा रहे हैं।वही गेम चेंजर का खिताब सोहित को मिला। परशुराम इलेवन ने 14.4 ओवर में 173 रन 4 विकेट के नुकसान पर बना मैच को अपने नाम कर लिया।

## नालंदा में परिंडा बना बेजुबानों का सहारा

**बिहारशरीफ।** 12 मई को गिरियक प्रखंड के चोरसुआ ग्राम में स्थित पंचायत सरकारी भवन में गौरैया विहग फाउंडेशन और मुखिया चंदन कुमार के सहयोग से इस भीषण गर्मी में पशु पक्षी के बचाव हेतु हर घर परिंडा अभियान का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गौरैया विहग फाउंडेशन संस्थापक निदेशक राजीव रंजन पाण्डेय ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है।

## जहरीले सांप ने युवक को डंसा

**रमना।** शनिवार की रात्रि सिलीदाग पंचायत के वार्ड ग्यारह के वार्ड सदस्य प्रदीप कुमार जहरीले सांप के काटने से मुर्छित हो गए। उनके परिजनों नें तत्काल उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार प्रदीप शाम में महादेव मोड़ स्थित महादेव किराना दुकान पर उपस्थित लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी क्रम में विषैला सांप उनके दाहिने पैर के ऊंगली के पास काट दिया।

## हमसे दो बार हुई गड़बड़ी, अब नहीं होगी, भाजपा के साथ मिलकर करेंगे काम : नीतीश

एजेंसी



**गोपालगंज।** सीएम नीतीश कुमार ने गोपालगंज सुरक्षित संसदीय सीट की जीत सुनिश्चित करने के लिए रविवार को पहली बार जिले के मोहमदपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के गृह जिले में पहुंचे नीतीश कुमार के निशाने पर लालू परिवार रहा। महम्मदपुर के गोविंद दास हाईस्कूल में पहुंचे नीतीश कुमार ने कहा कि वो केवल अपना परिवार बढ़ाए और मेरा परिवार पूरा बिहार है। उन्होंने कहा कि 15 साल राज करने को मिला इन लोगों ने कुछ नहीं किया।

लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि वो 7 साल राज करने के बाद जेल जाने लगे तो अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री के पद पर बैठा दिए। कोई काम नहीं किया। लालू यादव केवल अपने बेटे बेटियो को आगे बढ़ाने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि हमसे दो बार गड़बड़ी हुई है। दो बार उनके साथ गए लेकिन जब देखे कि सरकार में गड़बड़ी हो रही है तो हटना पड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कहीं नहीं जायेंगे और 1995 से जो हमारा भाजपा का साथ है उसे निभाएंगे। भाजपा के साथ मिलकर काम करेंगे और देश और राज्य का विकास करेंगे।

मुख्यमंत्री ने जिले में हो रहे विकास कार्यों को भी गिनाया। जिले में एक इंजीनियरिंग कॉलेज, दो पॉलीटेक्निक कॉलेज, तीन आईटीआई और गोपालगंज सदर अस्पताल में बन रहे अत्याधुनिक हॉस्पिटल को विकास का प्रतीक बताया।

### चुनाव आयोग के निर्देश पर मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर की कि जांच

**गोपालगंज।** जिले में 25 मई को होने लोकसभा आम चुनाव को लेकर रविवार को अपने पार्टी के लिए चुनाव प्रचार प्रसार करने बैकुंठपुर विधान सभा क्षेत्र के गोविंद दास उच्च विद्यालय में पहुंचें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सभा स्थल के समीप हेलीकॉप्टर का चुनाव आयोग के निर्देश पर व्यय प्रेक्षक प्रदीप शर्मा (आईआरएएस) के नेतृत्व में व्यय प्रेक्षक की टीम ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा में तैनात सुरक्षा गार्ड की देखरेख में जांच किया। साथ के साथ वीडियो भी कराया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभा स्थल का ड्रोन कैमरे से निगरानी भी किया गया।चुनाव प्रेक्षक के अनुसार चुनाव आयोग का आदेश है की सभी स्टार प्रचारक को हेलीकॉप्टर की जांच पड़ताल किया जाय,जिसके आदेश के आलोक में जहां जहां कमर्शियनल हैली पैड के साथ अन्य जगहों पर उतरने वाले स्टार प्रचारको की हेलीकॉप्टर की जांच पड़ताल करने का निर्देश आयोग से प्राप्त हुआ है।

### अंचल क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र है मॉडल

## रहेगी सीसीटीवी की पुरी व्यवस्था : एईआरओ




जानकारी देते पदाधिकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** लोकसभा सभा चुनाव को लेकर 13 मई को मतदान को लेकर अंचल स्तरीय पदाधिकारी के द्वारा सभी मतदान केंद्रों पर विधि व्यवस्था कर ली गई है। बताते चलें कि लोकसभा चुनाव में मझिआंव अंचल क्षेत्र से 56,873, बरडीहा अंचल क्षेत्र से 29,121 एवं कांडी प्रखंड क्षेत्र से 83,190 मतदाता हैं। तीनों आंचल मिलकर कुल 1,69,184 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे। इस संबंध में पूछे जाने पर मझिआंव सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी शंभू राम ने जानकारी देते हुए कहा कि मझिआंव अंचल क्षेत्र के सभी मडल बूथ है। सभी बूथों पर सीसीटीवी लगाई गई है और 7 इजर बनाए गए हैं। मतदान कर्मियों को मूलभूत सुविधाएं व्यवस्था कर दी गई है। इसके साथ बीएलओ हेल्प डेस्क, चिकित्सा सुविधा, धूम्रपान निषेद्य, मतदान कैसे करें एवं बु़ा का सामान्य की पोस्टर की व्यवस्था कर दी गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सीओ के द्वारा संयुक्त रूप से सभी मतदान केंद्रों को सजाने के लिए बैलून एवं झालर भी उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों के सहिया को दो बाल्टी, दो मग भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को कोई असुविधा ना हो जिसके लिए सारी विधि व्यवस्था कर ली गई है।

## लोकतंत्र के महापर्व में भी कांडी बाजार मेन रोड की हालत बनी रही नारकीय

### आधे-अधूरे व त्रुटिपूर्ण नाली निर्माण के कारण बाजार व मेन रोड में पसरी रहती है गंदगी

खबर मन्त्र संवाददाता



मेन रोड में गंदगी

**कांडी।** एक बड़े ठेकेदार ने कांडी बाजार में नाली की जगह नरक बनाकर छोड़ दिया है। इस कारण बाजार मेन रोड से होकर हर आने जानेवालों को मल मूत्र मिले गंदे पानी के छींटों का सौगात मिल रहा है। इसे मुख्य सड़क व बाजार क्षेत्र में पसरे नाली के पानी को देखकर कोई सहज ही समझ सकता है। मालूम हो कि कांडी बाजार स्थित कर्पूरी चौक से मझिगावां कवलदाग होते भवनाथपुर टाउनशिप तक सड़क का निर्माण कार्य 6-7 वर्षों से चल रहा है। इस योजना के तहत कांडी में सड़क की दोनों तरफ करीब 3 हजार फीट लंबी नाली का निर्माण किया जाना था। जिसकी जगह मात्र बाजार में,करीब 250 फीट लंबी बिना ढक्कन की नाली का निर्माण कराया गया। इस नाली का निर्माण भी त्रुटि पूर्ण है। बहाव की तरफ ही नाली ऊंची है। नतीजा है कि पानी बजाय आगे की ओर बहने के पीछे की ओर भरते जाता है। कचड़ा व गंदा पानी भरने के बाद सड़क पर व बाजार क्षेत्र में गंद्गी का ओवरफ्लो होता है। तस्वीर में वही गंदा पानी सड़क पर पसरा हुआ दीख रहा है। कांडी पंचायत के पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद ने कहा इस विषय में ठेकेदार से कई बार कहा गया। प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया। लेकिन प्रखंड मुख्यालय की इस नारकीय स्थिति से किसी को कुछ लेना देना नहीं है। नाली से निरंतर फैल रही गंद्गी कांडी के चेहरे पर लगा बदनुमा दाग है। बाहर से आनेवाला प्रत्येक व्यक्ति कांडी व कांडी वासियों पर गंभीर टिप्पणी करने से नहीं चूकता। दूसरी तरफ यह गंद्गी कभी भी कांडी को महामारी की चपेट में डाल सकती है। पूर्व मुखिया ने कहा कि 5 वर्ष पर लोकतंत्र का महापर्व आया है। जिसे लेकर काफी संख्या में बाहरी अधिकारी, कर्मचारी व सुरक्षाबलों का आना जाना हो रहा है। ऐसे अवसर पर वे तमाम लोग कांडी के प्रति गंदी धारणा लेकर ही जाएंगे। क्योंकि चुनाव को ध्यान में रखकर भी इसकी सफाई कराना मुनासिब नहीं समझा गया। मैं स्वयं इसकी हालत देखता हूं। आप भी वहीं रहिए।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के मसरा गांव निवासी स्व. गोपीचंद साव का पुत्र वीरेंद्र साव मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। जिसके बाद उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जानकारी के अनुसार वीरेंद्र मसरा मोड़ के पास होटल का सामान लेने के लिए गया हुआ था। वापस लौटने के दौरान मसरा गांव में ही उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।

## आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** जिले के श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के जमुना गांव निवासी सूर्य देव राम की पत्नी निशा देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## महिला ने खाया कीटनाशक

**गढ़वा।** जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के पूरहे गांव निवासी मुखलाल रजवार की पत्नी संगीता देवी ने अपने पति से तंग आकर कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। शनिवार को संगीता अपने मायके खरडीहा से ससुराल गई थी। इसके बाद उसके पति ने उसे डराने धमकाने लगा, इसके बाद संगीता ने कीटनाशक खा लिया।

## सर्पदंष से बच्ची घायल

**गढ़वा।** जिले के धुरकी थाना क्षेत्र के अंबाखोरेया गांव निवासी ओमप्रकाश केशरी की पुत्री कंचन केशरी सात वर्ष सांप काटने से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि कंचन खेल रही थी, इसी दौरान सांप ने उसके पैर में काट लिया।

## खबर एक नजर में

### मंत्री मिथिलेश ने सपरिवार श्री बंशीधर मंदिर में की पूजा अर्चना



बाबा बंशीधर मंदिर में पूजा अर्चना करते मंत्री

**श्री बंशीधर नगर।** प्रदेश के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को सपरिवार श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत दर्शन पूजन कर प्रदेश में अमन चैन और सुख समृद्धि की कामना की। आचार्य श्रीकांत मिश्र और आचार्य सत्यनारायण मिश्र ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचोपचार विधि से पूजन संपन्न कराया। दर्शन पूजन के बाद ट्रस्ट की ओर से मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं उनकी पत्नी को चुनरी ओढ़ा कर स्वागत किया गया।

### वर्तमान सांसद को जनता ने नकार, मुझ पर जीत की लगा दी है मुहर: डॉ. राजेश

**पूर्वी चंपारण।** जनता के पुकार पर मुझे प्रत्याशी बनाया गया है। जनता ही किसी को हीरो बनाती हैं और जनता ही जीरो बनाती हैं। लोग वर्तमान सांसद को 25 साल से देख रहे है। जनता ने उनको अब नकार दिया है और मुझ पर जीत की मुहर लगा दी है। उक्त बातें रविवार को जनसम्पर्क के दौरान पीपरा कोठी थाना क्षेत्र के रामगढ़ महुअवा स्थित पैक्स अध्यक्ष भाग्यनारायन यादव के दरवाजे पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केसरिया के पूर्व विधायक सह वीआईपी प्रत्याशी डॉ. राजेश कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ जनता को बरगलाने का काम कर रही है। एक भी विकास का काम धरातल पर नहीं दिख रहा है। इस बार सभी धर्म व जाति के लोग महागठबंधन के साथ है। पैक्स अध्यक्ष भाग्यनारायन यादव ने कहा कि भाजपा नेताओं ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर बीते चुनाव में भोली-भाली जनता का वोट ले लिया। मोदी सरकार में जनता के बुरे दिन आ गए। अबकी बार 400 पार का नारा देने वाले मोदी के प्रत्याशी को मतदाता चार लाख से अधिक मत से हरायेगी।

### नशे की चपेट में नालंदा का युवा वर्ग

**बिहारशरीफ।** संघर्ष को मानव जीवन का दूसरा नाम कहा जाता है। इसी संघर्ष से व्यक्ति कुंदन की तरह शुद्ध और पवित्र बन जाता है, जिन लोगों का हृदय कमजोर होता है या जिनका निश्चय सुदृढ नहीं होता है, वे संघर्ष के आगे घुटने टेक देते हैं। वे अपनी सफलता से बचने के लिए नशे को सहारा बनाते हैं। वर्तमान परिवेश में जिस तरह युवा वर्ग नशे की चपेट में अपनी जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं, वह कहीं से भी उचित नहीं है। युवाओं की जिंदगी को संवारने में उनके माता-पिता का अहम किरदार होता है।

### स्वास्थ्य सुविधा को अंतिम पायदान तक पहुंचाने में नर्सों की अहम भूमिका: सिविल सर्जन

**किशनगंज।** किसी बीमारी से उबरने में जितना बड़ा योगदान दवाओं और इलाज का होता है, उतना ही सही देखभाल का भी होता है। इसमें डॉक्टर्स से कहीं बड़ी जिम्मेदारी नर्सेज निभाती हैं, जो 24 घंटे मरीज की देखरेख में लगी रहती हैं। इन्हें सम्मान देने के मकसद से दुनियाभर में हर साल 12 मई को ह्यअंतरराष्ट्रीय नर्स दिवसह्ल मनाया जाता है। विश्व में कोरोना महामारी के दौर में जब करोड़ों की तादाद में लोग अस्पतालों में थे, तब डॉक्टर्स के साथ नर्सों ने अपनी जान की परवाह किए बिना लोगों की जिंदगियां बचाईं। हेल्थकेयर इंडस्ट्री में दशकों से नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वैश्विक महामारी कोरोना काल की बातें या चचाएं शुरू होती है तो आम से लेकर खास तक की जुबां पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं नर्सों का ख्याल सबसे पहले आ जाता है। क्योंकि इन्हीं लोगों की बदौलत न जाने कितने की जिंदगी वापस लौटी होगी। यह दिन इन मेहनती पेशेवरों के योगदान की याद दिलाता है, जिनके बिना स्वास्थ्य सेवाएं अधूरी हैं। कोविड महामारी में भी आपने देखा होगा, कि कैसे फ्रंटलाइन में खड़े होकर यह लोग हर एक जिंदगी को बचाने की कोशिश कर रहे थे। इसी क्रम में जिले के सदर अस्पताल में विश्व नर्स दिवस के उपलक्ष्य में केक काटकर कार्यरत सभी नर्स को बधाई दी गयी।

## पेज एक का शेष

### भाजपा ने झारखंड को ...

पीएम आवास की राशि जब रोक दी गयी तो आपकी सरकार ने अपने बूते दो लाख लोगों को तीन कमरे का अबुआ आवास देने का काम किया। राज्य बने 24 वर्ष हो गए। इसमें सबसे ज्यादा 17 वर्ष भाजपा ने यहां सत्ता चलाया। उन्होंने ग्रामीणों से दोनों सरकार के काम की तुलना करने की अपील की और कहा कि 17 साल पर ढाई साल भारी पड़ेगा।

### पटना में पीएम ...

शाम सात बज कर 21 मिनट पर भट्टाचार्य रोड से शुरू होकर प्रधानमंत्री का रोड शो करीब दो किलोमीटर की दूरी तय कर कदमकुंआ, ठाकुरबाड़ी होते हुए उद्योग भवन तक गया।

**मुस्लिम महिलाओं में भी मोदी का क्रेज :** मोदी के रोड शो को लेकर हर धर्म जाति समुदाय के लोग के लोग रोड शो में शामिल हुए। मुस्लिम महिलाएं पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए घंटों खड़े होकर इंतजार करतीं रहीं। जब मोदी आए तो उनका स्वागत फूल मालाओं से किया। सड़क पर सैकड़ों बुकार्धारी मुस्लिम महिलाओं ने अपने प्रधानमंत्री के प्रथम पटना रोड शो में उनका स्वागत किया। मोदी का रोड शो सफलतापूर्वक खत्म हो गया। मोदी और नीतीश कुमार एक विशेष वाहन पर सवार हुए और पीछे उनका काफिला था। मोदी के खुले वाहन में उनके साथ नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी और पटना साहिब से भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद भी मौजूद थे। हर तरफ जनसैलाब नजर आ रहा था। कहीं नृत्य चल रहा था तो कहीं लोग 'मोदी-मोदी' के नारे लगा रहे थे।

### बंगाल को मोदी ...

इसी बीच पश्चिम बंगाल से पीएम मोदी का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मंच से उतरने के बाद भाजपा के कई कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं। 1.35 मिनट का यह वीडियो भावुक कर देने वाला है। रैली को संबोधित करने के बाद वह महिला और अन्य कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी दौरान एक महिला कार्यकर्ता पीएम मोदी के पैर छूकर आशीर्वाद लेने की कोशिश करती हैं, लेकिन, पीएम मोदी उन्हें ऐसा करने से रोकते हैं और खुद झुककर उन्हें प्रणाम करते हैं। महिलाएं पीएम मोदी को देखकर भावुक हो जाती हैं और उनके सामने झुककर प्रणाम करती हैं। कार्यकर्ता पीएम मोदी से मिलने के बाद इस कदर इमोशनल हो जाते हैं कि उनकी आंखों से आंसू छलक पड़ते हैं। इससे पहले हुगली रैली में पीएम मोदी को मदर्स डे पर शख्स ने उनकी मां हीराबेन की पेंटिंग दी। पीएम मोदी मंच से कहते हैं कि आप इतने प्यार से पेंटिंग लेकर आये हैं और वो भी मेरी मां का चित्र बनाकर लाये हैं। हम भारत के लोग तो 365 दिन मां की भी पूजा करते हैं, दुर्गा मां और काली मां की भी पूजा करते हैं और भारत माता की भी पूजा करते हैं। पीएम ने कहा कि बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा जैसे इलाकों में कांग्रेस ने विकास कार्यों को बढ़ावा नहीं दिया।

### इडी ने आलम...

संजीव कुमार लाल के दीनदयाल नगर स्थित सरकारी आवास, कांके रोड स्थित सीता निकेतन स्थित फ्लैट, हरमू रोड स्थित आवास, संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के फ्लैट मुन्ना कुमार सिंह के पीपी कंपाउंड स्थित फ्लैट,विकास कुमार, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के सेल सिटी स्थित फ्लैट और कुलदीप मिंज, पथ निर्माण विभाग के सहायक इंजीनियर के बोड़ैया स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

स्पीड न्यूज

# चौथे चरण के लिए मतदान आज, सभी तैयारियां पूरी

## इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर 1717 उम्मीदवार मैदान में

- आंध्र प्रदेश विधानसभा की 175, ओडिशा की 28 सीटों पर भी होगा मतदान
- तेलंगाना की सभी 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8, मध्य प्रदेश की 8, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 सीटों और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर होगी वोटिंग

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना एवं जम्मू-कश्मीर समेत 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इसमें आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें शामिल हैं। इसी चरण में आंध्र प्रदेश विधानसभा की सभी 175 सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे।

वहीं चार चरणों में घोषित 147 सदस्यों वाली ओडिशा विधानसभा की 28 सीटों पर भी मतदान होगा। आयोग के मुताबिक सोमवार को चौथे चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस चरण में 10 राज्यों की 96 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में 17.7 करोड़ मतदाताओं के लिए कुल 1.92 लाख मतदान केंद्र बनाए हैं। इस चरण में आंध्र प्रदेश की सभी 25, तेलंगाना की सभी 17 सीटों, उत्तर प्रदेश की 13, महाराष्ट्र की 11, पश्चिम बंगाल की 8, मध्य प्रदेश की 8, बिहार की 5, झारखंड और ओडिशा की 4-4 सीटों और जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों से 1717 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सभी सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 18 है। इस चरण में 1.92 लाख मतदान केंद्रों पर 19 लाख से अधिक चुनाव कर्मी तैनात किए गए हैं। इस चरण में 17.70 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 8.73 करोड़ महिला और 8.97 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 85 से अधिक आयुक के 12.49 लाख से अधिक पंजीकृत और 19.99 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है। चरण 4 के लिए 364 पर्यवेक्षक (126 सामान्य पर्यवेक्षक, 70 पुलिस पर्यवेक्षक, 168 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिए कुल 4661 उड़न दस्ते, 4438 स्थैतिक निगरानी दल, 1710 वीडियो निगरानी दल और 934 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। कुल 1016 अंतरराज्यीय और 121 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकदी और मुफ्त वस्तुओं के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। समुद्री और हवाई मार्गों पर कड़ी निगरानी रखी गई है।

### इन दिग्गज नेताओं के किस्मत का होगा फैसला

भाजपा ने हैदराबाद में मौजूदा सांसद असदुद्दीन ओवैसी के खिलाफ शास्त्रीय नृत्यांगना माधवी लता को उम्मीदवार बनाया है। सिकंदराबाद में भाजपा के मौजूदा सांसद जी किशन रेड्डी तीसरी बार जीत के लिए उतरेंगे। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद बंडी संजय कुमार करीमनगर लोकसभा सीट पर बीआरएस के बी विनोद कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश के कन्नौज से सपा प्रमुख अखिलेश यादव अपने परिवार के गढ़ में जीत के लिए मैदान में हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सुब्रत पाठक से है। लखीमपुर खीरी से केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी मैदान में हैं। तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की अमृता रॉय के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। बहरामपुर में कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी का मुकाबला पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान से है। आसनसोल में भाजपा नेता एसएस अहलूवालिया और तृणमूल के शत्रुघ्न सिन्हा के बीच कड़ा मुकाबला है। बिहार की बेगुसराय लोकसभा सीट से भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा खूंटी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी से क्रमशः आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी और वहीद पारा उम्मीदवार हैं और अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर मैदान में हैं।

### इन सीटों पर डाले जायेंगे वोट

आंध्र प्रदेश की अराकू (एसटी), श्रीकाकुलम, विजयनगरम, विशाखापत्तनम, अनाकापल्ली, काकीनाडा, अमलापुरम (एससी), राजमुंदरी, नरसापुरम, एलुरु, मछलीपट्टनम, विजयवाड़ा, गुंटूर, नरसरावपेट, बापटला (एससी), ओंगोल, नंद्याल, कुरनूल, नेल्लोर, तिरुपति (एससी), राजमपेट, चित्तूर (एससी), हिंदूपुर, अनंतपुर और कडपा। बिहार की दरभंगा, उजियारपुर, समस्तीपुर, बेगुसराय, मुंगेर। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर। मध्य प्रदेश की देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा। महाराष्ट्र की नंदुरभार, जलगांव, रावेर, जालना, औरंगाबाद, मावल, पुणे, शिरूर, अहमदनगर, शिरडी और बीड। ओडिशा की कालाहांडी, नबरंगपुर (एसटी), बेरहामपुर और कोरापुट (एसटी)। तेलंगाना की आदिलाबाद (एसटी), पेद्दापल्ली (एससी), करीमनगर, निजामाबाद, जहीराबाद, मेडक, मल्काजगिरी, सिकंदराबाद, हैदराबाद, चेवेल्ला, महबूबनगर, नलगोंडा, नागरकुर्नूल (एससी), भोंगिर, वारंगल (एससी), महबूबाबाद (एसटी) और खम्मम। उत्तर प्रदेश की शाहजहांपुर, खीरी, धारुहारा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फरुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराईच (एससी)। पश्चिम बंगाल की बहरामपुर, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्धमान पुरबा, बर्धमान-दुगार्पुर, आसनसोल, बोलपुर और बीरभूम। झारखंड की सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू।

## विक्की कौशल ने पूरी की 'छावा' की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने अपनी आने वाली फिल्म छावा की शूटिंग पूरी कर ली है। विक्की कौशल इन दिनों फिल्म छावा'को लेकर चर्चा में हैं। छावा का रैपअप हो गया है, जिसकी जानकारी विक्की कौशल ने सोशल मीडिया पर दी है। विक्की ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें झमाझम बारिश होती दिखाई दे रही है। बारिश वाले क्लिप के साथ विक्की कौशल ने एक इमोशनल पोस्ट भी लिखा है। वीडियो के साथ कैप्शन में विक्की ने लिखा, छावा की शूटिंग अविश्वसनीय रुप से भावुक और ड्रामाटिक जर्नी बिना कुछ ड्रामा के खत्म नहीं हो सकती थी।

## चीन ने किया अंतरिक्ष में एक और उपग्रह प्रक्षेपित

जिउ क्वान। चीन ने रविवार को एक उपग्रह को अंतरिक्ष में स्थापित करने के लिए लॉन्ग मार्च-4सी रॉकेट को प्रक्षेपित किया। रॉकेट को उत्तर पश्चिम चीन में जिउ क्वान सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से बीजिंग समयानुसार सुबह 7:43 बजे लॉन्च किया गया और उपग्रह शियान -23 को पूर्व निर्धारित कक्षा में भेजा गया। उपग्रह का उपयोग मुख्य रूप से पर्यावरण निगरानी के लिए किया जाएगा। यह लॉन्ग मार्च श्रृंखला के रॉकेटों का 522वां उड़ान मिशन था।

## फिर टला सऊदी क्राउन प्रिंस का पाकिस्तान दौरा

इस्लामाबाद। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद की 19 मई को होने वाली बहुप्रतीक्षित पाकिस्तान की यात्रा एक बार फिर टल गई है। पाकिस्तान इस हाई-प्रोफाइल यात्रा की लंबे समय से तैयारी कर रहा था। सूत्रों के मुताबिक क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पाकिस्तान की मौजूदा राजनीतिक स्थिति से नाखुश हैं। सूत्रों ने बताया कि सऊदी क्राउन प्रिंस पाकिस्तान में जारी राजनीतिक घटनाक्रम से चिंतित भी हैं। पाकिस्तान के कुछ नेताओं ने देश के आंतरिक मामलों में सऊदी अरब को घसीटने का प्रयास किया है। इससे प्रिंस नाखुश हैं।

## रियासी में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने रविवार को जम्मू एवं कश्मीर के रियासी जिले में हथियारों और गोला-बारूद के साथ आईईडी बरामद किया। अधिकारियों ने बताया कि यह बरामदगी रविवार सुबह नौ बजे कोट बुधान वन क्षेत्र से की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में नौ इलेक्ट्रिक डेटोनेटर के साथ एक आईईडी, तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन, एक किलो विस्फोटक पाउडर, आठ 8.9 वोल्ट डीसी बैटरी, तीन लिथियम आयन 12 वोल्ट बैटरी, तीन इलेक्ट्रिक वायर बंडल, सात विस्फोटक सुरक्षा फ्यूज आदि शामिल हैं।

## तेजस्वी सूर्या ने किया दिल्ली में रोड-शो



**नयी दिल्ली ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने रविवार को चांदनी चौक से भाजपा प्रत्याशी प्रवीन खंडेलवाल के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। श्री सूर्या ने कहा कि देश का युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की राजनीति को समझता है और यह जान गया है कि देश की एकता और उन्नति श्री मोदी के नेतृत्व में ही सम्भव है।

# राहुल-अखिलेश सत्ता में आये तो राम मंदिर में लगवा देंगे ताला

### गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है चुनाव : शाह

एजेंसी

**गोंडा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गोंडा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और अखिलेश दो शहजादे घूम रहे हैं। अगर यह सत्ता में आए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगवा देंगे। शाह ने भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के समर्थन में गोंडा के शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज के प्रांगण से एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। उसके साथ ही भारत को तीसरे नंबर का अर्थ तंत्र बनाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 70 सालों तक राम मंदिर के मामले को लटकाए रखा। मोदी ने 5 सालों में राम मंदिर का केस जीता और राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। उन्होंने जय श्री राम का नारा दिया। राहुल गांधी और अखिलेश पर हमला बोलते हुए कहा कि इन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकरा दिया। क्योंकि इन्हें वोट बैंक का डर था। कहीं इनका वोट बैंक नाराज ना हो जाए। गृहमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से सवाल किया कि राम मंदिर बनना चाहिए कि नहीं। कश्मीर से धारा 370 हटना चाहिए कि नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती है कि धारा 370 को फिर से वापस लाएंगे। हम कहते हैं कि अब दुनिया की कोई भी ताकत धारा 370 को वापस नहीं ला सकती है। कांग्रेस की सरकार में पाकिस्तान से आलिया, मालिया, जमाली आते थे। बम धमाके करके चले जाते थे। वोट बैंक के लालच में दोनों शहजादे चुप रहते थे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनी पाकिस्तान ने उरी और पुलवामा में हमला किया। वह भूल गए थे कि देश में अब मनमोहन की सरकार नहीं है। बल्कि मोदी की सरकार है। मोदी सरकार ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादियों को उनके घर में सफाई करने का काम किया। पहले सपा के गुंडे लोगों की जमीन कब्जा करते थे। उन्हें परेशान करते थे। योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने गुंडों को उल्टा टांग कर सीधा करने का काम किया।



### पीओके भारत का है हम उसे लेकर रहेंगे

शाह ने कहा कि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का है, उसे हम लेकर रहेंगे। मणिशंकर अय्यर और फारूक अब्दुल्ला कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो क्योंकि इनके पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। राहुल गांधी, आपको एटम बम से डरना है तो डरिए, हम नहीं डरते।

## काशी में आज रोड शो करेंगे प्रधानमंत्री

**वाराणसी।** देवाधिदेव के त्रिशूल पर टिकी काशी में सोमवार की शाम देश दुनिया के लिये आकर्षण का केंद्र बनेगी जब यहां दो बार के सांसद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर जनता जनार्दन का आशीर्वाद मांगने सड़क पर निकलेंगे। 14 मई को नामांकन करने से एक दिन पहले श्री मोदी भगवान शिव के प्रिय वाद्य यंत्र शंख,डमरुओं की निनाद और मंत्रोच्चार के बीच काशी की सड़कों पर रोड शो निकालेंगे। इसमें लघु भारत और यूपी की संस्कृतियों की झलक देखने को मिलेगी। काशी हिन्दू विश्विद्यालय के सिंह द्वार से पंडित मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद रोड शो शुरू होगा, जो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर पर समाप्त होगा। मोदी बाबा विश्वनाथ से आशीर्वाद भी लेने जायेंगे। रोड शो के मार्ग पर काशी की विभूतियों के कटआउट भी लगाए जाएंगे। रोड शो में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियां भी पैदल यात्रा करेंगी।

# महिलाओं को आठ हजार रुपये हर माह मिलेगा : प्रियंका गांधी



**रायबरेली ।** उत्तर प्रदेश के रायबरेली की संसदीय सीट पर अपने भाई राहुल गांधी के पक्ष में चुनाव करने पहुंची कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने बताया कि राहुल ने अपनी न्याय यात्रा के दौरान जनता की समस्याओं को नजदीक से जानने के बाद कांग्रेस पार्टी की ओर से यह घोषणा पत्र तैयार किया गया है जिसमें महिलाओं को करीब 08 हजार रुपये महीने की धनराशि और बेरोजगारो और महिलाओं को नौकरियां दी जाएगी। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार राहुल गांधी के पक्ष में प्रचार करने अचलेश्वर हरचंदपुर इलाके की न्याय संकल्प सभा में मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए प्रियंका ने कहा कि मोदी अपने अरबपति मित्रों का कर्जा माफ करते है खुद 16 हजार करोड़ के विमानों पर घूमते लेकिन आम जनता गरीबी में रह रही है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यहां के भाजपा नेता और प्रत्याशी कोई विकास की बात नहीं करेंगे लोगो की जमीन हड़पेंगे और धर्म की बात करेंगे जबकि सच्चा नेता सही बात और काम के आधार पर वोट मांगेगा। भाजपा के लोग केवल डराने और झूठ बोल लोगो को गुमराह करेंगे कि कांग्रेस लोगो के मंगलसूत्र भैंस हड़प कर अल्पसंख्यको को दे देगी जबकि 55 वर्षों तक शासन करने के बावजूद कांग्रेस के कभी ऐसा नही होने दिया, उल्टे इंदिरा गांधी ने तो अपने गहने स्वयं ही देश के लिए दान कर दिए थे। उनके परिवार के लोगो ने , उनके पिता और दादी ने देश के लिए शहादत दी है।

# केजरीवाल ने दी 10 गारंटी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव जीतने पर 10 गारंटी पूरा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही। साथ ही जीएसटी और अग्निवीर से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। केजरीवाल ने कहा कि पूरे देश में 24 घंटे सातों दिन बिजली जिसमें गरीबों को मुफ़्त बिजली दी जाएगी। देश के हर गांव-मोहल्ले में विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल बनाकर सभी बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। देश के हर ज़िले में विश्वस्तरीय अस्पताल और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बना कर मुफ़्त इलाज दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि चीन द्वारा कब्जा की भारत की जमीन छुड़वाने के लिए सेना को पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। अग्निवीर योजना बंद करके सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा। सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर किसानों को फसलों का पूरा दाम दिया जाएगा।



## संविधान बदलने वालों को जनता बदलने को तैयारः अखिलेश यादव

बाराबंकी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान को बदलने का इरादा रखने वाली भाजपा की सरकार को जनता बदलने के लिये बेकरार है। कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में आयोजित जनसभा में यादव ने कहा कि आपके भविष्य का चुनाव है। एक तरफ वह लोग है जो संविधान को बदलना चाहते हैं और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है जो संविधान को बचाना चाहती है। बाराबंकी में जनसैलाब यह बता रही है कि जो संविधान बदलने निकले है, देश की जनता उन्हें ही बदलने जा रही है।

# जजिया कर लागू करना चाहती है कांग्रेस :योगी

एजेंसी

**अमेठी/बहराइच।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने अमेठी में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आकर देश में जजिया लगाना चाहती है। योगी ने रविवार को यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस हिंदुस्तान में मुगल काल का जजिया कर लागू करना चाहती है। उन्होंने सवाल किया क्या आप लोग ऐसा कर लागू होने देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जब आतंकवादी अंदर घुस आता था तो कहा जाता था सीमा पार से आया है। अब सीमा पार होने के पहले आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचा दिया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार अमेठी वासियों द्वारा जो निर्णय लिया गया था, उसने यह साबित किया कि अमेठी वासी भारत के विकास के साक्षी बनेंगे। मैं बधाई दूंगा स्मृति ईरानी जी को उन्होंने 5 वर्षों में जितना दौरा अमेठी लोकसभा क्षेत्र का किया ,कांग्रेस उतना दौरा संयुक्त रूप से भी नहीं कर पाई थी। योगी ने स्मृति ईरानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक नेता कैसे होना चाहिए कि मंत्रालय के कार्यक्रमों से पूरा देश का भ्रमण करने के बाद भी अपने क्षेत्र से लगातार संपर्क में रहे। मैं देखता था स्मृति जी को हर सप्ताह उनका दौरा अमेठी के किसी न किसी विधानसभा क्षेत्र में किसी न किसी क्षेत्र में किसी न किसी गांव में यहां की जनता के साथ लगता था। उन्होने कहा कि जब अच्छे जनप्रतिनिधि चुनते हैं, तब परिणाम भी अच्छा ही आते हैं। एक बार फिर से अच्छा परिणाम चुने,यही अपील करने के लिए मैं आपके बीच आया हूं।

### यूपी के सीएम बोले-अब सीमा पार होने के पहले आतंकवादियों को जहन्नुम पहुंचा दिया जाता है



**गौमांस खाने वालों को जिताया तो होगा पापः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में कहा कि गौ मांस खाने वालों को जिताया तो पाप होगा। ऐसा पाप नहीं करना है। कैसरगंज लोकसभा के पयागपुर में भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के समर्थन में जनसभा करने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आपके वोट से राम मंदिर बना है। इसके बनने से दो तरह के लोगों को तकलीफ है,एक वो जो राम द्रोही हैं और दूसरा जो पाकिस्तानी है।

# श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच बदरीनाथ के कपाट खुले

### चारधाम यात्रा शुरू

- पंद्रह क्विंटल फूलों से सजाया गया मंदिर
- मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं

एजेंसी



**बदरीनाथ।** ग्रीष्मकलीन दर्शन के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। पहले दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की तरफ से बदरीनाथ मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। मंदिर को 15 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई है। बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत-नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सेना गढ़वाल स्काउट जोशीमठ के बैंड की भक्तिमय स्वर लहरियों सुर लहरियां तथा जय बदरीविशाल के उद्घोष से बदरीश पुरी गुंजायमान रही। धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए। मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके मंगल की कामना की। इसके साथ बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बदरीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया। कपाट खुलने के दौरान वेदवेदांग संस्कृत महाविद्यालय जोशीमठ के छात्रों व शिक्षकों ने श्री बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार पर स्वास्तिवाचन किया गया।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !